इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2013/52154

# दैनिक विनय उजाला

भोपाल

बुधवार, 09 अप्रैल 2025

चैत्र शुक्ल पक्ष – 12

वर्ष : 12 | अंक : 271

कुल पृष्ठ : 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!




विराट कोहली टी20 में 13,000 रन... 11

देशभर में वक्फ संशोधन अधिनियम लागू ● केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

## वक्फ कानून के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने की हिंसा, पथराव किया

नई दिल्ली, कोलकाता (एजेंसी)

वक्फ संशोधन कानून मंगलवार से देशभर में लागू कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को लोकसभा से, 3 अप्रैल को राज्यसभा से पास हुआ था। 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बना था। इससे पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में मंगलवार शाम को वक्फ कानून के विरोध के दौरान हिंसा भड़क गई है। कई वाहनों को प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी है। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों से झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हैं।

वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद में मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। भीड़ हिंसक हो गई। लोगों ने पुलिस के वाहन और अन्य वाहनों में आग लगी दी। इसके बाद भारी पुलिसबल मौके पर तैनात किया गया है। वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।



### याचिकाओं पर सुनवाई से पहले केंद्र सरकार ने दाखिल की कैविएट

वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल को सुनवाई कर सकता है। वहीं केंद्र सरकार ने वक्फ अधिनियम, 2025 को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल की है। सरकार की ओर से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश पारित करने से पहले सुनवाई की मांग रखी गई है। वक्फ विधेयक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कुल 10 से अधिक याचिकाएं दायर की गई है।

**जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा विधायकों में हाथापाई :** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन नए वक्फ कानून पर हंगामा हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों ने सदन में बिल पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा विधायकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। इससे पहले सोमवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक ने सदन में वक्फ कानून की कॉपी फाड़ दी। एक विधायक ने अपनी जैकेट फाड़कर सदन में लहराई।

## संक्षिप्त समाचार

### कुछ कट्टरपंथी नेता और संगठन देश के मुसलमानों को भड़का रहे : विहिप

**जयपुर, (हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद के अखिल भारतीय प्रचार प्रसार प्रमुख विजय शंकर तिवारी ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि वक्फ बोर्ड अधिनियम के पारित होने के बाद से ही कुछ मुस्लिम कट्टरपंथी नेता एवं संगठन देश के मुसलमानों को भडक़ाने, बरगलाने तथा हिंसा के लिए उकसाने में सतत् रूप से सक्रिय हैं। झूठ फैलाकर दुष्प्रचार करने वाली इस गैंग में अब कुछ कथित मुस्लिम बुद्धिजीवी भी कूद पड़े हैं, जिन्होंने हाल ही एक पत्र देश के मुस्लिम सांसदों को लिखा है। उन्होंने कहा कि यह पत्र मिथ्या प्रचार कर मुस्लिम समाज को हिंसा और देश विरोध के लिए प्रेरित करने के साथ संसदीय व्यवस्था तथा संविधान का सीधा सीधा उल्लंघन है।

### तेज गर्मी के कारण बेहोश हुए चिदंबरम, अस्पताल में भर्ती

**अहमदाबाद, (हि.स.)।** गुजरात से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम बुधवार को अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम में गर्मी के कारण अचानक तबियत बिगड़ने पर बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, चिदंबरम आश्रम में एक कार्यक्रम में भाग ले रहे थे, जब गर्मी के कारण उनकी तबियत बिगड़ी और वह बेहोश हो गए। उनके साथ मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। हालांकि अब कांग्रेस नेता चिदंबरम की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, उन्हें शारीरिक कमजोरी और गर्मी के कारण चक्कर आ गए थे, लेकिन अब वह पूरी तरह से होश में हैं और खतरे से बाहर हैं।

### अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर जयपुर में होगा भव्य नाटक मंचन

**जयपुर, (हि.स.)।** पुण्यश्लोका रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को बिड़ला सभागार में भव्य नाटक का मंचन किया जाएगा। यह आयोजन विश्वमांगल्य सभा एवं राजस्थान सरकार के सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भैयाजी जोशी, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी, विश्वमांगल्य सभा के केंद्रीय परामर्शदाता प्रशांत हरतालकर, सामाजिक कार्यकर्ता नीता बूचरा तथा विश्वमांगल्य सभा की राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री पूजा देशमुख मौजूद रहेंगी।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

## मध्यप्रदेश में स्वावलंबी गौ-शालाओं की स्थापना नीति-2025 स्वीकृत

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मध्यप्रदेश में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। सरकार इनके लिए 1 रुपए भू-भाटक पर 25 एकड़ जमीन उपलब्ध कराएगी। फिलहाल निजी मेडिकल कॉलेज के लिए निवेशक को खुद जमीन अरेंज करनी पड़ती है। इसके लिए टेंडर डॉक्यूमेंट नियम में संशोधन किया गया था।**

ये निर्णय मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इसके जरिए कैबिनेट ने जिला अस्पतालों को प्राइवेट डेवलपर को देने का फैसला भी पलट दिया है। प्रदेश में 25 गाय या भैंस रखने वालों को अनुदान दिया जाएगा। एक व्यक्ति 200 गाय या भैंसें पालकर दूध का उत्पादन कर सकेगा। इसके अलावा पशु आहार अनुदान 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए किया गया है। मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना का नाम अब डॉ. भीमराव अंबेडकर दुग्ध उत्पादन योजना होगा। योजना 14 अप्रैल को लॉन्च की जाएगी।



### कमेटी में जिला अस्पताल के भी प्रतिनिधि

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा- जिला अस्पतालों को प्राइवेट डेवलपर को ट्रांसफर करने का पुरानी सरकार का फैसला पलटा है। पहले इसमें डेवलपर को अस्पताल सौंपने का प्रावधान किया गया था। अब जिला अस्पतालों पर सरकार का ही नियंत्रण रहेगा। शुक्ल ने बताया कि अब निजी मेडिकल कॉलेजों को डेवलपर से संबद्ध किया जाएगा। इसके लिए एक कमेटी बनेगी, जिसमें जिला अस्पताल के प्रतिनिधि भी होंगे। इन अस्पतालों में 75 प्रतिशत तक निःशुल्क इलाज की सुविधा आयुष्मान कार्डधारकों को मिलेगी।

### पशु आहार अनुदान बढ़ाकर 40 रुपए किया

डिप्टी सीएम शुक्ल ने बताया- बैठक में पशुपालन विभाग के माध्यम से गौशालाओं के निर्माण के साथ आहार अनुदान 40 रुपए करने का फैसला किया गया है। पहले यह 20 रुपए था। गौवंश विहार के लिए पीपीपी मोड पर निवेशकों को आमंत्रित करने नई पॉलिसी को मंजूरी दी गई है। वहीं, पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने कहा कि पांच हजार गौवंश रखने के लिए पीपीपी मॉडल तैयार कर रहे हैं, जिसके लिए बिडिंग होगी। इसमें निवेशक सीएनजी, सोलर और अन्य उत्पादन भी कर सकेंगे।

### मंत्रिमंडल की बैठक में इन फैसलों को भी मंजूरी

- पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी परियोजना से 60 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होगी। इसके लिए 2932 करोड़ रुपए मंजूर किए गए।
- मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ में सूक्ष्म सिंचाई योजना को मंजूरी।
- लोक वित्त से वित्त पोषित कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजनाओं के परीक्षण को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।
- शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए एजुसेट इंडिया लिमिटेड के साथ एमओयू करने का फैसला लिया गया है।
- बिजली कंपनियों में कैश फ्लो बना रहे, इसके लिए सरकार गारंटी देती है। वर्ष 2024-25 से 2028-29 हर साल 12466 करोड़ रुपए की गारंटी मंजूर की गई है। सरकार 0.5 प्रतिशत ब्याज पर गारंटी देगी।

सुप्रीम कोर्ट की तमिलनाडु गवर्नर को फटकार

## राज्यपाल का विधेयकों को रोकना या मंजूरी न देना अवैध और मनमाना

नई दिल्ली (एजेंसी)

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल को फटकार लगाई है और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी नहीं देने को संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन बताया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास कोई विवेकाधिकार नहीं है और उन्हें मंत्रिपरिषद की सलाह और सहायता से ही काम करना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल द्वारा 10 विधेयकों को रोकना अवैध और मनमाना कदम है। राज्यपाल को अवरोधक नहीं बनना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट पीठ ने तमिलनाडु की सरकार को बड़ी राहत देते हुए कहा कि राज्यपाल किसी विधेयक को रोक नहीं सकते और न ही किसी विधेयक पर वीटो या पॉकेट वीटो कर सकते है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल या तो विधेयक को मंजूरी दे सकते हैं या फिर उस विधेयक को राष्ट्रपति के पास विचार करने के लिए भेज सकते हैं। राज्यपाल दूसरी बार राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजने की बात कहकर विधेयक को नहीं रोक सकते। राज्यपाल को दूसरी बार में विधेयक को मंजूरी देनी ही होती है, लेकिन बस दूसरा विधेयक पहली बार के मुकाबले अलग होना चाहिए।



### राज्यपाल की शक्तियां संसदीय लोकतंत्र के अनुसार होनी चाहिए

तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर राज्यपाल आरएन रवि पर 10 विधेयकों को रोककर रखने का आरोप लगाया था। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 10 फरवरी को ही अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को फैसला देते हुए न्यायालय ने ये भी कहा कि राज्यपाल ने जिन 10 विधेयकों को रोककर रखा है, उन्हें उसी दिन से मंजूर माना जाएगा, जिस दिन विधानसभा इन विधेयकों के दूसरे राउंड को पारित करके राज्यपाल के पास भेजेंगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह राज्यपाल की शक्तियों को कमजोर नहीं कर रहे, लेकिन राज्यपाल की सारी कार्रवाई संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों के अनुसार होनी चाहिए।

## दुबई के क्राउन प्रिंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

### भविष्य में और मजबूत होगी दोस्ती

नई दिल्ली, (हि.स.)।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा है कि दुबई के शहजादे शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की भारत की खास यात्रा ने मजबूत द्विपक्षीय सहयोग का मार्ग प्रशस्त किया है।**

मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के क्राउन प्रिंस से मुलाकात के बाद यह बात कही है। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी क्राउन प्रिंस के साथ बैठक के बाद कहा कि भारत सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं सहित रक्षा क्षेत्र में खाड़ी देश के साथ मिलकर काम करने का इच्छुक है। गौरतलब है कि अल मकतूम मंगलवार को दो-दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे थे। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पीएम मोदी ने कहा, दुबई के शहजादे शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मिलकर खुशी हुई। दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे कहा, यह खास यात्रा हमारी गहरी मित्रता की पुष्टि करती है तथा भविष्य में और भी मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है।

## वक्फ अधिनियम से गरीब-पसमांदा मुसलमान, महिला-बच्चे, सबके हक महफ़ूज़ रहेंगे : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, (हि.स.)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वक्फ अधिनियम का जिक्र करते हुए तुष्टिकरण की राजनीति पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण से गरीब पसमांदा मुसलमान को उपेक्षा, अशिक्षा, बेरोजगारी मिली और मुस्लिम महिलाओं को शाहबानो जैसा अन्याय मिला। अधिनियम बनने अब वक्फ की पवित्र भावना की भी रक्षा होगी और गरीब-पसमांदा मुसलमान, महिला-बच्चे, सबके हक भी महफ़ूज़ रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे पार्टी को को सत्ता मिली, कुछ कट्टरपंथी नेताओं को दौलत मिली, लेकिन आम मुसलमान को कुछ नहीं मिला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक टीवी चैनल के 'राइजिंग भारत' सम्मेलन में कहा कि भारत को धीमा और स्थिर मानने वाले अब तेज और निडर भारत को देख रहे हैं। भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने देरी को विकास का दुश्मन करार देते हुए कहा कि इससे देश नहीं चल सकता। उनकी सरकार इस चुनौती से देश को बाहर निकालने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

इस संदर्भ में उन्होंने रामेश्वरम के पंबन ब्रिज का उदाहरण दिया, जिसका रविवार को प्रधानमंत्री ने लोकार्पण किया था। उन्होंने कहा कि करीब सवा सौ साल पहले अंग्रेजों ने वहां एक पुल बनवाया था। लोग इसके विकल्प की मांग करते रहे लेकिन पहले की सरकारों की नींद नहीं टूटी। उनकी सरकार आने पर काम शुरू हुआ और अब देश को अपना पहला वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज मिला है।

अपनी सरकार की कार्यगति का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 के 100 दिनों में उनकी सरकार ने युवा आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इसमें हमने उनके भविष्य की मजबूत नींव रखी है। इसमें वक्फ संशोधन कानून भी शामिल है।

भारत को दोहरा झटका देगा चीन

## ब्रह्मपुत्र के रास्ते आने वाले खतरों पर चेताया

नई दिल्ली

चीन द्वारा तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो नदी (जो भारत में ब्रह्मपुत्र कहलाती है) पर बनाए जा रहे प्रस्तावित ग्रेट बेंड डैम को लेकर अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने गंभीर चिंता जताई है। गुवाहाटी में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार ऑन वॉटर सिक्योरिटी, इकोलॉजिकल इंटीग्रिटी एंड डिजास्टर रेजिलिएंस में भाग लेते हुए विशेषज्ञों ने इस बांध को भारत और दक्षिण एशिया के लिए एक जल संकट का कारण बताया। तिब्बत मामलों के जानकार और लेखक क्लॉड आर्पी ने कहा कि चीन इस डैम को सिर्फ पावर जेनरेशन के लिए नहीं बना रहा, बल्कि वह यारलुंग त्सांगपो के पानी को येलो रीवर की ओर मोड़ने की योजना भी बना रहा है। यह डैम तिब्बत के मेडोंग काउंटी में बनाया जा रहा है और इसका लक्ष्य 60,000 मेगावाट बिजली उत्पादन है।

भाजपा सांसद ने इसे जल बम बताते हुए चेतावनी दी कि ये डैम भविष्य में भारत समेत अन्य निचले क्षेत्रों के देशों के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने याद दिलाया कि जून 2000 में यारलुंग त्सांगपो में अचानक पानी छोड़ने से अरुणाचल की सियांग नदी में भीषण बाढ़ आई थी, जिसमें 10 से ज्यादा पुल बह गए थे। भारत को भी एक डैम बनाना चाहिए ताकि चीन के डैम से आने वाले संभावित जल प्रवाह को नियंत्रित किया जा सके।

कांग्रेस के अधिवेशन में राहुल गांधी बोले-

## हम दलित, मुस्लिम-ब्राह्मण में उलझे रहे, ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया

अहमदाबाद (एजेंसी)

**गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन मंगलवार से शुरू हो गया। दो दिवसीय अधिवेशन के पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। सीडब्ल्यूसी की इस बैठक में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी की रणनीति और सामाजिक समीकरणों को लेकर अपनी बात रखी।**

सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी ने कहा कि, हम दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण में उलझे रहे और इस बीच ओबीसी हमारे साथ से दूर हो गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब अल्पसंख्यकों, खासकर मुस्लिम समुदाय की बात करती है, तो उसकी आलोचना होती है, लेकिन इससे डरने की ज़रूरत नहीं है। पार्टी को ऐसे मुद्दे उठाने चाहिए और बिना झिझक अपनी बात रखनी चाहिए।



वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत है। यह हास्यास्पद है कि आज वह संगठन, जिसका स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान नहीं है, उनकी विरासत का दावा कर रहा है। खड़गे ने आरोप लगाया कि आज भाजपा और संघ परिवार के लोग गांधी से जुड़ी संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं और उन्हें उनके वैचारिक विरोधियों को सौंप रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में सर्व सेवा संघ पर भी कब्जा कर लिया है। आप सभी जानते हैं कि गुजरात विद्यापीठ में क्या हुआ। खड़गे ने आरोप लगाया कि गांधीवादी और सहकारी आंदोलन के लोगों को हाशिए पर रखा जा रहा है। ऐसी सोच रखने वाले लोग गांधीजी का चश्मा चुरा सकते हैं और छड़ी मार सकते हैं।

### भाजपा जानबूझकर नेहरू-पटेल को एक-दूसरे का विरोधी बताती है

खड़गे ने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सुनियोजित साजिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है, जिसका पिछले 140 वर्षों से देश की सेवा और लड़ाई का गौरवशाली इतिहास है। उन्होंने भाजपा-आरएसएस पर हमला करते हुए कहा कि उनके पास स्वतंत्रता संग्राम में अपने योगदान के रूप में दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने यह दिखाने की साजिश की कि सरदार पटेल और पंडित नेहरू के बीच ऐसा रिश्ता था कि दोनों नायक एक-दूसरे के खिलाफ थे। सच्चाई यह है कि वे एक ही सिक्के के दो पहलू थे।

### देश के नायकों के खिलाफ रची जा रही साजिश

मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से देश के कई नायकों के खिलाफ सुनियोजित साजिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है और ये माहौल वो लोग बना रहे हैं जिनके पास अपनी उपलब्धियों के तौर पर दिखाने के लिए कुछ नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पद्मश्री राई लोक नृतक श्री राम सहाय पांडे के निधन पर शोक व्यक्त किया

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर जिला निवासी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोकनृत्य कलाकार पद्मश्री रामसहाय पांडे के निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्री राम सहाय पांडे ने विपरीत परिस्थितियों में कला क्षेत्र को अपनाया और धारा के विपरीत बहते हुए इस क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां अर्जित कीं। भारत के साथ अन्य देशों में भी उन्होंने बुंदेलखंड के राई लोक नृत्य को पहचान दिलवाई। उनके योगदान को रेखांकित करते हुए भारत सरकार द्वारा श्री पांडे को पद्मश्री से अलंकृत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुंदेलखंड के गौरव, लोकनृत्य राई को वैश्विक पहचान दिलाने वाले लोक कलाकार पद्मश्री श्री पांडे का निधन मध्यप्रदेश और कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। लोक कला एवं संस्कृति को समर्पित उनका सम्पूर्ण जीवन हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. पांडे को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहने करने की सामर्थ्य देने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ब्रह्मकुमारी रतनमोहिनी जी के देवलोक गमन पर शोक व्यक्त किया

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आध्यात्मिक संगठन ब्रह्मकुमारी की मुख्य प्रशासिका ब्रह्मकुमारी रतनमोहिनी जी के असामयिक निधन पर शोक संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मकुमारी दादी रतनमोहिनी का देवलोक गमन सम्पूर्ण आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। समाज के कल्याण एवं सशक्तिकरण की दिशा में दादी जी द्वारा किए गए कार्यों से सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त अनुयायियों व साथियों को इस गहन दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर श्री रविन्द्र सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी के वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर श्री रविन्द्र सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए बाबा महाकाल से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजन को असीम दु:ख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। उल्लेखनीय है कि श्री रविंद्र सिंह ने राजधानी के विभिन्न समाचार पत्र समूहों में अपनी सेवाएं दीं, वर्तमान में वे दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में कार्यरत थे।

### राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के चिंतन शिविर में दिए सुझाव



**भोपाल, निप्र।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंखयक कल्याण राज्यमंत्री( स्वतंत्र प्रभार)श्रीमती कृष्णा गौर ने प्रदेश के सभी जिलों में पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र शुरू करने की बात कही। इन परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राएं राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और मेडिकल एवं अभियांत्रिकी सहित अन्य पाठयक्रम में प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे । उन्होंने पिछड़ा वर्ग की छात्रवृत्ति की राशि में बढ़ोतरी करने को भी कहा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अपने सुझावों पर चिंतन शिविर में उपस्थित केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (एसजेएंडई) डॉ. वीरेंद्र कुमार और राज्य मंत्री श्री बी.एल. वर्मा का ध्यान आकृष्ट कराया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर 2025 को मंगलवार 8 अप्रैल को संबोधित कर रही थीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि चिंतन शिविर के आयोजन में देशभर के राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने सामाजिक न्याय, समावेशन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण से जुड़े विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया है। उन्होंने कहा कि चिंतन शिविर नीतिगत दिशा तय करने में मील का पत्थर सिद्ध होते हैं। शिविर का आयोजन सामाजिक न्याय विभाग के नीति निर्माण, कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य को ध्यान में रख आयोजित किया गया है।

# सहकारी समितियों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## सहकारिता क्षेत्र में पीपीपी मोड से व्यवसाय के नए अवसर खोजें

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सहकारी समितियों की साख और जन सामान्य में उनके प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए समितियों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है। अतः सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कार्यों का शत प्रतिशत कम्प्यूटराईजेशन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जून 2025 तक समितियों का ऑडिट पूर्ण कर कृषकों को लेन-देन की सूचना एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराने और इस वर्ष के अंत अर्थात दिसम्बर 2025 तक सभी समितियों के कार्यों का कम्प्यूटराईजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में हुई सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देशित कर रहे थे। बैठक में सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव सहकारिता श्री अशोक वर्णवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अल्पसेवित पंचायतों की पहचान कर नवीन सहकारी समितियों के गठन के लिए प्राथमिकता पर कार्यवाही की



जाए। वर्तमान परिदृश्य और आवश्यकताओं को देखते हुए अधिक से अधिक समितियों में पारंपरिक गतिविधियों के साथ-साथ कॉमन सर्विस सेंटर, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, जन औषधि केंद्र, जल कर वसूली केंद्र और एग्री ड्रोन संचालन जैसी गतिविधियां चलाई जाएं। इसके साथ ही को-ऑपरेटिव- पब्लिक- प्राइवेट- पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के माध्यम से सहकारी-सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी से सहकारी समितियों को व्यवसाय के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारिता में नवाचार करते हुए ड्रिप एरीगेशन, ग्रेडिंग-सार्टिंग और पैकेजिंग, जंगल सफारी, गेस्ट हाउस और खाद्य प्र-संस्करण जैसी गतिविधियां को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जनकारी दी गई कि वर्ष 2024-25 में 35 लाख 3 हजार कृषकों कों 21 हजार 232 करोड़ रुपए का फसल ऋण वितरित किया गया, जो गत वर्ष की तुलना में 1286 करोड़ रुपए अधिक है। प्रदेश के आठ आकांक्षी जिलों क्रमशः खण्डवा, बड़वानी, गुना, राजगढ़, विदिशा, दमोह, छतरपुर और सिंगरौली में आगामी पांच वर्ष 6710 करोड़ रुपए का ऋण वितरण का लक्ष्य है। प्रदेश के 13 आकांक्षी विकास खण्डों में विभिन्न गतिविधियों पर आधारित 26 सहकारी समितियां गठित की गई हैं। जिला बैंकों और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में आईबीपीएस मुम्बई के माध्यम से अधिकारियों और समिति प्रबंधकों की नियुक्ति प्रक्रिया के अंतर्गत 36 अधिकारियों और 1358 समिति प्रबंधकों की नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। जिला सहकारी बैंकों के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है।

## मध्यप्रदेश पुलिस के मैदानी आपदा प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय सेमीनार का उद्घाटन संपन्न



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी भोरीं भोपाल में प्रदेश से आए हुए मैदानी पुलिस अधिकारियों के दो दिवसीय आपदा प्रबंधन सत्र का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण श्री राजाबाबू सिंह के निर्देशन एवम मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

उद्घाटन सत्र हेतु पुलिस अकादमी में पधारे मुख्यातिथि श्री राजा बाबू सिंह को सशस्त्र गार्ड द्वारा सलामी दी गई एवम अधिकारियों के द्वारा अभिवादन किया गया। सत्र प्रारंभ पर सहायक निदेशक प्रशासन एवम बेसिक ट्रेनिंग श्री नीरज पांडे द्वारा मुख्य अतिथि का प्लांटर देकर स्वागत किया एवम स्वागत उद्बोधन दिया। सहायक निदेशक सेमीनार एवम AIG ट्रेनिंग श्रीमती श्रद्धा जोशी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए मुख्य अतिथि को अकादमी का स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस अवसर पर श्रीमती रश्मि पाण्डेय स्क्र पीटीएस एवम श्री राजीव त्रिपाठी उप पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित रहे। श्रीमती यास्मीन जैहरा सहायक निदेशक सम्पदा के द्वारा उद्घाटन सत्र में उपस्थित हुए मुख्य अतिथि के लिए आभार प्रदर्शन किया।

इस दो दिवसीय सेमीनार में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से उप पुलिस अधीक्षक--03 निरीक्षक-21 उप निरीक्षक-23 सहायक उप निरीक्षक-03 कुल 50 मैदानी पुलिस अधिकारी उपस्थित हुए।

सेमीनार को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सुश्री आरती कतीजा ऋद्ध, श्री मुन्नालाल, श्री विजय गौर सूबेदार ,श्री नोहर सिंह,श्री दिलीप शर्मा, सूबेदार यादव, राजीव पाराशर, मंजू राठौर एवम सेमीनार कार्य मे लगे अन्य पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## प्रधानमंत्री का श्री आनंदपुर धाम के आध्यामिक आयोजन में पधारना ऐतिहासिक अवसर : वीडी शर्मा

**भोपाल, (हि.स.)।** अशोकनगर जिले के ईसागढ़ स्थित श्री परमहंस अद्वैत मत श्री आनंदपुर धाम में 11 अप्रैल, शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियों का निरीक्षण बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मंगलवार को धाम के दर्शन उपरांत किया। इस दौरान श्री आनंदपुर धाम के ट्रस्टी सोनू महात्मा एवं सोमनाथ महात्मा से तैयारियों को लेकर आवश्यक चर्चा की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल शुक्रवार को अशोकनगर जिले के ईसागढ़ स्थित श्री परमहंस अद्वैत मत श्री आनंदपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में पधार रहे हैं। श्री आनंदपुर धाम का आयोजन धार्मिक एवं आध्यात्मिक है। हम सबका



सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश की धरती पर पुनः पधार रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लाखों संगत, क्षेत्र की जनता सहित प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ता बहुत उत्साहित हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के धर्म और आध्यात्म की परंपरा को पूरी दुनिया में स्थापित करने का कार्य कर रहे हैं। श्री आनंदपुर धाम की देश में लाखों संगत हैं जो भारत की सनातन संस्कृति व आध्यात्म के लिए समर्पित हैं। निष्काम सेवा भाव से भक्त के पथ को अग्रसर करना ही श्री आनंदपुर धाम का मूल कार्य है। वीडी शर्मा ने कहा कि देश में विदेशी आक्रांताओं के शासन के दौरान भारत की सनातन परंपरा, धर्म और आध्यात्म को बचाए रखने और उसके उत्थान में मंदिर, मठों और श्री आनंदपुर धाम जैसे आध्यात्मिक केंद्रों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है। ऐसे में श्री परमहंस अद्वैतमत श्री आनंदपुर धाम में प्रधानमंत्री मोदी का पधारना एक ऐतिहासिक अवसर है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्योपुर के आवादा थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना में तीन नागरिकों की मृत्यु पर दु:ख व्यक्त किया

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर जिले के आवादा थाना क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से हुई दो महिलाओं और एक बच्चे की आकस्मिक मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस मुश्किल समय में शोकाकुल परिजन के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घायलों के उचित इलाज के लिए जिला प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रूपए एवं सभी घायलों को 50-50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगतों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ लाभ के लिए प्रार्थना की है।

## इंदौर पुलिस की कार्य प्रणाली से पुलिस मुख्यालय नाराज



मनोहर राजपूत

**भोपाल। इंदौर में लगातार अपराधों को लेकर अंकुश नहीं लगने पर पुलिस डीजीपी इंदौर पुलिस से नाराज है। इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम अपनी अलग दुकान चला रही है। क्राइम ब्रांच कई अपराधीयों को तो पकड़ती है लेकिन कई लोगों को लेनदेन कर छोड़ देती है। लगातार इस तरह के मामले सोशल मीडिया में भी देखने को मिलते है।**

इंदौर में आजाद नगर थाना क्षेत्र में पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन के शोरूम में कुछ युवकों ने तोड़ फोड़ कर दी थी जिसमें आजाद नगर टीआई नीरज मेडा और एसीपी पटेल को हटाया गया था। उसके बाद जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में भी बीजेपी के पार्षद के बेटे के साथ मारपीट की गई थी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए थे तब आरोपियों पर कारवाई हुई थी। उसके बाद थाना तूकोगंज टीआई जितेंद्र यादव के साथ की वकीलों ने मारपीट की थी। इस मामले में आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस का खौफ गुंडों और बदमाशों में नहीं रहा क्योंकि इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह की कड़ी कार्यशैली है कि गुंडों को पनपने नहीं देगे पर नेता गिरी गुंडों पर हावी हो गई है। पुलिस के अफसर मैदान में नहीं निकलते है न रात को चेकिंग पॉइंट पर खड़े होते हे सिर्फ टीआई के बल पर पुलिस थाने चल रहे है।

लगातार पुलिस थानों के घेराव हो रहे हे गुंडों के जुल्मों को लेकर भोपाल पुलिस मुख्यालय शिकायत डीजी ओर इंटेलिजेंस में इंदौर के अपराधों को लेकर काफी चर्चा रहती है कि आखिर इंदौर में इतनी गुंडा गर्दी कभी नहीं बड़ी क्योंकि आईपीएस अफसरों को मैदानी और क्षेत्रों में बैठक लेना होती थी पहले तब अपराध पर लगाम लगता था। पुलिस अफसर सिर्फ बैठक पर डिपेंड है। एक दो दिन में इंदौर पुलिस के कई अफसरों के ट्रांसफर होने वाले है जो कई सालो से इंदौर उज्जैन देवास धार से नौकरी कर फिर अपना ट्रांसफर करा लेते है उनकी छटनी होने वाली है।

## कायस्थम ने सेवानिवृत आईएएस आलोक श्रीवास्तव को सम्मानित किया



**भोपाल (विनय उजाला)।** कायस्थम भोपाल मप्र ने सेवानिवृत आईएएस श्री आलोक श्रीवास्तव को आज भारत भवन में स्मृति चिन्ह, श्रीफल, अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। श्री आलोक श्रीवास्तव के जल रंग चित्रों की आज से भारत भवन में प्रदर्शनी आयोजित की गई है। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने किया था इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त की मनोज श्रीवास्तव, भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री जे .एन. कंसोटिया, सेवानिवृत आईएएस श्री अनिल श्रीवास्तव, श्रीमती विजया श्रीवास्तव आदि।

## म.प्र. पॉवर जनरेशन कंपनी की ताप विद्युत इकाइयों का नया रिकार्ड

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक और उपलब्धि अपने नाम की है। पॉवर कंपनी की ताप विद्युत इकाइयों ने सतत् व निर्बाध संचालन में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए कुल 14 बार 100 दिनों से अधिक तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड कायम किया। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में इन इकाइयों ने 13 बार 100 से अधिक दिनों तक निरंतर संचालन में रहने का रिकार्ड बनाया था।

यह उपलब्धि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत इकाइयों की क्षमता व संचालन की विश्वसनीयता का प्रतीक है।

ताप विद्युत इकाइयों की इस ऐतिहासिक सफलता पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सभी ताप विद्युत गृह के इंजीनियरों, तकनीशियनों व संचालन टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता कंपनी की तकनीकी दक्षता और ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है ।यह उपलब्धि न केवल राज्य के लिए गर्व की बात है, अपितु यह ऊर्जा उत्पादन की दिशा में आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम भी है। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृह अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर, श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना दोंगलिया व सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की इकाइयों ने निरंतर चलने की इस श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 250 मेगावॉट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने लगातार 300 दिनों का आंकड़ा पार कर शानदार प्रदर्शन किया। पॉवर जनरेटिंग कंपनी की तीन इकाइयों ने लगातार 200 से अधिक दिनों तक संचालन का आंकड़ा पार किया। इनमें संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 500 मेगावॉट क्षमता की यूनिट नंबर 5, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावॉट क्षमता की यूनिट नंबर 10 व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया की 660 मेगावॉट क्षमता की यूनिट नंबर 3 ने 200 दिनों से लगातार विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान बनाया।

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नंबर 5 ने 181 दिन, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 210 मेगावॉट क्षमता की यूनिट नंबर 2 ने 121 व 115 दिन, इसी विद्युत गृह की 210 मेगावॉट क्षमता की यूनिट नंबर 4 ने 162 दिन और यूनिट नंबर 5 ने 109 दिनों तक सतत् व निर्बाध विद्युत उत्पादन किया।

## जल संसाधन मंत्री ने तीखड नर्मदापुरम में किया पंप हाउस का भूमि-पूजन

# जल है तो कल है, हर व्यक्ति प्रति दिन एक घण्टे श्रमदान करें : जल संसाधन मंत्री सिलावट

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट ने मंगलवार को नर्मदापुरम जिले के केसला विकासखंड के ग्राम पंचायत तीखड में झाड़ बीडा उद्वहन सिंचाई परियोजना के पंप हाउस क्रमांक 2 के अंतर्गत 4 पंपों का भूमि- पूजन किया।**

ग्राम तीखड में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री सिलावट ने पौध-रोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश भी दिया। झाड़ बीडा सिंचाई परियोजना से 79 गांव के 19 हजार 858 किसान लाभान्वित होंगे। परियोजना की सिंचाई क्षमता 15 हजार 610 हैक्टेयर तक की है, जिसे 177, 58 करोड़





की लागत से निर्मित किया जाएगा। मंत्री श्री सिलावट ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि जल है तो कल है, जल से ही प्रगति है। जल है तो अन्नदाता किसानों का विकास भी है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा जल का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। पहले जब हम कहीं जाते थे तब अपने आस-पास तालाब, बावडी, कुंओं एवं नालों को जल से लबालब देखा करते थे। यदि हमने आज जल का संरक्षण एवं संवर्धन नहीं किया तो आने वाली पीढ़ी हमे मांफ नहीं करेगी। विकास और प्रगति की बुनियाद जल है। मंत्री श्री सिलावट ने सभी से आहवान किया कि अपने जीवन का प्रतिदिन एक घण्टा किसी भी तालाब, बावडी, नदी एवं नालों पर श्रम दान कर बिताएं। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि वर्ष 2003 में मध्यप्रदेश में 07 लाख हेक्टेयर क्षैत्र में सिंचाई होती थी। अब शासन ने इसे बढाकर 50 लाख हैक्टेयर कर दिया है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि आगामी 02 साल में इसे बढाकर 65 लाख हैक्टेयर एवं 05 साल में 1 लाख करोड हैक्टेयर तक कर दिया जाएगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने नदी जोडने का सपना देखा था। उस सपने को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे है। वर्ष 2047 तक भारत एवं मध्यप्रदेश विकसित राष्ट्र एवं राज्य की श्रेणी में आ जाएगा।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि पहले लोग एक एक बूंद पानी को तरसते थे, लेकिन आज शासन ने सिंचाई सुविधाओं का बहुत विस्तार किया है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि जहां पर जल होगा पर्यटन भी होगा।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि हरदा एवं नर्मदापुरम जिले के 82 हजार हैक्टेयर के क्षेत्र में तवा नहर से मूंग फसल के लिए पानी दिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### निगम में जनसुनवाई, 35 आवेदन हुए प्राप्त





**इंदौर, ( विनय उजाला )।** आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार निगम मुख्यालय में आज अपर आयुक्त द्वारा जनसुनवाई की गई। उक्त क्रम में निगम के समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री एवं विभाग प्रमुख के साथ जनसुनवाई की गई। इस अवसर पर जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनो को तत्काल निराकरण करने के भी निर्देश दिये गये। निगम मुख्यालय स्थित कक्ष में जनसुनवाई की गई, जन सुनवाई के दौरान नागरिको द्वारा राजस्व, मार्केट, भवन अनुज्ञा, स्वास्थ्य विभाग, रिमूव्हल विभाग, सीवरेज विभाग, जनकार्य विभाग सहित अन्य विभागो के 35 आवेदन आयुक्त महोदय के समक्ष प्रस्तुत किये गये, आयुक्त द्वारा नागरिको को समक्ष में सुना गया तथा प्राप्त आवेदन को आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त व विभाग प्रमुख को तत्काल प्रेषित कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

### विराट नगरी में गूंजा जय श्रीराम जय श्रीराम, प्राकट्य पर्व का किया गया आयोजन



**शहडोल ( विनय उजाला )।** विराट नगरी श्रीराम नवमीं के पावन अवसर पर जय श्रीराम जय श्री राम के नारे से गूंज उठा। श्रीराम नवमीं के पावन अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में संस्कृति विभाग द्वारा प्राकट्य पर्व का आयोजन किया गया। प्राकट्य पर्व का शुभारंभ कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राकट्य पर्व के अवसर पर श्री भवानी दास अहिरवार एवं साथी, जबलपुर द्वारा बुन्देली लोकगायन,सुश्री अमिता खरे एवं साथी, भोपाल द्वारा नृत्यनाटिका राम प्रसंग तथा दीन भवत अखिलेश राजा एवं ग्रुप, जबलपुर द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम एवं समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, समाजसेवी श्री रवि गुप्ता, श्रीमती सत्यभामा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी समाजसेवी एवं काफी संख्या में जनमानस उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय एवं श्रीमती विनय मिश्रा ने किया।

# कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और किया निराकरण

## जनसुनवाई के आवेदनों को समय सीमा में निराकृत करने की विशेष व्यवस्था

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** प्रति मंगलवार की तरह इस बार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई हुई। कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका तत्काल निराकरण करें। ऐसे आवेदन जो मौके पर निराकृत नहीं हो सकें, उन्हें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कर समय सीमा में सकारात्मक रूप से निराकृत करने की व्यवस्था की गई है। प्राप्त आवेदन अनिवार्य रूप से सीएम हेल्पलाइन में दर्ज किये जाये। आवेदकों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उनका आवेदन एक बार में ही समय सीमा में निराकृत हो जायें।







कलेक्टर आशीष सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही अनेक प्रकरणों का निराकरण किया। ऐसे प्रकरण जो मौके पर निराकृत नहीं हो सके, उनके निराकरण के लिए समय सीमा तय की गई। अनेक प्रकरण प्राथमिकता सूची टीएल में दर्ज करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने जरूरतमंदों को इलाज, शिक्षा और रोजगार के लिए मदद दी गई। निराकरण से शेष रहे आवेदनों को निराकृत करने के लिए समय-सीमा तय की गई। जनसुनवाई में आये आवेदनों के निराकरण की प्रति सप्ताह कलेक्टर द्वारा समीक्षा भी की जाएगी। जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक आवेदन के निराकरण का फॉलोअप किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर आवेदन में निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित हो। सकारात्मक निराकरण हो। जनसुनवाई में कुल 200 से अधिक आवेदन आये। जनसुनवाई में अन्य अधिकारियों ने भी संवेदनशील होकर नागरिकों की समस्याओं को सुना और निराकरण किया। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन प्लॉट, संपत्ति विवाद, पारिवारिक विवाद आदि के प्राप्त हुए। कलेक्टर आशीष सिंह सहित सभी अपर कलेक्टर्स और अन्य विभागीय अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनकर निराकरण किया।

### भोपाल में भी जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

इधर, भोपाल में भी कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 106 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एडीएम भूपेन्द्र गोयल, अंकुर मेश्राम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# जल संरक्षण के संबंध में जन जागरूकता के लिए गाँव-गाँव हो रहे हैं जल संवाद

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** जिले में राज्य शासन द्वारा दिये गए दिशा-निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के बारे में जन जागरूकता के लिए जल संवाद कार्यक्रमों का आयोजन गाँव-गाँव किया जा रहा है। जल संवाद कार्यक्रम में जहाँ एक ओर ग्रामीणों को जल की महत्ता बतायी जा रही है, जल बचाने का संकल्प दिलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गाँव की जल संरचना के जीर्णोद्धार के लिए श्रमदान भी किया जा रहा है।

इसी सिलसिले में गत दिवस जिले के देपालपुर विकासखंड के अनेक गाँवों में जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किये गये। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन



अभियान परिषद के सहयोग से हुए। इस दौरान जल संवर्धन हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जल संवाद कार्यक्रम सुमठा और अहिरखेड़ी में आयोजित हुए। जिसमें तालाब गहरीकरण हेतु सांकेतिक श्रमदान किया गया। धरती माता का पूजन किया गया। जल बचाने हेतु शपथ ग्रामीण जनों को दिलाई गई। विकासखंड समन्वयक श्री सुरेश चंद्र यादव ने कहा कि जल है तो कल है। पानी ओर पेड़ बचाने का प्रण लेना ही चाहिए। सरकार का संदेश गांव गांव तक पहुंचाने का काम जनअभियान परिषद कर रहा है। जन अभियान परिषद इसके माध्यम से गांव-गांव में गठित प्रस्फुटन समितियो के माध्यम से लोगों को जागरुक करने का काम कर रहे है।

कार्यक्रम में सरपंच श्री रतनसिंह पंवार, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह राठौर, श्री शोभाराम पंवार, श्री पदमसिंह, पर्यावरण प्रेमी श्री निर्भय सिंह गोयल, प्रस्फुटन समिति के सचिव श्री विशाल नागर ग्राम पंचायत के सचिव और ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इसी तरह विकासखण्ड सांवेर के ग्राम बुढ़ीबरलई में भी जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (CMCLDP) अंतर्गत एमएसडब्ल्यू द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्रा प्रिया मांगरोले द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई, जिसमें प्राचीन जल संरचनाओं के संरक्षण-संवर्धन पर चर्चा की गई।

# नागरिकों की खुशहाली और बेहतर जीवन के लिए प्रयासरत है आनंद विभाग

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** नागरिकों की खुशहाली एवं बेहतर जीवन के लिए आंतरिक तथा बाह्य सकुशलता आवश्यक है। राज्य का पूर्ण विकास नागरिकों की मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक उन्नति तथा प्रसन्नता से ही संभव है। नागरिकों के लिये इस प्रकार वातावरण तैयार करना होगा जो उनके लिए आनंद का कारक बनें। विकास का मापदण्ड भौतिक सुविधाओं पर आधारित होने के साथ-साथ नागरिकों के आनंद के आधार पर भी होना चाहिए। इस उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा आनंद संस्थान का गठन अगस्त 2016 में किया गया था। यह संस्थान, मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग अन्तर्गत संचालित है। संस्थान का यह दृढ़ विश्वास है कि सुख बाहरी प्रभाव नहीं, बल्कि एक आंतरिक अनुभूति और एक स्वाभाविक अवस्था है, जिसे सही दृष्टिकोण, जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। राज्य आनंद संस्थान द्वारा विगत माह भोपाल में एक नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन चर्चा करना था। इस सेमिनार में देश के प्रमुख मनोवैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, समाजशास्त्रियों और नीति निर्माताओं को आमंत्रित किया गया, ताकि वे अपने अनुभवों और शोध निष्कर्षों को साझा कर सकें। आयोजन ने आनंद के विविध आयामों एवं तत्वों पर केंद्रित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

**CHANG OF NAME**

I **OJASWINI D/O NAGAR SINGH CHOUHAN** HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGE MY NAME AS **OJASWINI CHOUHAN D/O NAGAR SINGH CHOUHAN.** SO FROM NOW AND IN FUTURE I WILL BE KNOWN BY MY NEW NAME **JASWINI CHOUHAN S/O NAGAR SINGH CHOUHAN** FOR ALL PURPOSE.

**ADDRESS :- 285, CHANDRASHEKHR AZAD MARG, ALIRAJPUR (M.P.) – 457887**

**CHANG OF NAME**

I **HARSHJEET S/O NAGAR SINGH CHOUHAN** HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGE MY NAME AS **HARSHJEET CHOUHAN S/O NAGAR SINGH CHOUHAN.** SO FROM NOW AND IN FUTURE I WILL BE KNOWN BY MY NEW NAME **HARSHJEET CHOUHAN S/O NAGAR SINGH HOUHAN** FOR ALL PURPOSE.

**ADDRESS :- 285, CHANDRASHEKHR AZAD MARG, ALIRAJPUR (M.P.) – 457887**

# संभागायुक्त द्वारा ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विकास योजना एक ऐसी योजना है, जिससे गाँव-गाँव यातायात सुगम हुआ है। प्राधिकरण के सभी अधिकारी इन सड़कों के रख रखाव पर पूरा ध्यान दें और संपर्कता सर्वे अभियान को समय सीमा में पूरा करें। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री डी. एस. रणदा सहित इंदौर संभाग के सभी जिलों से आए ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के जनरल मैनेजर उपस्थित थे। बैठक में बताया गया है कि संभाग के सभी जिलों में सर्वे का कार्य 90 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो गया है।

बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गत वित्तीय वर्ष में संभाग के विभिन्न जिलों में 42 पुलों का निर्माण किया गया है, इनकी कुल लागत 132 करोड़ रुपये है। वर्तमान में 223 करोड़ रुपये की लागत से 73 ब्रिज का निर्माण प्रगतिरत है।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने बैठक में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्कता को बेहतर बनाना और सभी मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना शासन का उद्देश्य है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के तहत, खासकर पीएमजीएसवाई-IV के अंतर्गत ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसम की कनेक्टिविटी प्रदान करने की योजना है। इसी के तहत संपर्कता सर्वे मोबाइल ऐप के माध्यम से भौतिक सत्यापन किया जाएगा। ग्राम रोजगार सहायक, पंचायत सचिव को इस ऐप पर भौतिक सत्यापन रजिस्टर करने का कार्य सौंपा गया है।

# नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार वर्ष 2027 तक तैयार किया गया है कार्यक्रम

**इंदौर, नप्र।** देश में नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप साक्षरता कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। साक्षरता कार्यक्रम वर्ष 2022 से 2027 तक की अवधि के लिये तैयार किया गया है। प्रदेश में निरक्षरता उन्मूलन के लिये उल्लास-नव साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत यह कार्यक्रम 5 व्यापक उद्देश्य को लेकर संचालित किया जा रहा है। इनमें मुख्य रूप से मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रदान करना महत्वपूर्ण जीवन कौशल बुनियादी शिक्षा व्यावसायिक शिक्षा और सतत् शिक्षा प्रदान करना है। यह कार्यक्रम 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के व्यक्तियों के लिये है। प्रदेश के परिदृश्य को ध्यान में रखकर राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा अक्षर पोथी नाम से प्रवेशिका बनाई गई है। यह प्रवेशिका सीखने की परिष्कृत गति एवं विषय वस्तु पर आधारित है। इस प्रवेशिका में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के साथ महत्वपूर्ण जीवन कौशल जैसे वित्तीय, कानूनी, डिजिटल साक्षरता और आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न मुद्दों को शामिल किया गया है।

### बढ़ते तापमान को देखते हुए लू (तापघात) से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

**इंदौर, नप्र।** इंदौर जिले में बढ़ते तापमान को देखते हुये लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवायजरी जारी की गई है।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली निविदा' ई-निविदा के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है।

| क्रम सं. | ई-टेण्डरिंग संख्या व कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बयाना राशी |
|---|---|---|---|
| 1 | RTM-2024-25-150<br>Chanderia - Nimach section - TBR with Deep screening (Total = 10.490 TKM). | 2,30,33,601.74 | 2,65,200.00 |
| 2 | RTM-2024-25-151<br>Chanderia - Indore section - Providing safety fencing along track where approach road to ROB is close to the track and other CRO prone locations | 12,88,38,275.17 | 7,94,200.00 |
| 3 | RTM-2024-25-152<br>Chanderiya - Ratlam - Khandwa Section :- Augmentation of watering arrangement by providing sump, overhead tank and water pipe line including electric work | 1,93,02,962.14 | 2,46,500.00 |
| 4 | RTM-2024-25-153<br>Laxmibainagar - Dr Ambedkar Nagar (DADN) Section - Providing boundary wall in station approaches and along track side to prevent encroachment and theft (Total- 5.80km) | 4,64,76,605.28 | 3,82,400.00 |
| 5 | RTM-2024-25-154<br>Chanderia - Neemuch section - Improvement to staff quarters (Type - 1 = 106, Type - 2 = 95) by providing doors , windows, leakage, court yard wall repair, pipeline | 1,40,32,570.12 | 2,20,200.00 |
| 6 | RTM-2024-25-155<br>(1) Chanderiya - Ratlam - TTR (FS+CS +CMS) - 6 Nos , (2) Chanderiya - Ratlam - Khandwa -Casual Renewals of Rails & Ordinary PSC Sleepers - 4000 Nos. and (3) Chanderiya - Ratlam - Khandwa - SEJs - 20 Nos., Glued Joints - 200 sets & TFR (GRSP) / Turnouts - 95 sets (4) CNA-RTM Section :- Gambhiri road - Direct connection of Line No 4 with JK exchange yard | 91,53,473.38 | 183,100.00 |
| 7 | RTM-2024-25-156<br>Chittaurgarh : Providing Rodent Management Service at station and yard area of Chittaurgarh station for 2 years. | 2,24,580.00 | 4,500.00 |

**अनुमानित मात्रा सभी के लिए :** As per Tender Schedule. **निविदा प्रपत्र का मुल्य सभी के लिए :** Nil. **कार्य समापन अवधि : Sr. No. 1, 3 & 5** 12 Months; **Sr. No. 2 & 4** 15 Months; **Sr. No. 6** 9 Months; **Sr. No. 7** 24 Months; **Similar type of work: Sr. No.1 & 6,** Any Track Work **Sr. No.2 & 5,** Any Civil Engineering Work **Sr. No.3,** Construction of RCC overhead tank **Sr. No.4,** Any Civil engineering WORK involving PSC elements such as PSC Girders/PSC Slabs/PSC Sleeper etc. **Sr. No.4,** N.A. **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि सभी के लिए :** 02.04.2025. **निविदा खुलने की तिथि :** 24.04.2025. विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाइट www.Ireps.gov.In. पर उपलब्ध है।

**मण्डल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा)**
**रतलाम पश्चिम रेलवे**

Apex/5/1/476

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

### डॉ. अल्पना आर्य ने की डॉक्टरेट डिग्री हासिल



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजराना की प्रभारी प्राचार्या डॉ. अल्पना आर्य ने भोपाल के रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभिक स्तर के विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास में शैक्षणिक गतिविधियों का आकलन विषय पर शोध कार्य पूर्ण कर 28/ 7/ 2021 में डिग्री प्राप्त की। यूनिवर्सिटी द्वारा दिनांक 7 अप्रैल 2025 को दीक्षांत समारोह कस्तूरबा ठाकरे कन्वेंशन सेंटर मिंटो हॉल भोपाल में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय श्री राजेंद्र शुक्ला उपमुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के करकमलों द्वारा आपको डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि माननीय श्री उदय प्रताप सिंह मंत्री परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मध्य प्रदेश शासन एवं माननीय श्री संतोष चौबे कुलाधिपति रविंद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसके पूर्व भी आप देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के प्राणी शास्त्र विभाग से पी एच डी कर 2014 में डॉक्टरेट डिग्री हासिल कर चुकी हैं। आपको आपकी इस द्वितीय डिग्री पर विनय उजाला परिवार की ओर से ढेर सारी बधाइयां शुभकामनाएं। आप अपने ज्ञान के प्रकाश से विद्यार्थियों को प्रकाशित कर उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर होने में सहयोगी बनेंगी।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार **श्री रामगोपाल पिता मूलचंद कचनारिया जाति धोबी निवासी बाजार चौक नेमावर (जिला-देवास)** के सभी दस्तावेजों पर उनका वास्तविक नाम **रामगोपाल कचनारिया** उल्लेखित है, किंतु बैंक ऑफ इण्डिया शाखा नेमावर के बैंक खाते में उनका नाम रामगोपाल धोबी दर्ज है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मेरे पक्षकार की ओर से बैंक में नाम सुधार हेतु आवेदन दिया गया है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी तरह की कोई आपत्ति हो, तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर संबंधित बैंक शाखा में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। बाद समयावधि किसी तरह की आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

**जयवर्धन सिंह तोमर एडवोकेट**
नर्मदा कॉलोनी, खातेगांव (जिला-देवास) मो: 7999797053

## महंगाई की मार, मोदी सरकार

# कांग्रेस का अनोखा विरोध, घरों के बाहर बनाई सिलेंडर की रंगोली

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। केंद्र सरकार द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 50 रुपये बढ़ाए जाने के विरोध में कांग्रेस सेवादल ने मंगलवार को इंदौर में अनोखा प्रदर्शन किया। यहां कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल ने अपने घर के बाहर सिलेंडर की रंगोली बनाकर महंगाई पर आक्रोश व्यक्त किया। इस रंगोली पर लिखा, 'महंगाई की मार, मोदी सरकार'।**

इंदौर में कांग्रेस नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं के घर के बाहर रंगोली बनाई गई। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पर भी दो रुपये भाव बढ़ाने पर आपत्ति दर्ज कराई है। विवेक





खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पर देश को बड़ी सौगात दी है। वो है 'महंगाई', जिस तरह देश में महंगाई से बढ़ रही है इससे अच्छी भारतीय जनता पार्टी देश को कोई और सौगात नहीं दे सकती थी। यह देश को महंगाई, बेरोजगारी दे सकती है। खंडेलवाल ने कहा कि एक तरफ उज्वला योजना के तहत रियायती गैस देने की बात की जाती है, दूसरी तरफ हर कुछ महीनों में दाम बढ़ाकर आमजन पर बोझ डाला जा रहा है। सरकार उज्वला योजना के नाम पर बहनों को गैस देने की बात करती है, लेकिन हर बार 50-50 रुपये की बढ़ोतरी करके यह साबित कर देती है कि यह सरकार पूरी तरह से महिला विरोधी है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब इंदौर के हर मोहल्ले में घरों के बाहर सिलेंडर की रंगोली बनाकर विरोध जताएंगे, ताकि जनता को बताया जा सके कि सरकार वोट लेकर महंगाई और बेरोजगारी थमा रही है।

**पश्चिम रेलवे द्वारा पोरबंदर ⇌ आसनसोल के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन का संचालन**

| गाड़ी संख्या | प्रारंभिक एवं गंतव्य स्टेशन | प्रभावी कार्य दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09205 | पोरबंदर - आसनसोल | 10.04.2025 और 17.04.2025 | 08.50 बजे (गुरुवार) | 06.45 बजे (शनिवार) |
| 09206 | आसनसोल - पोरबंदर | 12.04.2025 और 19.04.2025 | 17.45 बजे (शनिवार) | 13.45 बजे (सोमवार) |

पड़ाव : भाणवड़, लालपुर जाम, जामनगर, हापा, राजकोट, वांकानेर, सुरेंद्रनगर, वीरमगाम, अहमदाबाद, आनंद, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, गया, कोडरमा जं. और धनबाद स्टेशन दोनों दिशाओं में।

संरचना : फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर. शयनयान एवं द्वितीय सामान्य श्रेणी के डिब्बे।

संबंधित विशेष गाड़ियों के पड़ावों संबंधित विस्तृत समय की सूचना हेतु कृपया www.equiry.indianrail.gov.in पर संपर्क करे।

गाड़ी संख्या 09205 की बुकिंग 09.04.2025 से सभी पीआरएस काउंटर्स तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरु होगी।
उपरोक्त ट्रेन विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाईक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

# सम्पादकीय

## नया कश्मीर नई लाइफलाइन

उधमपुर–श्रीनगर–बारामूला रेल लिंक परियोजना यानि यूएसबीआरएल भारतीय रेल के स्वर्णिम भविष्य का एक चमकता हुआ अध्याय है। जो देश के हर हिस्से को कश्मीर तक की अबाध यात्रा के मार्ग से जोड़ रही है। यह राष्ट्रीय परियोजना न केवल देश की इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रदर्शन है, बल्कि यह जम्मू-कश्मीर की भौगोलिक चुनौतियों पर विजय का प्रतीक भी है ।विकास के पुल से जुड़े पहाड़ों के दिलहिमालय की ऊंचाइयों में चल रहे प्रोजेक्ट का सबसे चमकदार मोती है चिनाब ब्रिज। जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल है। यह पुल समुद्र तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है और कुतुब मीनार से पांच गुना ऊंचा।266 किलोमीटर प्रति घंटे चलती हवा की रफ्तार को भी चिनाब ब्रिज आसानी से झेल सकता है ।96 केबल के सहारे निर्मित 725 मीटर लंबा अंजी खड्ड ब्रिज देश का पहला केबल आधारित रेल ब्रिज है ।कटरा–बनिहाल रेल खंड का हिस्सा ये पुल समुद्र तल से 331 मीटर ऊपर है। यह अद्भुत संरचना न केवल भारतीय रेल की उपलब्धियों की गाथा गाती है, बल्कि कश्मीर घाटी को विकास की मुख्य धारा से जोडने् का भी वादा करती है ।आकर्षक इंजीनियरिंग और साहस की मिसालयूएसबीआरएल को भारतीय रेल के लिए एक आर्किटेक्चरल वंडर' माना जा रहा है। इस परियोजना की लंबाई 272 किलोमीटर है। जिसका अधिकांश हिस्सा दुर्गम पहाडियों, बर्फीले इलाकों और गहरी घाटियों से होकर गुजरता है। इसमें 943 छोटे–बड़े पुल और 36 मेन सुरंग शामिल हैं। जिसमें भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग टी–50 भी है जो करीब 12.77 किलोमीटर है। भारत के सबसे कठिन रेल निर्माण प्रोजेक्ट में से एक यूएसबीआरएल की लागत करीब 42 हजार करोड़ रुपए है ।आर्थिक विकास से राष्ट्र सुरक्षा तक का सेतुयूएसबीआरएल न केवल भारत के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए भी मील का पत्थर साबित होगी ।रोजगार के अवसर– परियोजना के निर्माण के दौरान हजारों लोगों को रोजगार मिला और इसके संचालन के बाद भी कई स्थानीय निवासियों को रोजगार मिलेगा। पुख्ता राष्ट्र सुरक्षा–रेल लिंक से न केवल सेना की त्वरित आवाजाही संभव होगी, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में संसाधनों की तेज आपूर्ति भी सुनिश्चित होगी ।आर्थिक विकास– रेल लिंक से कश्मीर घाटी में व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी, जिससे कृषि उत्पादों, शिल्प और स्थानीय उद्योगों को बड़े बाजारों तक पहुंच मिलेगी ।पर्यटन को बढ़ावा–इस रेल लिंक के जरिए कश्मीर में पर्यटन को नई ऊंचाई मिलेगी। पर्यटकों के लिए घाटी तक पहुंचना आसान और किफायती होगा ।उम्मीदों की पटरीयूएसबीआरएल न केवल रेल की पटरी है, बल्कि यह उन उम्मीदों का मार्ग है, जो कश्मीर के भविष्य को उज्जवल बनाने की ओर अग्रसर है। इसमें ऐसे कई महत्वपूर्णरेलवे स्टेशन हैं जो जम्मू कश्मीर की तरक्की, सुरक्षा, सुविधा और समृद्धि को सुगम करते हैं। कश्मीर घाटी का प्रवेश द्वार' कहे जाने जाने वाला काजीगुंड स्टेशनदक्षिणी कश्मीर को शेष क्षेत्र से जोडने् की अहम कड़ी है। पंपोर, श्रीनगर, सोपोर, अनंतनाग जैसे रेलवे स्टेशन घाटी के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में से एक है। वहीं रियासी और कटरा रेलवे स्टेशन का विश्व प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर के निकट होने के कारण इसका महत्व बढ़ जाता है। उधमपुर–श्रीनगर–बारामूलारेल लिंक परियोजना सिर्फ एक रेल संपर्क नहीं, बल्कि कश्मीर घाटी को भारत के बाकी हिस्सों से मजबूती से जोडने् वाला एक ऐतिहासिक कदम है। भारतीय रेल ने इस परियोजना के साथ कश्मीर घाटी को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने की जो प्रतिबद्धता जताई थी, वो जमीन पर साकार हो रही है।

### दैनिक विनय उजाला — सुविचार

बंधन हमेशा दुख देता हैं और संबंध हमेशा सुख देता हैं...
सच्चा व्यक्ति, ना तो नास्तिक होता हैं, ना ही आस्तिक होता हैं।
सच्चा व्यक्ति, हर समय वास्तविक होता हैं।

– बालकृष्ण शुक्ला, इंदौर

माफी मांगने का यह मतलब नहीं है
कि कौन सही और कौन गलत है,
असली मतलब यह है कि हम उस
रिश्ते को खोना ही नहीं चाहते।

– राजेन्द्र पाल सिंह डंग

खजाना सिर्फ पैसों का ही नहीं होता...
जिंदगी में सही मार्गदर्शक, शुभ चिंतक, अटूट विश्वास,
प्रेम का मिलना भी किसी खजाने से कम नहीं होता।

– राजेश चौहान

जिंदगी में हर तरह का वक्त आता है, वक्त के
गुजरने में वक्त नहीं लगता, और जो उड़ते हैं अहम् के
आसमान में, उन्हें भी जमीन पर आने में वक्त नहीं लगता।

– के.पी.जाट, भोपाल

लोगों के तीन वर्ग होते है ज्ञान के प्रेमी,
सम्मान के प्रेमी और लाभ के प्रेमी और
हर कोई अपने स्वभाव के अनुसार चयन करता है।

– अनिता शास्त्री, इंदौर

## श्री प्रदीप नवीन को बाल साहित्य सम्मान 14 अप्रैल को भोपाल में दिया जाएगा सम्मान



**इंदौर ( विनय उजाला )।** शहर के सुपरिचित साहित्यकार हिंदी परिवार के उपाध्यक्ष श्री प्रदीप नवीन को उनकी कृति स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगनाएं जननायक एवंबालोपयोगी साहित्य गीत के कृति पर,बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र भोपाल द्वारा बाल साहित्य सम्मान प्रदान किया जाएगा। संस्था के निदेशक श्री महेश सक्सेना ने बताया कि 14 अप्रैल को भोपाल के हिंदी भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा जहां श्री प्रदीप नवीन सम्मानित किए जायेंगे। हिंदी परिवार के सचिव संतोष मोहंती अध्यक्ष हरे राम बाजपेई एवं अन्य साहित्यकारों ने श्री प्रदीप नवीन को इस सम्मान के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रदान की है।

## गर्मी ने भी ली अब अगड़ाई

लो आ गया, है अब अप्रैल।
तपने लगे छत और खपरैल।
गर्मी ने भी ली, अब अंगड़ाई।
सलिला, संग संग है इतराई।

मुखड़ा छुपा, चली है, बाला।
गोरा रंग, हो जाएगा काला।
सोच सोच, खूब घबराती हैं।
फ़िर मन ही मन, इतराती है।

पंछियों की, खोज है छांव ।
उड़ता फिर ,वनों के गांव।
मानव करता, प्रकृति हास।
पेड़ो का मन, होता हैं उदास।

सबसे ज्यादा ,स्वार्थी मानव।
लालच करे हैं,बनता दानव।
खेत खलिहान फिर हो मैढ़।
राधे कृष्ण देखेंगे कदम पेड़।



दैनिक विनय उजाला

लेखिका
राधा परमार
( शिक्षक ) हाई स्कूल
अमला बड़नगर जिला
उज्जैन ( मध्य प्रदेश )

---

इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो से बात की है और द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को जल्द पूरा करने के महत्व पर बल दिया है। चीन व कुछ अन्यों की तरह भारत ने अमेरिका पर जवाबी टैरिफ नहीं लगाया है बल्कि उसके साथ व्यापार समझौता करने का विकल्प चुना है।

# शेयर बाजारों को रास नहीं आ रहे हकीम ट्रंप के टैरिफ नुस्खे..!

नौशाबा परवीन



दैनिक विनय उजाला



समीक्षक जिम क्रेमर की चेतावनी काले सोमवार की थी, जैसा कि 1987 में देखने को मिला था ,जब डाऊ जोंस 22.6 प्रतिशत गिर गया था। हालांकि इस सोमवार (7 अप्रैल 2025) को उस काले सोमवार का पूर्णत: पुनरावर्तन तो न हुआ, लेकिन टोक्यो से लंदन और न्यूयॉर्क से मुंबई तक स्टॉक बाज़ार जिस तरह से धड़ाम होकर गिरे,वह कम डरावना नहीं था। अपना सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 3 प्रतिशत गिरकर बंद हुए,लेकिन हेंगसेंग 13.2 प्रतिशत और निक्कई लगभग 8 प्रतिशत बाजार पूंजीकरण खोया। यूरोपीय स्टॉक्स और अमेरिकी फ्यूचर्स का हाल भी बुरा रहा। नीम–हकीम खतरा–ए–जान होता है, यह बचपन से सुनते आये थे, अब देख भी रहे हैं। 'हकीम' ट्रंप ने 2 अप्रैल 2025 को अपनी 'टैरिफ 'दवा' दी थी और तभी से बेचारा स्टॉक बाज़ार ठीक होने की बजाय और बीमार होता जा रहा है। इसके बावजूद 'हकीम' इससे भी ज्यादा कड़वी दवा देने की ज़िद लगाये हुए है। राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने चीन को धमकी दी है कि अगर उसने सभी अमेरिकी आयात पर 34 प्रतिशत जवाबी ड्यूटी को वापस न लिया तो वह अतिरिक्त 50 प्रतिशत टैरिफ लगायेगें।

ट्रंप के इस जुए से उनके समर्थक अरबपतियों में भी घबराहट व बेचैनी है,जिस कारण अब वे मागा टैरिफ ट्रेन से नीचे कूद रहे हैं और 'आर्थिक परमाणु जाड़े' की भविष्यवाणी कर रहे हैं क्योंकि ट्रंप जिस ग्लोबल ट्रेड व कॉमर्स को 'पुन– व्यवस्थित' करने का दावा कर रहे हैं, वह ही पटरी से उतरती जा रही है। सोने के दाम भी गिर रहे हैं जो इस बात का संकेत है कि निवेशक इस सुरक्षित एसेट को भी बेच रहे हैं ताकि अन्य निवेशों में हो रहे नुकसान की भरपाई कर सकें। सोमवार (7 अप्रैल) को भारत में सोने के दाम 1900 रूपये कम हुए और सेंसेक्स 2227 पॉइंट्स गिरा, जोकि 24 फरवरी 2022 के बाद से अधिकतम है, जब सेंसेक्स 2702 पॉइंट्स गिरा था। इससे साफ़ है कि 'हकीम' ट्रंप का न केवल नुस्खा काम नहीं कर रहा, बल्कि साबित हो रहा है कि यह किसी काम का नहीं है। लेकिन जिद यह है कि वह इसे बदलने के लिए कतई तैयार नहीं हैं, बावजूद इसके कि अन्य सरकारें विकल्प तलाश कर रहीं है और अमेरिका से इतर व्यापार समझौते भी कर रही हैं। इस व्यापार युद्ध के चलते अब चीन की ही तरह यूरोपीय संघ भी जवाबी टैरिफ लगाने जा रहा है और उसने उन उत्पादों की सूची तैयार की है जिन पर वह टैरिफ लगायेगा।

बहरहाल, टैरिफ युद्ध में भारत ने अलग रुख अपनाया है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने व्यापार युद्ध के लिए चीन की 'अनुचित व्यापार नीतियों' को दोषी ठहराया है, जोकि कम दामों में निर्माण और सस्ती गुड्स पर आधारित है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो से बात की है और द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को जल्द पूरा करने के महत्व पर बल दिया है। चीन व कुछ अन्यों की तरह भारत ने अमेरिका पर जवाबी टैरिफ नहीं लगाया है बल्कि उसके साथ व्यापार समझौता करने का विकल्प चुना है। दरअसल, ट्रंप चाहते हैं उसे उनके कार्यकाल (4 वर्ष) की छोटी अवधि में हासिल नहीं किया जा सकता। उनके टैरिफ से जो अनिश्चितता उत्पन्न हुई है, वह बाज़ारों को गहरी चोट पहुंचा रही है। किसी को नहीं मालूम है कि मांग व विकास का क्या होगा या यह सिलसिला कितने लम्बे समय तक चलेगा। हालांकि अमेरिका के वाणिज्य सचिव होवार्ड लुटनिक ने कहा है कि 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ 'दिनों व सप्ताहों' तक जारी रहेगा, लेकिन ट्रंप का कहना है कि ओवरआल टैरिफ – जो वियतनाम के लिए 46 प्रतिशत, कम्बोडिया के लिए 49 प्रतिशत और चीन के लिए प्रभावी तौरपर 54 प्रतिशत है – उस समय तक रहेगा जब तक अमेरिका का व्यापार घाटा लुप्त नहीं हो जाता। तकनीकी दृष्टि से इसका अर्थ यह है कि यह टैरिफ हमेशा रहेगा क्योंकि गरीब देश जैसे लेसोथो – जिस पर 'असंतुलित' टेक्सटाइल व डायमंड निर्यात के लिए 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है – तो अमेरिकी निर्मित गुड्स खरीद ही नहीं सकता। चीन द्वारा अमेरिकी गुड्स पर जवाबी 34 प्रतिशत टैरिफ ने बाज़ारों को अतिरिक्त बेचैन कर दिया है। तो शीत युद्ध एक बार फिर से लौट आया है, लेकिन परमाणु हथियारों के साथ नहीं बल्कि टैरिफ बमों के साथ। चूंकि अमेरिकी स्टॉक्स भी ढलान पर हैं इसलिए ट्रंप के समर्थक जैसे अरबपति निवेशक बिल एकमैन – जो व्यक्तिगत तौरपर 9 बिलियन डॉलर के मालिक हैं – भी चिंतित हैं कि टैरिफ से 'आत्मघाती आर्थिक परमाणु जाड़े' आ सकते हैं। जब कुछ सप्ताह या महीनों बाद टैरिफ की वास्तविक मार महसूस होने लगेगी तब बाज़ार का असल हाल मालूम होगा कि वह कितना नीचे पहुंच गया है। लेकिन बात सिर्फ़ स्टॉक दामों की नहीं है। बाज़ार जब नीचे जाता है तो आमतौर से अमेरिका में मंदी आती है और दोनों निवेशक बैंक गोल्डमैन सैक्स व जेपी मॉर्गन ने कुछ दिन पहले मंदी आशंकाओं की पुन– समीक्षा की। गोल्डमैन सैक्स का अनुमान अमेरिका में 35 प्रतिशत मंदी का है और उसके बड़े प्रतिद्वंदी जेपी मॉर्गन की भविष्यवाणी है कि इस साल ग्लोबल मंदी 60 प्रतिशत हो सकती है।

जेपी मॉर्गन के सीईओ जैमी डिमोन ने। अप्रैल 2025 को अपने शेयरहोल्डर्स को जारी किये गये वार्षिक पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर मंदी नहीं भी आती है तो भी टैरिफ 'विकास को धीमा कर देगा'। अनुमान यह है कि अधिकतर देश व्यापार समझौते कर लेंगे और टैरिफ का प्रभाव कुछ माह में कम हो जायेगा। वाइट हाउस का दावा है कि अब तक '50 से अधिक देश उससे संपर्क कर चुके हैं'। लेकिन चीन झुकने को तैयार नहीं है और कोई भी जटिल उत्पाद चीनी पुर्जों के बिना बनाना असंभव है, इसलिए अमेरिका व चीन के टैरिफ का दर्द पूरी दुनिया में महसूस किया जायेगा। इसलिए मंद पड़ते भारत को जल्दी से दोस्ताना व्यापार समझौते कर लेने चाहिए ताकि अनिश्चितता पर विराम लगे। लेकिन यह कमज़ोर वर्गों जैसे किसानों को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। यह सही है कि बहुत कम समय में ट्रंप ने भारत सहित 50 से अधिक देशों को मजबूर कर दिया है कि वह वार्ता मेज़ पर आकार व्यापार समझौता करें, लेकिन इनमें से कुछ को ही यकीन है कि ट्रंप का अचानक गुस्सा फूटना बंद हो जायेगा। वित्तीय बाज़ारों में जो उलझन व अनिश्चितता है,वह टीम ट्रंप के आर्थिक उद्देश्यों में निरंतरता के अभाव के कारण है। वह चाहते हैं कि अमेरिका का व्यापार घाटा कम हो जाये – इसमें कोई बुराई नहीं है – और व्यापार फासले को कम करने की मदद में डॉलर मुलायम हो जाये, लेकिन वह साथ ही यह भी चाहते हैं कि डॉलर विश्व की रिज़र्व करेंसी में अपने मक़ाम को बनाये भी रखे।

इन दोनों को संतुलित करना कठिन है। शायद ट्रंप चाहते हैं कि उन्हें इतिहास इस तरह से याद करे कि वह भूमंडलीकरण की कमियों को दुरस्त करके विश्व को नये संतुलन की ओर लेकर आये, जिससे अमेरिका का फिस्कल व व्यापार घाटा कम हुआ। इसके लिए बेहतर होता कि वह उस ट्रैक का चयन करते जिस पर ट्रेन धीमे चलती है, लेकिन वह तो 50 साल का काम 4 साल में करना चाहते हैं और दुनिया जल्दबाज़ी करते 'बूढ़े हकीम' की गलत टैरिफ 'दवाओं' के साइड इफेक्ट्स भुगत रही है; किसी को नहीं मालूम कि कब तक?

**[ लेखिका सम–सामयिक विषयों की टिप्पणीकार हैं ]**

# क्या वीआईपी दर्शन से ईश्वर अधिक प्रसन्न होता है?

अंतरा पटेल

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में 'वीआईपी दर्शन' की संस्कृति पर नाराज़गी जतायी है, लेकिन इस प्रथा को खत्म करने के उद्देश्य से दायर याचिका को ख़ारिज कर दिया। याचिकाकर्ता का कहना था कि विशेष व्यवस्था उन श्रद्धालुओं के विरुद्ध भेदभाव है, जो वीआईपी प्रवेश का खर्च नहीं उठा सकते और इसलिए यह संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के सिद्धांत का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे सरकार के लिए नीतिगत मामला कहते हुए स्पष्ट किया कि 'याचिका को ख़ारिज करने का अर्थ यह नहीं है कि उचित प्राधिकरण इस संदर्भ में आवश्यकता अनुसार कार्यवाही नहीं कर सकता। अदालत ने गेंद सरकार के पाले में डाल दी है। सरकार द्वारा इस सिलसिले में कुछ करना मुश्किल ही लगता है। पिछले साल कुछ माह के भीतर ही बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ने 300 रूपये प्रति वीआईपी दर्शन के हिसाब से 1.5 करोड़ रूपये कमा लिए थे।

व्यक्तिगत तौरपर मैं गुस्से से लाल हो जाती हूं जब कोई कतार तोड़कर आगे निकल जाता है या ट्रैफिक में रेड–लाइट का उल्लंघन करता है। मैं अभी तक अहमदाबाद में रहने के लिए ज़रूरी समभाव विकसित नहीं कर पायी हूं, छोटी छोटी बातें मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ा देती हैं। दो साल पहले मैं स्वर्ण मंदिर में दर्शन के लिए गई थी। मैंने देखा कि वीआईपी जब तेज़ी से आगे निकल रहे थे तो देर से लम्बी कतार में खड़े लोगों में से किसी ने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं की। मुझे नहीं लगता कि वीआईपी पैसा देकर ऐसा कर रहे थे, लेकिन महान भारतीय जुगाड़ व्यवस्था यह सुनिश्चित कर रही थी कि सही संपर्क वाले आगे बढ़ सकते थे। ज़ाहिर है, जीवन के थपेड़ों से टूटा हुआ साधारण भारतीय श्रद्धालु दार्शनिक तौरपर स्वीकार कर लेता है कि ईश्वर के सामने भी हर कोई बराबर नहीं है । पूजा घर में वर्ग भेद प्रत्येक धर्म की शिक्षा के विपरीत है, जिसे बाइबिल के इस सूक्त में बहुत अच्छी तरह से व्यक्त किया गया है दृ अमीर और गरीब में यह बात समान है कि दोनों को



ईश्वर ने ही बनाया है। कतार से बचने के लिए पैसा देने का निंदक दृष्टिकोण यह है कि आख़िरकार आस्था भी सांसारिक वास्तविकताओं पर निर्भर है दृजब तक प्रतीक्षा करने से बचा जा सकता है, धार्मिकता संभव है। लेकिन जो वास्तव में धार्मिक है उसका कतार से दिल टूटता नहीं है। उसकी पत्नी का नाम पॉश है, लेकिन फुटबॉलर डेविड बेकहम ने दिवंगत रानी एलिजाबेथ को श्रद्धांजलि देने के लिए 12 घंटे इंतज़ार किया। क्यों? चूंकि उनका सम्मान दिल से था। बेकहम ने कहा कि अपनी प्रिय रानी के गज़ब के जीवन के जश्न का अनुभव अपने साथी नागरिकों के साथ साझा करना यादगार था। इसी तरह मंदिर के अंदर केवल दैविक शांति ही श्रद्धालुओं को आकर्षित नहीं करती है बल्कि अंदर का वातावरण, मूर्तियां, मोमबत्तियां और दबी आवाज़ में एक दूसरे से बातें करना भी मानव संबंधों को प्रोत्साहित करते हैं, हम सब एक हैं का एहसास होता है। यह दुर्लभ, अविश्वसनीय पल होते हैं जब हम अजनबियों को भी दोस्त सा महसूस करते हैं। मंदिर गंभीर स्थान है जो अर्थपूर्ण बुनियादों पर बना होता है, जहां, भले ही थोड़ी देर के लिए ही सही, हर कोई एकजुट हो जाता है, हमारी अंतर्निहित कमजोरी के शांत विचारों के ज़रिये। जो पैसा देकर 'वीआईपी दर्शन' करते हैं, वे इस अलौकिक अनुभव से वंचित रहते हैं। पैसे की कृत्रिम दीवार खड़ी करके कुछ भी अच्छा हासिल नहीं किया जा सकता है। वीआईपी दर्शन से हमारा अहंकार तो संतुष्ट हो सकता है, लेकिन ईश्वर अधिक प्रसन्न नहीं होता है। हां, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि हर चीज़ की तरह जीवन भी स्तरित होता है। हम बिज़नेस क्लास एयर टिकट, ज्यादा सामान और बिजली की सी तेज़ रफ्तार वाली डिलीवरी के लिए अतिरिक्त पैसा देते हैं । कतार की प्राचीन नैतिकता कि पहले आओ पहले पाओ को निरंतरता से अनदेखा किया जा रहा है। आज की नैतिकता यह है कि आपको वह पहले मिलता है, जिसके लिए आप पैसा देते हैं।ज्यादा चाहिए? ज्यादा पैसा दीजिये। लेकिन इससे वह लोग कहां रह जाते हैं, जिनके पास पैसे की कमी है ? वह स्थायी तौरपर कतार में पीछे खड़े रहें। यही जीवन है । हम अपने कंधे उचकाकर कह सकते हैं कि अब कुछ भी पवित्र नहीं रहा है, लेकिन पूजा को भी हर चीज़ की तरह बिकाऊ वस्तु बना देना उसके महत्व को कम कर देना है,जबकि वह अंतिम महान समानता थी।

शायद ऐतिहासिक मंदिरों में भीड़ प्रबंधन नये समाधान व शुल्क संरचना चाहता है, लेकिन यह जानना दिलचस्प है कि नये मंदिर भुगतान मॉडल से बचते हैं। एक बार मैं सोमवार को दिल्ली में थी और मैं जिनके यहां ठहरी हुई थी वह मुझे भाटी माइंस क्षेत्र में बड़े मंदिर लेकर गये, जिसका निर्माण 1990 के दशक में हुआ था। वहां एक कतार थी, नियम चुप रहने का था, ख़ामोशी से प्रसाद लेना था और लंगर के दिनों में एक थाली को चार अंजान व्यक्तियों के साथ शेयर करना था। इसके सिर्फ़ आध्यात्मिक वातावरण ही ने नहीं बल्कि लोगों के शालीन व्यवहार ने भी मुझे प्रभावित किया। धार्मिक ग्रंथों का यह आदेश कि अपने पड़ोसियों से प्रेम करो, कभी कभी सच भी महसूस होता है।

दैनिक विनय उजाला
–इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर

# संत अगर नहीं होते तो भारत की क्या दशा होती, विचारणीय प्रश्न है?



विनय उजाला

श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति, इन्दौर की कालजयी साहित्यकार पुण्य स्मरण श्रृंखला की 106वीं श्रृंखला में समाज के लिए अपना जीवन आहूत करने वाली नाम के अनुरूप संत दया बाई को आदर के साथ याद किया गया। परमार्थ के लिए बनाये गये चरणदासी सम्प्रदाय द्वारा संत मत का प्रचार कर सामाजिक जागरण का कार्य संत चरणदास ने किया था और उन्हीं की अनन्य भक्त दया बाई शिष्या थी, जिन्होंने निर्गुण मत के माध्यम से ईश्वर की उपासना, जन जागृति और आध्यात्मिक जीवन को समाज के समक्ष रखा। सन् 1693 में जन्मीं मुख्यता उत्तर भारत, बिहार, तीर्थ स्थान बिठूर, कानपुर आदि स्थानों में जनजाग्रति के साथ दयाबाई ने गुरु महिमा पर विशिष्ट रूप से अपनी बातें अपने काव्य के माध्यम से कहीं। श्री अरविन्द जोशी ने उनके बारे में कहा कि वो चरणदासी सम्प्रदाय की थीं। सहजो बाई की गुरु बहन उन्होंने अपने नाम के अनुरूप ही इस संसार की सेवा की। श्रीमती राधा इंगले ने उनके कई दोहे पढ़े विशेषकर गुरु महिमा और आध्यात्म से संबंधित। श्री भरत उपाध्याय ने उन्हें मीरा बाई के समान ही भक्ति जगत का साहित्यकार बताया। डॉ. पुष्पेन्द्र दुबे ने कहा कि यदि भारत में संत न हुआ करते तो इसकी दशा क्या होती? विचारणीय है। संतों ने इस समाज को जाग्रत करने, ईश्वर में विश्वास पैदा करने के साथ राष्ट्रभक्ति के भी संदेश अपनी रचनाओं में दिये। इस विषयक उन्होंने दया बाई की रचनाओं का पाठ भी किया. कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रचारमंत्री हरेराम वाजपेयी ने संत दया बाई का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया। आभार समिति के कार्यवाहक प्रधानमंत्री श्री घनश्याम यादव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर पुस्तकालय मंत्री श्री अरविन्द ओझा, नयन राठी, श्याम सिंह, जयंत तिकोटकर, महेश लोंदवाल, आशीष जोशी आदि सुधीजन उपस्थित थे।

# मेरी टाइम दिवस पर डॉ (इंजीनियर) सांवरलाल शर्मा के उद्गार



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** समुन्दर सबसे बड़ा एफ्लुएंट ट्रीटमेन्ट प्लांट इंस्टीटूशन ऑफ़ इंजीनियर भोपाल चैप्टर द्वारा 5 अप्रैल 2025 को इंस्टीटूशन के केंद्र मे मेरी टाइम दिवस मनाया गया।

इस उपलक्ष मई मुख्य वक्ता के बतौर डॉ सांवरलाल शर्मा पूर्व नौसेना अधिकारी ने अपना समुन्दर ,अपनी जबाबदारिया एवं अपनी सामुद्रिक अवसर ,विषय पर बोलते हुए कहा की हमारी आर्थिक जोन को 200 सामुद्रिक माइल्स से बड़ा कर 350 सामुद्रिक माइल्स के लिए भारत ने सयुक्त राष्ट्र मे आवेदन किया है सामुद्रिक ब्यापारिक रास्ते एवं समुद्र को मानवीय गंदगी, दुर्घटना से हुई गंदगी से तत्काल सुरक्षा की जरुरत है, सभी देशों को इंटरनेशनल मेरी टाइम आर्गेनाईजेशन के कानून को शक्ति से मानने के जरुरत पर जोर दिया।

डॉ शर्मा कहते है की सागर अपने आप मे एक प्रकृतिक ट्रीटमेंट प्लांट है जो विश्व की सभी प्रकार की गंदगी को अवसादित करता है जो पूर्ण रूप से प्राकृतिक है इस से सागर मे जीवन एवं पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षा मिलती है सागर से ही पानी की प्राकतिक साइकिल को भी सम्बल मिलता है मेरी टाइम सिल्क रूट (हिन्द महा सागर ट्रेड रूट )जो चीन, दक्षिण एशिया, साउथ अफ्रीका,अरब देश एवं मेडिटेरियन देशों से होते हुए सुएज नहर तक जाती है।

प्रधान मंत्री के सागरमंथन योजना के अंतर्गत भारत की 7500 किलीमीटर की सामुद्रिक सीमा 12 बड़े बंदरगाह अवं 200 छोटे बंदरगाह की छमता को विकसित करना एवं भारत को ग्लोबल ट्रेड हब बनाना लक्ष है।

इस अवशर पर भेल के जनरल मैनेजर श्री इंजीनियर प्रदीप उपाध्याय जी मुख्या अतिथि बतौर बोलते हुए सागर विज्ञानं पर प्रकाश डाला तथा इंस्टीटूशन ऑफ़ इंजीनियरस को हमेशा भेल का सहयोग देने का आश्वाशन भी दिया। श्री राकेश राठोड कौंसिल मेंबर ने भारत के पुराने युग मे सामुद्रिक ब्यापार की चर्चा करी।

श्री इंजीनियर अशोक शर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे मेरी टाइम दिवस की महत्ता की चर्चा करते हुए पुरातत्व युग मे सागर की महत्ता का उल्लेख किया श्री अशोक शर्मा ने भेल की तरफ से दिए गए सहयोग की सराहना भी की, श्री प्रदीप जी जनरल मैनेजर भेल का धन्यवाद् किया।

सैम पित्रोदा ने कांग्रेस को दिखाया आईना

# कांग्रेस पिछले प्रस्ताव तो अमल में लाई नहीं, तो ऐसी बैठकों का नतीजा किया

नई दिल्ली

**कांग्रेस का 84वां अधिवेशन आज 8 अप्रैल को अहमदाबाद में शुरू हो गया है। कांग्रेस के नेता देश भर से गुजरात के अहमदाबाद में जुट चुके हैं। उस राज्य में जिसे पार्टी पिछले तीन दशकों से जीत नहीं सकी है। अगले दो दिनों तक पार्टी तात्कालिक राजनीतिक दिशा को लेकर मंथन करेगी।**

उम्मीद है कि यह बैठक पार्टी में छाई निराशा और उदासी को दूर करने में मदद करे। पर सवाल यह उठता है कि ऐसी बैठकों का नतीजा क्या होता है? बड़े-बडे फैसले लिए जाते हैं जो कभी पूरे नहीं किए जाते हैं। ये ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा कह रहे हैं। पित्रोदा ने कहा कि मुझे गर्व है कि पार्टी गुजरात में अधिवेशन कर रही है। मेरा मानना है कि कांग्रेस के अधिवेशन में आइडियोलॉजी पर अच्छी चर्चा होती है, लेकिन एग्जिक्यूशन नहीं हो पाता। इससे पहले रायपुर और जयपुर में सम्मेलन आयोजित किए गए थे। पार्टी को जिम्मेदारों से पूछना चाहिए कि उस समय जो सुझाव आए उनका कितना एग्जिक्यूशन हो पाया? सैम पित्रोदा जयपुर और रायपुर अधिवेशन की बात कर रहे हैं। पर उदयपुर अधिवेशन में भी बहुत सी जरूरी बातों पर गौर की गईं थीं। वैसे किसी भी पार्टी में इस तरह की बातों का का कोई मतलब नहीं रह गया है।



## ताकतवर लोग इन नियमों के खांचे से बाहर के होते हैं

उदयपुर की कुछ प्रस्तावनाएं महत्वाकांक्षी थीं। नए लोगों को मौका देने के लिए पदों की अधिकतम अवधि पांच साल तय करना, एक व्यक्ति, एक पद और एक परिवार, एक टिकट जैसे सिद्धांत लागू करना, सीडब्ल्यूसी से लेकर ब्लॉक स्तर की सभी समितियों में 50 प्रतिशत पदों को 50 वर्ष से कम आयु के लोगों के लिए आरक्षित करना। देखने में यह कितनी आदर्शवादी बाते हैं। अगर ऐसा हो जाए तो वास्तव में पार्टी में गुणात्मक सुधार हो जाए। पर इनमें से कुछ भी लागू नहीं हुआ। पर यह उतना आसान भी नहीं है। जितना समझा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी जैसी सत्ताधारी पार्टी में भी यह संभव नहीं हो पा रहा है। क्योंकि चुनाव जीतने के लिए ताकतवर लोगों की जरूरत होती है। ताकतवर लोग इन नियमों के खांचे से बाहर के होते हैं। पर कुछ ऐसे काम जैसे राष्ट्रीय स्तर पर तीन नए विभाग बनाने की घोषणा - एक 'जन भावना विभाग' जो जनता की राय का लगातार आंकलन करे, एक राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान, और एक एआईसीसी चुनाव प्रबंधन विभाग जो चुनावों की तैयारी समय से पहले सुनिश्चित करे आदि पर तो काम हो ही सकता था।

## गुजरात चुनावों में कांग्रेस की उम्मीदें बहुत कम

गुजरात में 2012, 2017 के विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों में जितने वोट मिले हैं उसे देखकर यही कहा जा सकता है कि कांग्रेस के लिए उम्मीदें बहुत हैं। पर उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती संगठन की है। राहुल गांधी इस बात को समझ रहे हैं। वो बार-बार कह रहे हैं कि कांग्रेस में बहुत से लोग हैं जो बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं। पर जिस राज्य में 25 साल से कांग्रेस सत्ता में नहीं है उस राज्य में ऐसा होना कोई बड़ी बात नहीं है। राहुल की बात को इस तरह समझ सकते हैं कि कांग्रेस राज्य की सत्ता से कई दशक से गायब है, लेकिन उसके नेताओं का कारोबार दिन-रात बढ़ा हुआ है, वह भी तब जब राज्य में बीजेपी की सरकार है। 2017 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को करीब 42 प्रतिशत वोट मिले थे। इसी तरह लोकसभा चुनावों में भी करीब 31 प्रतिशत मिले हैं। मतलब कांग्रेस अभी भी दौड़ लगाए तो रेस जीत सकती है। पर उसके लिए इमानदार संगठन तो होना चाहिए। कांग्रेस के सभी बड़े नेता बीजेपी का दामन थाम चुके हैं।

## स्टांप चोरी में अब्दुल्ला आजम पर 3.70 करोड़ का जुर्माना



**लखनऊ, (एजेंसी)। स्टांप चोरी के मामले में सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां फंस गए हैं। स्टांप चोरी के तीन मामलों में डीएम कोर्ट ने उन पर 3.70 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। डीएम कोर्ट ने मंगलवार को यह फैसला दिया।**

कोर्ट ने तीन मामलों में उन्हें दोषी माना है। स्टांप चोरी का यह मामला शहर से सटे घाटमपुर-बेनजीर से जुड़ा हुआ है। यहां पर सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम ने वर्ष 2021- 2022 में जमीन के चार रकबे खरीदे थे। चार अलग-अलग जमीनों पर खरीदे गए स्टांप शुल्क पर चोरी का आरोप लगा था। वर्ष 2023 में इस मामले में तत्कालीन एसडीएम ने डीएम को इस मामले की रिपोर्ट भेजते हुए स्टांप शुल्क चोरी की रिपोर्ट भेजी थी। इसके बाद डीएम कोर्ट में इस मामले को दर्ज किया गया था। डीएम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही थी। अब इस पर फैसला आ गया है।

## चुनाव से पहले मंत्रियों को बिहार सरकार की सौगात

# वेतन और भत्ते में की बढ़ोतरी 27,370 पदों पर भर्तियां होंगी

पटना, (एजेंसी.)

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक संपन्न हो गई। इसमें कुल 27 प्रस्तावों पर मुहर लगी। खास बात यह है कि चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने अपने मंत्रियों के वेतन और भत्ते में इजाफा कर दिया है। यानी अब राज्य मंत्रि और उप मंत्रियों का मासिक वेतन 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 65 हजार रुपये कर दिया गया।**

वहीं क्षेत्रीय भत्ता 55 हजार से बढ़ाकर 70 हजार और दैनिक भत्ता तीन हजार से 3500 कर दिया गया है। इसी तरह उप मंत्रियों के वेतन में भी बढ़ोतरी की गई है। सरकार ने मंत्रियों आतिथ्य भत्ता में भी बढ़ोतर की है। इसे 24 हजार से बढ़ाकर साढ़े 29 हजार कर दिया गया है। वहीं उप मंत्रियों को अब साढ़े 23 हजार की जगह 29 हजार रुपये आतिथ्य भत्ता के रूप में दिया गया है। इतना ही नहीं मंत्री और उप मंत्री को सरकारी कर्तव्य के लिए 15 रुपये प्रति किलोमीटर 25 रुपये प्रतिकिलोमीटर की राशि दी जाएगी। सरकार ने मंत्री वेतन-भत्ते में संशोधन नियमावली 2006 को भी स्वीकृति दी गई है।

## इन विभागों में बहाली के प्रस्ताव पर सीएम नीतीश ने दी स्वीकृति



कैबिनेट की बैठक में नीतीश सरकार ने कृषि, नगर विकास एवं आवास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वित्त विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग और उद्योग विभाग के 27 अहम प्रस्तावों पर अपनी मंजूरी दे दी है। नीतीश सरकार नौकरी को लेकर किए गए वादों को पूरा करने की कवायदा में जुट गई है।

पुलिस विभाग के बाद अब स्वास्थ्य विभाग में भी बंपर बहाली होने जा रही है। कैबिनेट ने 20,016 पदों पर बहाली को मंजूरी दे दी है। इसके तहत कुल तीन निदेशक बनाए जाएंगे। शैयायुक्त आयुष अस्पताल, नवाब मंजिल, पटना के संचालन के लिए भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के आलोक में राजपत्रित और अराजपत्रित संवर्ग के कुल 36 नए पदों का सृजन किया गया है। इसके अलावा, कृषि विभाग में 2,590 और मद्य निषेध विभाग में 48 नए पदों की स्वीकृति दी गई है। मंत्रिमंडल ने बिहार राज्य उर्दू अनुवादक संवर्ग नियमावली-2016 के अधीन सहायक उर्दू अनुवादक के कुल 1653 पदों के सृजन को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस तरह कुल 27,370 से भी अधिक पदों पर नई नियुक्तियों के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है।

### इन जिलों में खुलेगा नया उत्पाद रसायन प्रयोगशाला

इसी तरह मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अंतर्गत राज्य के कुल छह जिलों - रोहतास, औरंगाबाद, पश्चिम चंपारण, बेगूसराय, किशनगंज और गोपालगंज में स्थायी रूप से एक-एक नया उत्पाद रसायन प्रयोगशाला खोला जाएगा। इन प्रयोगशालाओं में परीक्षक, प्रयोगशाला सहायक, प्रयोगशाला तकनीशियन, निम्न वर्गीय लिपिक और उत्पाद एवं कार्यालय परिचारी के कुल 48 नए पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व क्रिकेटर केदार जाधव ने थामा भाजपा का दामन



**मुंबई, (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव क्रिकेट के बाद राजनीति में अपनी पारी शुरू करने वाले हैं। मंगलवार को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में केदार जाधव भाजपा में सामिल हो गए। मुंबई में महाराष्ट्र के मंत्री और राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। चंद्रशेखर बावनकुले ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई।

भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव ने कहा, 2014 से जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है, उन्हें जिस तरह का प्यार और समर्थन मिला है और जिस तरह की उपलब्धियां पीएम मोदी और सीएम देवेंद्र फडणवीस ने हासिल की हैं, मुझे लगता है कि यह बहुत प्रेरणादायक है। मेरा लक्ष्य उनके नक्शेकदम पर चलना है और भाजपा के लिए जो भी छोटा योगदान हो सके, वह करना है। मुझे पूरा विश्वास है कि मुझे जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, मैं उसे पूरी ईमानदारी से निभाने की कोशिश करूंगा। केदार जाधव ने पिछले साल जून में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए दी थी। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत के लिए अपना आखिरी मैच आठ फरवरी, 2020 को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। चार मैचों की वनडे सीरीज में उन्होंने सिर्फ 35 रन बनाए थे। इस सीरीज में उन्हें सिर्फ दो मुकाबलों में प्लेइंग 11 का हिस्सा बनाया गया था।

### राहुल की राष्ट्रपति को चिट्ठी, लिखा- बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में जो गलत नहीं हैं, उनकी नौकरी बचाएं

**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में 25 हजार 753 टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति रद्द करने के मामले में राहुल गांधी ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चिट्ठी लिखी। राहुल ने राष्ट्रपति से मांग की है कि जो लोग निर्दोष हैं, उन्हें नौकरी में बने रहने देना चाहिए। राहुल ने कहा- मैं वेस्ट बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन भर्ती में हुए घोटाले की निंदा करता हूं। राष्ट्रपति खुद एक टीचर रही हैं। 25 हजार 753 लोगों कई ऐसे भी हैं, जो निर्दोष हैं। उनका इस घोटाले से कोई लेना देना नहीं है। उनकी बर्खास्तगी से शिक्षा प्रणाली और परिवार के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।



उधर, सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने स्कूल कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त पदों को बढ़ाने को लेकर पश्चिम बंगाल कैबिनेट के फैसले की सीबीआई जांच पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिज संजीव खन्ना की बेंच ने कहा, कैबिनेट के निर्णय की जांच सीबीआई को सौंपने का कलकत्ता हाईकोर्ट का फैसला उचित नहीं था। हालांकि, बेंच ने 25 हजार 753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया मामले की जांच जारी रखने की बात कही है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को इन नियुक्तियों को गलत बताया था। साथ ही कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को सही बताया था, जिसमें नियुक्तियों को रद्द कर दिया था।

### बिहार में सांसद सिग्रीवाल पर ईंट-पत्थर से हमला

**पटना, (एजेंसी)।** बिहार में सांसद जनार्दन सिग्रीवाल और उनके साथ मौजूद प्रशासनिक टीम पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इस पथराव की वजह से वहां कुछ देर के लिए अफरातफरी की स्थिति बन गई। दरअसल सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल मंगलवार को सीवान में मौजूद थे। सीवान में केंद्रीय विद्यालय के लिए भूमि निरीक्षण के लिए सांसद वहां पहुंचे थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हरकेशपुर गांव में जनार्दन सिंह सिग्रीवाल जिलाधिकारी मुकुल कुमार के साथ भूमि निरीक्षण के लिए गए थे। जब सांसद और प्रशासनिक टीम भूमि निरीक्षण कर वापस लौट रही थी तब अचानक कुछ ग्रामीणों ने ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। कहा जा रहा है कि इस दौरान कुछ हमलावरों के हाथ में लाठी-डंडे भी थे। प्रशासनिक टीम ने किसी तरह वहां मोर्चा संभाला और सांसद तथा डीएम को सुरक्षित तरीके से वहां से निकाला गया। बताया जा रहा है कि इस हमले में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। लेकिन हमले के दौरान अफरातफरी की स्थिति बन गई थी।

# पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे ने मारी राजनीति में एंट्री

## हिंद सेना लड़ेगी बिहार विधानसभा चुनाव

पटना, (एजेंसी)



हाल में ही अपने पद से इस्तीफ देने वाले पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप वामनराव लांडे ने बिहार की राजनीति में अपना कदम रख दिया है। उन्होंने हिन्द सेना नाम से अपनी नई पार्टी बनाई है। पार्टी का सिंबल खाकी बैकग्राउंड में बना त्रिपुंड है। लांडे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमलोगों ने यह फैसला लिय गया कि हमारी पार्टी इस बार बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी। मैं भी चुनावी मैदान में उतरना चाहता हूं। आम लोगों से अपील है कि जो बिहार को बदलना चाहते हैं या जो भी लोग बिहार में बदलाव चाहते हैं, उन सभी का हिन्द सेना में स्वागत है।

पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कहा कि बिहार का युवा बदलाव चाहता है। कई राजनीतिक पार्टियों की ओर से मुझे राज्यसभा भेजने, मंत्री और मुख्यमंत्री फेस बनाने का ऑफर दिया गया। लेकिन, मैंने इसे खारिज कर दिया। मैं बिहार में बदलाव चाहता हूं। यहां के युवा अगर चाहे तो वह बदलाव ला सकते हैं। वह इस महत्वपूर्ण आंदोलन का हिस्सा बनें। हमें विश्वास है कि हमारे युवा समाज में बदलाव लाने की शक्ति रखते हैं, और हम उन्हें हमारे मिशन में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं।

### समाज में हर व्यक्ति को समान अवसर मिलना चाहिए

शिवदीप लांडे ने बताया कि समानता, न्याय और सेवा हिंद सेना की मुख्य विचारधारा है। हमारा मानना है कि समाज में हर व्यक्ति को समान अवसर मिलना चाहिए, हर किसी को न्याय मिलना चाहिए, और हर नागरिक को सेवा का समान अधिकार होना चाहिए। इन तीन मूलभूत सिद्धांतों के आधार पर, हिंद सेना हर नागरिक की गरिमा और अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हिंद सेना का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्ति नहीं है, बल्कि यह एक आंदोलन है, जो समाज में समानता, न्याय और सेवा की भावना को स्थापित करेगा। हम सभी नागरिकों को उनके अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी मिलकर सेवा भाव से एक समान, न्यायपूर्ण समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# आप पार्टी ने गुलाब सिंह को गुजरात का सहप्रभारी नियुक्त किया

अहमदाबाद (एजेंसी)

आम आदमी पार्टी ने गुलाब सिंह यादव को गुजरात का सह प्रभारी नियुक्त किया है। गुलाब सिंह ने भी पार्टी की ओर से मिली इस नई जिम्मेदारी के लिए आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद किया है। गुलाब सिंह यादव वही शख्स हैं जिसका पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में टिकट काटा था। अब उन्हें गुजरात में नई कमान सौंपी गई है। गुजरात का सह प्रभारी बनाए जाने पर गुलाब सिंह यादव ने अपने एक्स अकाउंट से लिखा कि लगता है गुजरात से कोई पुराना नाता है -शुक्रिया अरविंद केजरीवाल। सर आप ने मुझ पर फिर से भरोसा दिखाया मैं हर संभव प्रयास करूंगा। इस बार गुजरात में एक नए आंदोलन की शुरुआत हो लोग खुद भाजपा को उखाड़ फैंकने के लिए तैयार होंगे। उन्होंने आम आदमी पार्टी के एक्स हैंडल पर किए पोस्ट पर रिपोस्ट करते हुए ये बातें लिखी थीं।



# हेमंत कैबिनेट ने 8900 शिक्षकों की बहाली पर लिया बड़ा फैसला

रांची, (हि.स.)

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 8 अप्रैल 2025 को हुई झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। सरकार ने जल संसाधन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में लिपिक और टंकण जैसे पदों पर नियुक्ति के लिए नई भर्ती नियमावली 2025 को मंजूरी दी है। इसके अलावा, एविएशन टरबाइन फ्यूल पर लगने वाले वैट टैक्स की दर में बदलाव को भी स्वीकृति दी गई है।

वहीं सरकारी अस्पतालों को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं से मिलने वाले क्लेम की अधिकतम राशि के बेहतर उपयोग के लिए नए दिशा-निर्देश बनाने की स्वीकृति दी गई है, जिससे अस्पतालों की सेवाओं को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुधारा जा सके। वहीं, आवासीय विद्यालयों में पढ़ाई के लिए अंशकालिक शिक्षकों की नियुक्ति की मौजूदा व्यवस्था को आगे भी जारी रखने की अनुमति दे दी गई है।




### कर्ज को लेकर नियम-शर्तों को मंजूरी दी

राष्ट्रीय आवास बैंकसे शहरों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए मिलने वाले कर्ज को लेकर जरूरी कागजी कार्रवाई और नियम-शर्तों को मंजूरी दी गई है। राज्य के सरकारी माध्यमिक और +2 विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी को देखते हुए सरकार ने लगभग 8,900 पदों की बहाली और 1,373 माध्यमिक आचार्य पदों के सृजन का भी निर्णय लिया है। पंचम राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों पर की गई अंतरिम कार्रवाई को भी मंत्रिपरिषद ने औपचारिक मंजूरी दी है। आयोग की रिपोर्ट और उस पर हुई कार्यवाही को विधानसभा में रखने की स्वीकृति भी दे दी गई है। अंत में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर भेजने और उससे संबंधित खर्च को भी हरी झंडी मिल गई है, जिससे झारखंड में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा दिया जा सके।

पार्टी पंजीकरण रद्द करने के लिए दायर याचिका पर भड़की

# क्षेत्रीय दलों को खत्म करना चाहती भाजपा : मनसे

मुंबई, (एजेंसी)

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक व्यक्ति द्वारा पार्टी का पंजीकरण रद्द करने को लेकर दायर की गई याचिका पर कड़ा विरोध जताया है। पार्टी ने कहा कि अब उन्हें यह विचार करना होगा कि क्या उत्तर भारतीयों को राज्य में रहने की अनुमति दी जानी चाहिए? मनसे के प्रवक्ता और मुंबई अध्यक्ष संदीप देशपांडे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर क्षेत्रीय पार्टियों को खत्म करने की साजिश करने का आरोप लगाया।

दरअसल उत्तर भारतीय विकास सेना से जुड़े सुनील शुक्ला ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने मनसे के पंजीकरण को रद्द करने की मांग की है। सुनील शुक्ला ने कहा कि मनसे न सिर्फ उत्तर भारतीयों के खिलाफ है, बल्कि हिंदुओं के खिलाफ भी है, क्योंकि मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा जिन बैंक अधिकारियों पर हमला किया था, वे भी हिंदू थे।



मनसे के प्रवक्ता संदीप देशपांडे ने अपनी पोस्ट में लिखा, एक अजीब भैया (उत्तर भारतीय) ने कोर्ट में जाकर मनसे के पंजीकरण को रद्द करने की याचिका दायर की है। अगर उत्तर भारतीय एक पार्टी को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं जो मराठी मानुष के लिए काम करती है, तो हमें सोचना होगा कि क्या उन्हें मुंबई और महाराष्ट्र में रहने की अनुमति दी जानी चाहिए?

### भाजपा पर भड़की मनसे

उन्होंने यह भी कहा, यह भाजपा का काम है, जो क्षेत्रीय पार्टियों को खत्म करना चाहती है। वे यह काम अपने चमचों के जरिए कर रहे हैं। हमें उनसे डर नहीं लगता। वहीं शिवसेना नेता संजय निरुपम ने कहा कि मनसे या किसी अन्य पार्टी का यह कहना कि महाराष्ट्र में लोग मराठी बोलें, यह गलत नहीं है। हालांकि बैंक अधिकारियों पर हमले को उन्होंने गलत बताया और पार्टी से इस पर कार्रवाई की मांग की।

फैसला मौजूदा पायलट प्रोग्राम से मिली सीखों के आधार पर लेगी

# मोदी सरकार इस माह से लांच कर सकती है 10831.07 करोड़ की स्कीम

नई दिल्ली,(एजेंसी)

**प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। केंद्र सरकार इसी वर्ष में सितंबर में इस स्कीम को पूरी तरह से लांच कर सकती है। हालांकि सरकार यह फैसला मौजूदा पायलट प्रोग्राम से मिली सीखों के आधार पर लेगी।**

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से जुड़े सूत्रों का कहना है कि, हमने 3 अक्टूबर 2024 को पायलट स्कीम की शुरुआत की थी। इसमें हमें बेहद अहम जानकारी और अनुभव मिले है। अब हम इस स्कीम को अगले पांच से छह में माह में विधिवत तरीके से लांच कर सकते है। इस योजना की शुरुआत के लिए कॉरपोरेट मंत्रालय को केंद्रीय मंत्रिमंडल से भी मंजूरी लेनी होगी।



युवाओं को रोजगार की योग्यता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई इस स्कीम के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए आवंटन बढ़ाया है। सरकार ने आवंटन को संशोधित अनुमान 380 करोड़ से बढ़ाकर 10,831.07 करोड़ कर दिया गया है। सरकार ने स्कीम के पहले चरण में 1,27,000 से अधिक इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए गए थे। जबकि दूसरे चरण में यह संख्या करीब 1,15,000 रही। दिसंबर 2024 से अब तक 28,000 से अधिक चयनित उम्मीदवारों में से केवल 8,700 ने स्कीम के तहत इंटर्नशिप शुरू की है। स्कीम के पायलट के दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। मंत्रालय ने हाल ही में प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है।

दूसरी तरफ संसदीय पैनल ने स्कीम से जुड़ी कई समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया है। समिति ने बताया है जैसे इंटर्नशिप के अवसरों और वास्तविक भागीदारी के बीच अंतर, इंटर्न्स में लैंगिक असमानता और फंड्स का कम उपयोग है।

### पीएम इंटर्नशिप स्कीम की घोषणा की थी

पीएम इंटर्नशिप स्कीम की घोषणा 2024-25 में की गई थी। केंद्र सरकार की यह योजना शीर्ष 500 कंपनियों के साथ साझेदारी में चल रही है, जो पिछले तीन वर्षों में उनके औसत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व व्यय पर आधारित होगी। इसमें भागीदारी स्वैच्छिक है, लेकिन इसका उद्देश्य युवाओं को एक बड़ा मंच प्रदान करना है। इस योजना का लक्ष्य न केवल युवाओं को अनुभव प्रदान करना है, बल्कि उन्हें रोजगार के अवसरों से भी जोड़ना है, जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। इस स्कीम के लिए चयनित उम्मीदवारों को एकमुश्त 6,000 रुपये का भत्ता और 4,500 रुपये का मासिक वजीफा मिलेगा। इसके अलावा, कंपनियों द्वारा प्रत्येक उम्मीदवार को प्रति माह 500 रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जल गंगा संवर्धन अभियान : विधायक, निगम अध्यक्ष ने किया कमल तालाब पर श्रमदान



**उज्जैन, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को कोठी रोड स्थित कमल तालाब पर नगर निगम द्वारा श्रमदान अभियान आयोजित किया गया। जिसमें उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, निगम अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिक द्वारा उपस्थित रहकर तालाब परिसर की सफाई का कार्य किया गया। इस दौरान एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत, जोन अध्यक्ष सुरेंद्र मेहर, पार्षद श्रीमती नीलम राजा कालरा, नगर उपाध्यक्ष मुकेश यादव, आनंद खींची, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, श्रीमती आरती खेडेकर, जोनल अधिकारी मनोज राजवानी एवं सामाजिक संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### निगम ने किया चल समारोह का स्वागत



**उज्जैन, निप्र।** मंगलवार को विश्व बंजारा दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा गोपाल मंदिर पुराना नगर निगम कार्यालय के बाहर मंच के माध्यम से बंजारा समाज द्वारा निकाले गए चल समारोह एवं वाहन रैली का स्वागत पुष्प वर्षा करते हुए किया गया। साथ ही समाज के वरिष्ठ जनों का नेता प्रतिपक्ष रवि राय, पार्षद छोटेलाल मंडलोई, इमरान खान द्वारा साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनकर स्वागत किया गया।

### गंदगी मिलने पर कृष कैफे पर 10 हजार का जुर्माना



**उज्जैन, निप्र।** मंगलवार को नगर निगम जोन क्रमांक 6 अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा निगम आयुक्त आशीष पाठक के निर्देश अनुसार कार्यवाही करते हुए नानाखेड़ा थाने के सामने स्थित कृष कैफे का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कैफे पर कचरा सेग्रीगेशन नहीं मिलने, गंदगी पाए जाने तथा अमानक स्तर की प्लास्टिक का उपयोग करते पाए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौड़, स्वास्थ्य निरीक्षक अजय दावरे द्वारा दस हजार का जुर्माना लगाया गया।

### बावन कुंड का किया गया साफ एवं स्वच्छ

**उज्जैन, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम द्वारा निगम आयुक्त आशीष पाठक के निर्देश अनुसार प्रतिदिन नदी, तालाबों की सफाई उद्यान का रखरखाव, सौंदर्य करण का कार्य किया जा रहा है जिसके क्रम में केडी पैलेस स्थित बावन कुंड की सफाई का कार्य नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा विगत तीन दिनों से किया जा रहा है जिसके क्रम में मंगलवार को कुंड की समुचित सफाई का कार्य पूर्ण किया गया। बावन कुंड की सफाई का कार्य अपर आयुक्त संदीप शिवा के नेतृत्व में स्वास्थ्य अधिकारी हरिश व्यास एवं स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा संपादित किया गया।

### खुले में कचरा फेंकने वालों के फोटो-वीडियो भेजने वालो को निगम देगा पुरस्कार

**उज्जैन, निप्र।** स्वच्छता एवं शहर को कचरा मुक्त बनाए जाने हेतु मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर में गली, मोहल्लों एवं वार्डों में जो भी खुले में कचरा फेंकते पाया जाए ऐसे लोगों का जिस किसी भी व्यक्ति द्वारा वीडियो या फोटो निगम को उपलब्ध करवाया जाएगा उन्हें नगर निगम द्वारा पुरस्कृत करने का कार्य करते हुए पुरस्कार स्वरूप राशि भेंट की जाएगी। इसके लिए नगर निगम द्वारा विधिवत टोल फ्री नंबर भी जारी किया जाएगा। जिस पर फोटो एवं वीडियो भेजे जा सकते हैं। जिस किसी भी व्यक्ति द्वारा इस प्रकार के फोटो भेजे जाते हैं। जिसमें कोई व्यक्ति खुले में कचरा फेंकते पाए जाए तो भेजने वाले व्यक्ति का नाम एवं मोबाइल नंबर गोपनीय रखा जाएगा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य सत्यनारायण चौहान, उपायुक्त संजेश गुप्ता उपस्थित रहें।

### श्रमिकों को पंजीकर्त करने हेतु अभियान 17 तक

**उज्जैन, निप्र।** संभागीय सहायक श्रमायुक्त ने जानकारी दी कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार संगठित और असंगठित क्षेत्रों के साथ-साथ गिग / प्लेटफॉर्म वर्कस श्रमिकों सहित सभी श्रेणियों के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी वितरण के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय डाटाबेस ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। इस योजना के कियान्वयन हेतु जिला स्तर पर ई-श्रम पोर्टल तथा संबल पोर्टल पर गिग/प्लेटफॉर्म वर्कस श्रमिकों को पंजीकृत करने के लिए आगामी 17 अप्रैल तक उज्जैन जिले में विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। इसमें डिलेवर सर्विसेस जैसे ईकॉम, डिलेवरी पार्सल एवं फुड डिलेवरी बॉय, स्वीगी, जमेटो, वाहन चालक (रेपिडो, ओला, जुगनु सर्विसेस) इत्यादि पंजीयन हेतु पात्र है। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन हेतु आवेदक स्वयं भी सी.एस.सी सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं एम.पी. ऑनलाइन जाकर अपना पंजीयन करा सकते है। श्रमिकों के पंजीयन के लिए ?शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत आगामी 11 अप्रैल को टॉवर चौक फ्रिगंज पर शाम 05 बजे से 06 बजे तक ओर नगर पालिका निगम शिवाजी भवन पर आगामी 17 अप्रैल को दोपहर 03 बजे से 04 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। पंजीयन संबंधि जानकारी के लिए कार्यालय श्रमायुक्त, प्रथम तल, बस स्टेंण्ड नानाखेडा उज्जैन पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## जल संकट : 15 अप्रैल से एक दिन छोड़कर होगा जल प्रदाय

# महापौर ने किया अधिकारियों संग गंभीर डेम का निरीक्षण

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** शहर की जल प्रदाय व्यवस्था का मुख्य केंद्र गंभीर बांध में वर्तमान में 790 एमसीएफटी पानी की क्षमता है जिससे 70 दिनों तक शहर में पेयजल सप्लाई किया जा सकता है मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा, एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत, अपर आयुक्त संदीप शिवा, कार्यपालन केदार खत्री के साथ गंभीर बांध का निरीक्षण किया जाकर शहर की जल प्रदाय व्यवस्था की जानकारी ली गई। समीक्षा के दौरान निर्णय लिया गया कि 15 अप्रैल से शहर में एक दिन छोड़कर जल प्रदाय किया जाएगा। जिसमें 15 तारीख से दक्षिण क्षेत्र में एवं 16 तारीख को उत्तर क्षेत्र में जल प्रदाय होगा। इस प्रकार निरंतर शहर में जल प्रदाय किया जाएगा। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए की पूरी क्षमता के साथ पेयजल सप्लाई होना चाहिए। शहरवासियों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आए एवं पानी के अपव्यय को रोका जाए।

महापौर मुकेश टटवाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि शहर में प्रतिदिन जल प्रदाय के दौरान गंभीर बांध से 11 एमसीएफटी पानी लगता है। वर्तमान में गंभीर बांध की क्षमता 790 एमसीएफटी है। जिससे 70 दिनों तक पानी सप्लाई किया जा सकता है। इसलिए पीएचई विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण के दौरान 15 अप्रैल से एक दिन छोड़कर जल प्रदाय करने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि शहर के नागरिकों को पेयजल की समस्या ना आए। इसके लिए बोरिंग, मोटर पंप, हैंड पंप का संधारण किया जाए एवं जल प्रदाय के दौरान पानी के अपव्यय को रोकने के लिए लीकेज का संधारण करें। इसके लिए 6 जोन के अनुसार अधिकारियों, कर्मचारी को नियुक्त किया जाए। ताकि पीएचई की टीम वार्डों में भ्रमण करते हुए लीकेज का संधारण करने का कार्य करें।

## बारिश के पूर्व उमरना फाटक ब्रिज का कार्य पूर्ण होने का लक्ष्य

# रतलाम फाटक ब्रिज की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरु

## पांच साल पहले दोनों ओवर ब्रिज की हुई थी स्वीकृति

विनय उजाला



**नागदा जं., निप्र।** शहर विकास के लगभग पांच वर्ष पूर्व स्वीकृत रतलाम फाटक और उमरना रेलवे ओव्हरब्रिज का कार्य रेलवे ने अपने हिस्से का पूर्ण कर दिया था इसके बाद से कार्य रुका गया था। विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान द्वारा विधानसभा में मामला उठाया था, इस दौरान निर्माण कार्य में रुचि नहीं लेने वाली सूरत की कंपनी को सेतु निगम ने टर्मिनेट कर दिया है। एक ब्रिज के निर्माण कार्य का टेंडर राजकोट की कंपनी ने लिया है और 15 जून 2024 को शहर पहुंचकर निर्माण कार्य के लिए संसाधन जुटाना भी शुरू कर था, तब से उमरना फाटक का तेजगति से निर्माण कार्य चल रहा था बारिश के दौरान भी कार्य नहीं रुका। अब ब्रिज का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है जिसका पीछे मंशा है कि बारिश के पूर्व ब्रिज जनता का समर्पित कर दिया जाए। वहीं नागदा खाचरौद मार्ग पर एक पुलिया के कारण मार्ग बाधित होता है जिसक निर्माण कार्य भी रविवार से शुरु हो गया है। बता दे कि शासन द्वारा उमरना रेलवे फाटक, रतलाम रेलवे फाटक और खाचरौद में जावरा रेलवे फाटक पर फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति दी थी। इसमें खाचरौद का ओवर ब्रिज का निर्माण पूर्ण होकर वह शुरू भी हो चुका है। शहर के उमरना और रतलाम रेलवे फाटक ब्रिज निर्माण का ठेका सूरत की मेसर्स शिल्पकला कंपनी को मिला था। स्वीकृति के बाद दोनों की ब्रिज पर रेलवे ने अपने हिस्से का कार्य पूरा कर दिया, लेकिन सूरत की कंपनी ने कार्य की शुरूआत तक नहीं की। लंबे समय तक मामला अटका रहा। सेतु निगम ने काम शुरू करने के लिए ठेकेदार को नोटिस भी दिए, फिर भी काम शुरू नहीं हुआ। इस पर सेतु निगम ने उमरना फाटक के निर्माण कार्य में कंपनी को टर्मिनेट कर दिया। दिसंबर 2023 -जनवरी 2024 में नया टेंडर निकालकर राजकोट की जय जवान जय किसान कंपनी को ठेका दिया गया। कंपनी प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मसिंह पटेल ने बताया कि 11 इंजीनियरों की टीम ने आकर निरीक्षण कर कार्य शुरू किया है। पांच साल पहले रतलाम रेल फाटक समपार क्र-103 पर 11 करोड़ 84 लाख और उमरना समपार क्र- 107 पर 7 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से ओवर ब्रिज का टेंडर हुआ था, लेकिन अब इसकी लागत बढ़ चुकी है। बताया जा रहा है कि उमरना समपार का टेंडर लगभग 10 करोड़ की लागत का हुआ है।

**ब्रिज बनने तक 3 किमी का लगाना पड़ेगा फेरा**

रतलाम रेलवे फाटक मंडी और बिरलाग्राम क्षेत्र को जोड़ता है। गांवों से आने वाले ग्रामीण, स्कूल, उद्योग और अस्पताल जाने के लिए राहगीर रतलाम फाटक का उपयोग करते हैं। कई बार यह फाटक 15-20 मिनट तक बंद रहता है, क्योंकि अप और डाउन में लगातार तीन से चार ट्रेनें होने पर इसे खोला नहीं जाता है। ऐसे में राहगीरों के आराध्य पास इंतजार करने या फिर 3 किमी मनाई कार्य का फेरा लगाकर पुराने बस स्टैंड न्यू ओवर ब्रिज होकर आने के अलावा कोई रास्ता नहीं रहता। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए ही यहां ब्रिज का निर्माण हो रहा था, लेकिन ब्रिज निर्माण कार्य सालों से अटका हुआ था। अब इसके निर्माण की राह कुछ आसान होते नजर आ रही है। उमरना फाटक का काम शुरू कर दिया है।

## अंतरराष्ट्रीय विश्व जल दिवस पर दिया जल संरक्षण का संदेश



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** अंतरराष्ट्रीय विश्व जल दिवस पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उज्जैन संभाग द्वारा आयोजित की गई गतिविधियों का प्रतिवेदन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर (राज्य मंत्री दर्जा), कार्यपालक निदेशक महोदय डॉ. बकुल लाड़ को संभाग समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय द्वारा राज्य कार्यालय सभा कक्ष में दिया गया। परिषद के सलाहकार एवं नर्मदा समग्र न्यासी सचिव करण कौशिक, नर्मदा समग्र प्रबंधक कार्तिक सप्रे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

म.प्र. जन अभियान परिषद संभाग उज्जैन अन्तर्गत दिनांक 22 मार्च 2025 को विश्व जल दिवस के अवसर पर जिला उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगरमालवा, रतलाम, मंदसौर व नीमच में जल संरक्षण हेतु विभिन्न कार्यक्रम/गतिविधियां आयोजित कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। जिसमें स्वैच्छिकता सामुहिकता से जल स्त्रोतों की साफ-सफाई बोरी बंधान, कुआ-वाबड़ी, नदी, तालाब गहरीकरण किया गया। जिसमें क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि, अधिकारी/कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रस्फुटन, नवांकुर व अन्य स्वैच्छिक संगठन के सदस्य तथा सीएमसीएलडीपी मेंटर्स, छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरचनाएं कुआ, तालाब, वाबड़ी, नदी के घाट, ग्राम के ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई, श्रमदान के माध्यम से किया गया।

## सक्रिय सदस्य सम्मेलन में होगा लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान



**भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में होंगे 1400 कार्यकर्ता शामिल**

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल तक मनाया जा रहा है उसी के तहत उज्जैन महानगर के 1400 सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।जिसमें तीन सत्रों में चर्चा होगी। महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक जगदीश पांचाल ने बताया कि सम्मेलन दिनांक 9 अप्रैल को सांय 7.00 बजे से दशहरा मैदान स्थित आस्था गार्डन में आयोजित होगा।

सम्मेलन में जहां वरिष्ठों का सम्मान होगा वही भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन, प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के साथ लगभग 11 वर्षों से भारत की ओर विकसित यात्रा के साथ ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा प्रदेश को स्वर्णिम मध्य प्रदेश बनाने में किये जा रहे सार्थक प्रयास पर विचार व्यक्त किए जाएंगे। सहसंयोजक मुकेश यादव, मोहन जयसवाल, विरेन्द्र आंजना ने बताया कि विषय प्रवर्तन डॉ सत्यनारायण जटिया, सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव रहेंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

# कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ की 52 कुंड की सफाई

विनय उजाला




**उज्जैन, निप्र।** मंगलवार को जल गंगा संर्वधन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर नीरज कुमार सिंह एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारीयो के द्वारा विकास खंड घट्टिया के ग्राम कालियादेह महल के समीप स्थित 52 कुंड की सफाई के अंतर्गत श्रम दान किया गया। उल्लेखनीय है की अभियान के तहत जिले के समस्त प्राचीन कुएं,बावड़ी एवं अन्य जल स्त्रोतो में जल के पुनर्चक्रण और संरक्षण के लिए साफ सफाई तथा गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारीयो के द्वारा 52 कुंड की सफाई में श्रमदान किया गया। सफाई के दौरान घाटों पर जमा मलबा और काई हटाई गई साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा विसर्जित की गई सामग्री को भी निकाला गया।

कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान कहा की माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुरे जिले में नदी और तालाब के किनारे, घाट, कुएं, बावड़ी एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई की जा रही है। कालियादेह महल पंचकोषी यात्रा का भी प्रमुख पडाव स्थल है काफी संख्या में यहां लोग विश्राम करते है और स्नान करते है। सभी अधिकारीयो के द्वारा 52 कुंड तथा समीप के घाट की सफाई में श्रमदान किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने आने वाले दिनो में भी घाट और आस पास के क्षेत्रो में साफ-सफाई को बनाए रखने के निर्देश दिए श्रमदान के पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने अनुकरणीय पहल के लिए समस्त अधिकारीयों की प्रशंसा की। इस दौरान सीईओ स्मार्ट सिटी संदिप शिवा, एसडीएम ग्रामीण श्रीमति क्रतिका भीमावत, अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बृजेश पटेल, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती कविता उपाध्याय, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जय दीक्षित, विकास खंड समन्वयक मोहन सिंह परिहार, नवांकुर संस्था पदाधिकारी हैमेन्द्र पाटीदार, कैलाश यादव, रूपेश परमार, कमल सिंह राठौड़, सुभाष पारेगी, ईश्वर डाबी, श्रीमती चेतना यादव परामर्शदाता एवं प्रस्फुटन समिति सदस्य हैदर पटेल, हरीश पटेल, श्रेय देवड़ा, योगेश बैरागी, मनीष राठौड़, पियूष राठौड़ एवं समस्त जिला अधिकारी मौजूद थें।

## कलेक्टर द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई

# भूमि पर सीमांकन के बाद भी पड़ोसी ने किया अवैध कब्जा

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभन्नि मामलों में जनसुनवाई करते हुए प्रकरणों का समय सीमा में नराकरण करने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारयों को दिए गए।

बेगम बाग निवासी अकिला नागौरी ने आवेदन दिया कि ग्राम मतानाकला में उनके स्वामित्व की कृषि भूमि स्थित है, उनके द्वारा कृषि भूमि का बटांकन कराए जाने के लिए काफी समय पहले आवेदन दिया गया था परन्तु आज दिनांक तक उनकी भूमि का बटांकन नहीं किया गया है तथा उनके नाम से खसरा पावती भी नहीं बन पाई है इस वजह से उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर तहसीलदार उज्जैन ग्रामीण को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

खाचरोद तहसील के ग्राम मीण निवासी रीना सोलंकी ने आवेदन दिया कि उनके पति लोकनिर्माण विभाग के रेस्टहाउस पर रखरखाव का कार्य करते हैं। उनकी सेवा पुस्तिका में प्रार्थिया का नाम आज दिनांक तक जुडा नहीं है। अतः सेवा पुस्तिका में प्रार्थिया का नाम जुडवाया जाए। इस पर ईई पीडब्ल्यूडी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

महिदपुर निवासी महेश चौहान ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व की कृषि भूमि ग्राम खुरचन्या में स्थित है। उक्त भूमि पर सीमांकन के पश्चात भी पड़ोसी कृषक के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, तथा आवेदक द्वारा आपत्ति लेने पर कृषक और उसके पुत्रों द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। इस पर एसडीएम महिदपुर को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। देवास रोड उज्जैन निवासी अनुराग सोलंकी ने आवेदन दिया कि माकडोन तहसील के ग्राम सुचाई में स्थित उनकी पैतृक संपत्ति के उनके पिता व चाचा दो हकदार थे। आवेदक के चाचा के द्वारा धोखाधडी कर पूरी संपत्ति का नामांतरण स्वयं के नाम पर करवा लिया गया है। इस पर तहसीलदार माकडोन को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया निवासी लाखनसिंह पिता भागीरथ ने आवेदन दिया कि आवेदक की आर्थिक स्थित अत्यंत कमजोर है, उनके पास रहने के लिए आवास नहीं है।

## सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा 6 स्थानों पर किया प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा जरूरतमंद महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु पार्लर, सिलाई और मेहंदी सीखने के लिए नागदा नगर में 6 स्थानों पर प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की गई।

जिनमें से गणगौर ब्यूटी पार्लर से मेघा राठौर जी (गली नंबर 4 जैन स्कूल के पास), रूप श्री ब्यूटी पार्लर से भारती मालवीय जी(प्रकाश नगर गली नंबर 2), मनोज साइकिल 101 जवाहर मार्ग से लता दसवानी जी द्वारा पूरे साल ही निशुल्क क्लासेस लगाई जाती है वहीं आकृति ब्यूटी पार्लर से शीतल शर्मा जी (गुर्जर मोहल्ला माहेश्वरी फोटो स्टूडियो के सामने), रूप श्री ब्यूटी सलून से कीर्ति डांगरा जी (गवर्नमेंट कॉलोनी इंडिया नंबर वन एटीएम के पास बिरला ग्राम) एवं काव्या ब्यूटी पार्लर से प्रेमलता प्रजापत जी, डीएनसी बुटीक सिलाई से नेहा सेनी जी द्वारा गुरुकुल स्कूल शिवपुरा खाचरोद रोड पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त केन्द्रो पर सभी संचालिकाओं द्वारा निशुल्क श्रमदान किया जाएगा। सभी केंद्रों का रजिस्ट्रेशन 10 तारीख से प्रारंभ होगा।

खंडवा महापौर अमृता अमर यादव ने भोपाल में अखिल भारतीय महापौर परिषद की बैठक में सौंपे 200 करोड़ रुपये से अधिक के विकास प्रस्ताव

# कैलाश विजयवर्गीय और विश्वास सारंग से हुई गहन चर्चा, खंडवा के सर्वांगीण विकास के लिए जताई प्रतिबद्धता








विनय उजाला

**भोपाल/खंडवा, निप्र।** राजधानी भोपाल में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद की मध्यप्रदेश इकाई की बैठक खंडवा नगर के लिए महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक रही। खंडवा नगर पालिका निगम की महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने इस बैठक में न केवल सक्रिय भागीदारी की, बल्कि खंडवा के समग्र विकास के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक के छः प्रस्ताव प्रदेश सरकार को सौंपे।

इस अवसर पर महापौर यादव ने नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग से विशेष रूप से मुलाकात कर खंडवा की जल आपूर्ति, प्रशासनिक भवन, ट्रैफिक सुधार, अधोसंरचना तथा खेल सुविधाओं के लिए योजनागत प्रस्ताव सौंपे।

### खंडवा को खेलों का केंद्र बनाने की पहल - SAI स्पोर्ट्स सेंटर और स्टेडियम अपग्रेड के प्रस्ताव

■ खंडवा के युवाओं के लिए खेल क्षेत्र में अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महापौर यादव ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग को दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए।

■ पहला प्रस्ताव भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) से संबद्ध एक उच्चस्तरीय स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना का था। महापौर ने कहा कि खंडवा के युवाओं में अपार खेल प्रतिभा है, परंतु संसाधनों की कमी के कारण वे उचित प्रशिक्षण से वंचित रह जाते हैं। इस सेंटर से राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए जा सकेंगे।

### खंडवा के लिए नगरीय विकास के व्यापक प्रस्ताव – जल आपूर्ति, प्रशासनिक भवन और ट्रैफिक सुधार पर बल

- महापौर अमृता अमर यादव ने श्री कैलाश विजयवर्गीय से चर्चा करते हुए खंडवा नगर की जल आपूर्ति प्रणाली को अत्यंत जर्जर और अनुपयुक्त बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रणाली नगर की बढ़ती जनसंख्या की जरूरतों को पूरा करने में अक्षम है।
- अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 136 करोड़ रुपये की लागत से नई जल आपूर्ति पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव सौंपा गया है। इस योजना में 14 करोड़ रुपये का अंशदान नगर निगम से अपेक्षित है, लेकिन निगम की आर्थिक स्थिति इस अंशदान को वहन करने की अनुमति नहीं देती। महापौर ने इसे शासन से वहन करने का निवेदन किया।
- ज़इसके अतिरिक्त, 30 करोड़ रुपये की लागत से जल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण योजना भी प्रस्तुत की गई, जिसके अंतर्गत ओवरहेड टैंक, बूस्टर पंप, वितरण पाइपलाइन और अतिरिक्त फिल्टर प्लांट की स्थापना की जाएगी।
- 100 वर्ष पुराना प्रशासनिक भवन अब कार्यक्षम नहीं रह गया है। इसके स्थान पर 13 करोड़ रुपये की लागत से नया प्रशासनिक भवन निर्माण का प्रस्ताव भी मंत्री को सौंपा गया, जिसमें से 7 करोड़ रुपये की विशेष सहायता शासन से मांगी गई।
- खंडवा की यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु पहले से भेजी गई 2.46 करोड़ रुपये की डीपीआर योजना को भी दोबारा प्रस्तुत कर शीघ्र स्वीकृति की माँग की गई।
- महापौर ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना निर्माण योजना के अंतर्गत स्वीकृत 14 करोड़ रुपये की राशि को अमृत योजना के अंशदान के रूप में उपयोग की अनुमति भी शासन से मांगी, ताकि विकास कार्यों में विलंब न हो।

■ दूसरा प्रस्ताव गुरु गोविंद सिंह आउटडोर स्टेडियम के आधुनिकीकरण से संबंधित था। महापौर ने कहा कि स्टेडियम संसाधनों के अभाव में निष्क्रियता की ओर जा रहा है। इसके लिए 3 करोड़ रुपये की लागत से कृत्रिम टर्फ और अन्य अधोसंरचना विकास की मांग की गई।

**राज्य सरकार का सकारात्मक रुख – योजनाओं को दी जाएगी प्राथमिकता**

दोनों मंत्रियों ने खंडवा महापौर द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को गंभीरता से लेते हुए उनके महत्व को स्वीकार किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रस्तावों की विभागीय जांच के उपरांत शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। दोनों मंत्रियों ने यह भी कहा कि राज्य सरकार नगरीय जीवन की गुणवत्ता सुधारने, युवाओं को मंच देने और संतुलित विकास को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### दृढ़ नेतृत्व और दूरदृष्टि का परिचायक है यह पहल

महापौर अमृता अमर यादव की इस सक्रिय पहल ने यह सिद्ध किया कि वे अपने शहर की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं और उनका समाधान देने के लिए दृढ़ नीतिगत दृष्टिकोण और नेतृत्व क्षमता रखती हैं। भोपाल में उनके द्वारा प्रस्तुत विकास प्रस्ताव खंडवा को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और नागरिक सुविधाओं से युक्त नगर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

---

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व शांति के लिए हरसूद के जैन स्थानक भवन में होगा 90 मिनिट का नवकार महामंत्र जाप

**हरसूद, निप्र।** भारत सहित दुनिया के 108 देशों में लाखों जैनी एक साथ, एक ही समय पर 90 मिनिट तक नवकार महामंत्र का जाप करेंगे। इस तारतम्भ में नगर में विराजित आचार्य पवर 1008 श्री विजयराजजी मसा के आज्ञानुवृति विद्वान सेवारत्न रत्नेश मुनि मसा आदिठाणा 4 के सानिध्य में प्रातः 8 बजे से साढे 9 बजे तक नवकार महामंत्र का जाप सकल जैन समाज के द्वारा किया जाएगा। नवकार महामंत्र का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व हैं। यह मंत्र सकारात्मक ऊर्जा, शांति और विश्व कल्याण का प्रतीक है।

नवकार मंत्र केवल जैन समाज धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का महामंत्र है। यह प्रेम-शांति और अहिंसा का संदेश देता है, जिसे आज के इस युग में सभी को अपनाने की आवश्यकता है। नमोकार मंत्र जपने से कष्टों का नाश और सभी मनोकामना पूर्ण होती है। संतों के अनुसार बताया गया हे कि इस मंत्र के लगातार एक लाख जाप करने से सभी की मनोकामना पूर्ण होती है। 7 लाख जाप से कष्टों का नाश होता है। सवा करोड़ जाप से नर्क में जाना टल जाता है, वहीं 8 करोड़ 8 लाख 8 हजार 8 सौ 8 बार इसे जपने से मनुष्य को शाश्वत सुख की प्राप्ति होती है। स्थानीय जैन समाज के संतोष जैन सर एवं महेश जैन ने संयुक्त रूप से नगर व आसपास के सभी समाजजनों से आव्हान किया है कि बुधवार को जैन स्थानक भवन में 90 मिनिट के आयोजित नवकार महामंत्र जाप आयोजन में प्रातः 8 बजे सपरिवार शामिल होवे।

## मुंबई की चकाचौंध भरी दुनिया देखने पंजाब के लुधियाना के मदरसे से भागा 13 वर्षीय नाबालिग़

विनय उजाला



**खंडवा, निप्र।** लुधियाना से अपने दोस्त के साथ मदरसे से भाग कर घूमने कलाकारों से मिलने मुंबई के लिए रवाना हुए, खंडवा में आरपीएफ पुलिस ने नाबालिक बालक को बिना टिकट पूछताछ के लिए बैठाया तो पता चला कि वह भाग कर मुंबई जा रहा है, उसे खंडवा उतार कर पूछताछ की एवं बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि नाबालिक बालक बिना टिकट था और मोबाइल भी नहीं था समिति के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा एवं सदस्यों ने बालक से पूछताछ की तो उन्होंने अपने घर का पता बताया मोबाइल नंबर दिए समिति द्वारा परिजनों से संपर्क हुआ और उन्हें खंडवा बुलाया गया, समिति की सक्रियता से बालक को परिजन मिले और उसे समिति द्वारा कागजात कंप्लीट कराकर परिजनों के सुपुर्द किया मंगलवार को गुमशुदा 13 वर्षीय नाबालिग़ के मिलने पर मां और उसके चाचा ने खुशी जाहिर करते हुए बाल कल्याण समिति का शुक्रिया किया, न्यायपीठ बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने तुरंत मामला संज्ञान में लेते हुए नाबालिग के माता और परिजनों को खंडवा बुलाकर बालक की काउंसलिंग कर समझाइश देकर सुपुर्द किया। इस दौरान समिति सदस्य मोहन मालवीय,कविता पटेल,रुचि पाटिल,स्वप्निल जैन ने नाबालिक और उसकी माता की विधिवत पहचान कर साक्ष्य जुटाए, चाइल्ड लाइन के पूर्व कॉर्डिनेटर दीपक लाड़,मयूर चौरे, जिला बाल संरक्षण अधिकारी टिका सिंह बिल्लौरे, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी विक्रांत दामले, समाजसेवी सुनील जैन के सहयोग से परिजनों को सौंपा।

## भीषण गर्मी के मददेनजर पक्षियों के लिए अरिहंत स्कूल द्वारा बाँटे गए सकोरे

विनय उजाला



**हरसूद, निप्र।** भीषण गर्मी के इस मौसम में पक्षियों को पानी तक मिलना कठिन हो जाता है। ऐसे में अरिहंत पब्लिक स्कूल हरसूद द्वारा एक सराहनीय पर्यावरणीय पहल करते हुए नगर भर में सकोरे वितरित किए गए।

विद्यार्थियो को पक्षियों के प्रति दया का भाव हो तथा जीव जन्तुओं के प्रति करुणा की भावना का विकास करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य था। शाला संचालक संतोष जैन, कोषाध्यक्ष कविता जैन एवं अक्षत जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर सकोरे अभियान की शुरुआत की गई।

प्रधानाध्यापिका प्रीति दुबे के नेतृत्व में अभियान की शुरुआत संत बुखारदास बाबा मंदिर से हुई। सड़ियापानी तिराहा, फीलगुड चौराहा, भगतसिंह चौक पर सहित अनेक स्थानों पर इस अभियान के अंतर्गत पाँच सौ से अधिक सकोरे वितरित किए गए। शाला संचालक संतोष जैन ने इस अवसर पर कहा कि शाला हमेशा से ही पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करती रहती है। पूर्व में भी नगर में शाला द्वारा पौधे बाँटे गए थे एवं प्लास्टिक बंद अभियान हेतु कॉटन थैली वितरित की गई थी। सकोरे वितरण अभियान के अंत में सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने यह संकल्प लिया कि वे गर्मीभर हर रोज सकोरे में पानी भरेंगे। इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। अरिहंत पब्लिक स्कूल के इस अभियान की सीएमओ मोनिका पारधी, जिला सहकारी शाखा प्रबंधक संतोष गिन्नारे, एडवोकेट मकसूद पटेल, रामू यादव, आनंद सांड, डॉ.महेश जैन, मोनी सोमानी, महंत अमीरदास मालाकर, सोनू बरडिया, मनोज कछावा आदि ने सराहना की।

---

खंडवा में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया राम जन्म महोत्सव

## महापौर विधायक सहित हजारों की संख्या में यात्रा में श्रद्धालु उपस्थित हुए





विनय उजाला

**खंडवा, निप्र। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिले भर में राम नवमीं के पावन पर्व पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया।**

पर्व के दिन सुबह 8 बजे बड़ाबम प्राचीन राम मंदिर चौराहे से भजन मंडलियों के द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति के साथ रामरथ शोभायात्रा निकाली गई, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि विगत 25 वर्षों से समाजसेवी डॉक्टर मुनीष मिश्रा के संयोजन में राम रथ यात्रा निकाली जा रही है, रामनवमी के अवसर पर रविवार को यात्रा निकली जिसमें पुरुष सफेद वस्त्र तो महिलाएं पीली, केसरिया साड़ी धारण किए हुए थी।

कलश यात्रा में सबसे आगे घोड़े बागी बीच में बैंड-बाजे पर बज रही रामधुन सहसा ही मन को लुभा रही थी। वहीं ट्रेक्टर ट्राली में भजन मंडली के सदस्य भजनों की प्रस्तुति दे रहे थे।

बड़ाबम जूना राम मंदिर से राम भक्तों द्वारा राम रथयात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर बजरंग चौक मुनिबाबा मंदिर पहुंची जहां पर सभी राम भक्तों ने मंदिर में दर्शन कर आरती के बाद प्रसादी ग्रहण की। सामाजिक एकता की यह यात्रा का जगह-जगह पर सभी धर्मो के लोगों ने पुष्प वर्षा एवं जलपान ग्रहण करवा कर स्वागत कर शोभायात्रा में भाग लिया।

यात्रा में मातृशक्ति एवं पुरुषों ने भजनों की धुन पर गरबा नृत्य भी किया, घंटाघर चौक पर कान्य कुब्ज ब्राह्मण सखी मंडल द्वारा भी रथ यात्रा का स्वागत किया गया। रथयात्रा बजरंग चौक स्थित राम मंदिर में समापन हुआ।

राम रथयात्रा के संयोजक डा. मुनीश मिश्रा ने रामनवमीं की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री राम ने समरसता के भाव से अपने राज्य को चलाया इसके अनुरूप हमारी यह रामरथ यात्रा सामाजिक समरसता की मिसाल है सभी धर्म के लोग इस यात्रा में शामिल होते हैं, इस अवसर पर यात्रा में शामिल पंडित दौलत राम जोशी ने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन चरित्र हमें जीवन जीने की कला सिखाता है,आज हम सभी संकल्प लेकर भगवान श्री राम के बताएं मार्ग पर चलकर अपने जीवन का कल्याण करें, यात्रा में शामिल खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को राम जन्म नवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे आराध्य भगवान श्री राम का जन्म उत्सव हम सभी धार्मिक उत्साह के साथ मना रहे हैं, हम सबके लिए गर्व का विषय है कि देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी जी एवं अन्य राम भक्तों के सहयोग से पिछली 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम लाल भव्य मंदिर में विराजमान हुए, मैं सभी उपस्थित जनों से अनुरोध करती हूं कि अयोध्या जाकर भगवान राम लाल के दर्शन कर पुण्य प्राप्त करें, सामाजिक समरसता का भाव लिए निकली इस यात्रा के लिए सभी है आयोजको में धन्यवाद देती हूं, महापौर अमृता यादव ने भी सभी को राम जन्मोत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित की, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि यात्रा में शहर के अलग-अलग भजन मंडलीयो ने भजनों की प्रस्तुतियां दी, यात्रा एवं बजरंग चौक पर मोरधड ग्राम की बाल भजन मंडली ने भगवान श्री राम के शानदार भजनों की प्रस्तुति थी बजरंग चौक पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी सुनील जैन द्वारा किया गया, आभार शांतनु दीक्षित ने माना, बजरंग चौक परिवार द्वारा सभी का स्वागत अभिनंदन किया गया, राम रथ यात्रा में संयोजक डॉक्टर मुनीष मिश्रा, विधायक कंचन मुकेश तनवे, महापौर अमृता अमर यादव, लखनलाल नागोरी, शांतनु दीक्षित, सुनील जैन, अवधेश सिसोदिया, मुक्तिलाल नरेड़ी अणिमा गुरमीत सिंह उबेजा, अधिवक्ता रामदास गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, सुनील बंसल, डॉ संजय श्रीवास्तव ओम अग्रवाल, राज नारायण परवाल, धर्मेंद्र बजाज, अरुण बाहेती,संदेश तिवारी, दादू भाई, मल्लू राठौर, शैलेश पालीवाल, देवेंद्र जैन, जगदीश चंद्र चौरे, चंद्रशेखर मिश्रा, नारायण बाहेती उज्जवल पाठक, अधिवक्ता वहिद चौधरी, अनिल बाहेती अब्दुल रहमान,प्रमिला शर्मा, शिवा शुक्ला, अन्नपूर्णा तंवर, पंडित नवीन शर्मा, गोविंद नेताजी, मुकेश चौरसिया, राजू चौरसिया, बबल गंगराड़े, राजेश राठौर की संख्या में सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु रामरथ यात्रा में शामिल हुए।

### 70 प्रतिशत से कम अपार आईडी का कार्य करने वाले 49 प्राचार्य एवं प्रधान पाठकों का रोका वेतन

**हरसूद, निप्र।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राचार्य एवं प्रधान पाठकों को अपार आईडी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिए बार-बार सूचित किया गया। उसके बावजूद भी बहुत सी स्कूलों में अपार आईडी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पाया है। 70 प्रतिशत से कम अपार आईडी का कार्य करने पर हरसूद विकासखंड के करीब 49 प्राचार्य एवं प्रधान पाठकों का मार्च माह का वेतन रोका गया है।

## प्रदेश में ट्रांसमिशन लाइनों एवं एकस्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों की हो रही है असेट मेपिंग

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी(एम.पी. ट्रांसको) प्रदेश की अपनी ट्रांसमिशन लाइनों एवं एकस्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों की असेट मेपिंग करवा रहा है, इससे जहां ट्रांसमिशन एलीमेंटस का डिजीटल डाटा एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेगा ,वहीं किसी भी इमरजेंसी के समय मटेरियल मैनेजमेंट टाइम और व्यवधान को न्यूनतम करने में सहायता मिलेगी।

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री आर.के. मिश्रा ने बताया प्रदेश की 27900 कि.मी. लाइनों एवं 416 सबस्टेशनों में यह असेट मेपिंग का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि मेसर्स सायबर स्विफ्ट कलकत्ता इस कार्य को कर रही है, जिसे सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और डेशबोर्ड के निर्माण का कार्य भी करना है। इस हेतु अलग-अलग मॉडयूल में जानकारी संरक्षित की जा रही है। ट्रांसामिशन कंपनी के लाइन मैंटेनेन्स कार्मिकों के साथ सबस्टेशन प्रभारी के मोबाईल पर एप के माध्यम से यह सब जानकारी उपलब्ध रहेगी।

**सर्वे ऑफ इंडिया के मैप पर की जा रही है मेपिंग :** श्री मिश्रा ने बताया कि ट्रांसमिशन एलीमेंट्स की मैपिंग सर्वे ऑफ इंडिया के मैप को आधार बनाकर की जा रही है जिससे डेटा की सटीक प्रमाणिकता रहेगी।

**जीपीएस प्रणाली के उन्नत संस्करण:** डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (डीजीपीएस) के उपयोग से 1 सेंटीमीटर से 1 मीटर तक के स्थान में सटीकता से मैपिंग हो रही है।

**ये हैं फायदे:** असेट मैपिंग से ट्रांसमिशन टावरों में कोई समस्या आने पर टावर की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी त्वरित मिल जायेगी। ट्रांसमिशन कंपनी के सभी एलीमेंटस का डिजीटलाइजेशन होने से व्यवस्थित रिकार्ड रखने में आसानी रहेगी, साथ ही मोबाईल एप पर भी जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।

---

बाजार भाव

इंदौर मंडी

## सोयाबीन तेज

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग (गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द (गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - (प्रति क्विंटल)-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।



**दाल भाव (प्रति क्विंटल)** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो)** - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### मां बाघेश्वरी मंदिर में भक्तों का लगा तांता



**बाग, निप्र।** चैत्र नवरात्रि नवमी के दूसरे दिन माता के हाट मैं भक्तों का लगा रहा तांता। शक्ति पीठ मां बाघेश्वरी मंदिर के पुजारी पंडित राम शर्मा व संस्कार शर्मा ने बताया कि परंपरा अनुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि नवमी के बाद में जो सोमवार आता है। उसमें माता का बाजार हॉट आता है वह एक मेलें जैसा होता है एक दिन पहले से रात में ग्रामीण ढोल - मांदल लेकर आते है पुजन -अर्चन कर माता की आराधना कर रात में नृत्य- करते हैं। पूरी रात माता के दरबार में जागरण करते हैं।

यही से आदिवासी समाज में शादी - विवाह और मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी ।जबरेशवर महादेव मंदिर से माता जी मंदिर तक बडी संख्या में झाड खेलने वाले एवं माता की सवारी वाले सिर पर कलश रख माता की भक्ति में लीन होकर चल रहे थे।बिना चप्पल के नंगे पैर ढोल ताशे के साथ माता मंदिर मां के दरबार मे पहुंचे ।निलेश - धन्नालाल अमेरिया के द्वारा ठंडा शीतल जल की व्यवस्था की गई थी ।अमेरिया परिवार विगत 25 वर्षों से माताजी के हाट में लगातार सेवा दे रहे हैं ।माताजी के हाट में दुर दराज से माताजी के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं का गला तर कर के भीषण गर्मी में प्यास बुझा रहे हैं ।

### रोटरी क्लब न्यू और इनर व्हीलक्लब ने गौ सेवा का लाभ लिया



**पेटलावद, निप्र।** रोटरी क्लब न्यू और इनर व्हील क्लब पेटलावद ने रामनवमी के अवसर पर गौ सेवा का लाभ लिया। क्लब के सदस्यों ने रायपुरिया रोड स्थित गौशाला पर जाकर गायों को हरी घास , तरबूज गुड और कपास्या खली का आहार दिया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष संजय मेहता , रवि मेहता, अल्पित गांधी, पदम मेहता, निलेश मेहता ,अनूप मेहता और इनर व्हील क्लब अध्यक्ष मनीषा मेहता, अलका गांधी, रेखा भाटोदरा ,वर्षा मेहता और डाली प्रीति पटवा उपस्थित रहे।

### पेटलावद मण्डल के बूथों पर ध्वजारोहण के साथ मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**पेटलावद, निप्र।** देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी और विकास यात्रा की पथ पर अग्रसर भारतीय जनता पार्टी के 46 वे. स्थापना दिवस पेटलावद मंडल में पूरे सद्भावना ओर गरिमामयी तरीके से मनाया गया।इस पावन अवसर पर भाजपा मण्डल पेटलावद के अध्यक्ष संजय कहार के में नेतृत्व में भाजपा के समस्त पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में 56 में से 45 बूथों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुये।

### भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गाय हेतु पुरस्कार योजना

**अलीराजपुर, निप्र।** उपसंचालक पशु चिकित?सा अधिकारी श्री गुलाब सिंह सोलंकी ने बताया कि जिले मे भारतीय उन्नत नस्ल की



दुधारू गाय हेतु पुरस्कार योजना का आयोजन दिनांक 05/04/2025 से दिनांक 06/04/2025 तक आयोजन किया गया, जिसमे जिले के 06 विकासखंड से 30 आवेदन पशुपालकों से प्राप्त किये गये एवं विभागीय गठित दलों द्वारा पशुपालकों की दुधारू गायों का 03 समय ( सुबह / शाम / सुबह ) का दुग्ध उत्पादन देखा गया। उक्त प्रतियोगिता मे प्रतिदिन के औसत दुग्ध उत्पादन के आधार पर प्रथम स्थान पर श्री हर्षद वीरेंद्र गुप्ता की गिर नस्ल की गाय जिसका दुग्ध प्रतिदिन 16.504 लीटर एंव द्वितीय स्थान पर श्री गोपाल ओमप्रकाश गुप्ता की गिर नस्ल की गाय जिसका दुग्ध प्रतिदिन 16.441 लीटर एवं तृतीय स्थान पर श्री लक्ष्मीनारायण बाबुलाल राठौर की गिर नस्ल की गाय जिसका दुग्ध प्रतिदिन 16.095 लीटर रहा। उक्त गायो के पशुपालकों को पुरस्कार राशि क्रमश: प्रथम 51000/- द्वितीय 21000/- एवं तृतीय 11000/- दी जावेगी ।

### ई-केवायसी होने पर ही महिलाओं को मिलेगा स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ

**खरगोन, निप्र।** न्यू अनमोल पोर्टल 2.0 मध्यप्रदेश में 07 अप्रैल 2025 से प्रारम्भ हो गया है। अनमोल 2.0 न्यू पोर्टल गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य सेवाओं को ट्रेक एवं प्रबंधित करने के लिए विकसित किया गया है। जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना का लाभ महिलाओं को अब समग्र आईडी, आधार कार्ड, बैंक खाता एवं श्रमिक पंजीयन के साथ ई केवाईसी होने पर ही प्राप्त होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्र अधिकारी डॉ. एम. एस. सिसोदिया ने इस संबंध में बताया कि स्वास्थ्य योजनाओं के लिए पति-पत्नी का समग्र आधारित पंजीयन होगा। इसके साथ ही न्यू अनमोल पोर्टल 2.0 में महिला हितग्राहियों के बैंक खातों का ई-केवाईसी होना आवश्यक है। वैवाहिक स्थिति को समग्र पोर्टल पर अपडेट कराने की जवाबदारी महिला हितग्राही की होगी। न्यू अनमोल पोर्टल-2.0 पर हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची अलग से निकल जाएगी।

---

### सांसद श्रीमती अनिता चौहान ने रेल्वे की बैठक में

# कार्यों की गति और क्षेत्र की समस्याओं पर रखी बात

विनय उजाला






**अलीराजपुर, निप्र।** मुम्बई में आयोजित पश्चिमी रेल्वे की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की प्रथम बैठक में संसदीय क्षेत्र 24 से सांसद श्रीमती अनिता जी चौहान ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की।

इस बैठक में सांसद श्रीमती चौहान ने रेल्वे सम्बन्धी योजनाओं, कार्यप्रणाली संबंधी चर्चा करते हुए संसदीय क्षेत्र के अलीराजपुर झाबुआ रतलाम जिले की समस्याओं से अवगत करवाया। इसके साथ ही छोटा उदयपुर धार एवं दाहोद इंदौर रेल परियोजना के निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने की भी बात कही। क्योंकि दाहोद से इंदौर रेलवे निर्माण ट्रैक का कार्य प्रगति पर है, वही छोटा उदयपुर से धार का रेलवे लाइन का कार्य भी गतिमान है, इनके पूर्ण होने पर अलीराजपुर से धार होते हुए इंदौर रेल्वे सफर शुरू हो जाएगा। जो क्षेत्रवासियों को व्यापार व्यवसाई के साथ कई प्रकार से जोड़ने के साथ सफर को कम समय एवं कम खर्चीला बनाएगा।

**स्टेशन का नाम बदलने की शिकायत भी सौंपी :** सांसद श्रीमती अनिता चौहान ने विभिन्न समस्याओं के समाधान की बात करने के साथ डेकाकुंड स्टेशन का नाम बदलने की प्राप्त शिकायत को भी अधिकारियों के सामने रखा। दरअसल ग्राम कोल्याबरडा के सरपंच ने मंत्री सांसद हेल्पलाइन पर एवं माननीय सांसद जी के नाम एक पत्र केबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह जी चौहान को सौंपा, जिसमें बताया कि ग्राम पंचायत कोल्याबरडा में बने रेल्वे स्टेशन का नाम समीपस्थ ग्राम डेकाकुंड के नाम से रखा गया।

ग्राम सरपंच के आवेदन को भी सांसद श्रीमती अनिता चौहान ने रेल्वे अधिकारियों को सौंपते हुए जांच कर नाम परिवर्तित करते हुए डेकाकुंड के बजाय कोल्याबरडा करने के निर्देश भी दिए।

---

### आरटीओं के पूर्व धनकुबेर सौरभ शर्मा की जमानत का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

# सीएम का पुतला जलाने की कोशिश टीआई ने जलाने से पहले छिना

विनय उजाला




**धार, निप्र।** आरटीओं के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा को लोकायुक्त कोर्ट से जमानत मिलने के बाद विपक्ष लगातार हमलावार हो गया है, जिला मुख्या लय पर सौरभ शर्मा की जमानत के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध कर मुख्ययमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन करने की कोशिश की, हालांकि पुलिस की सजकता के चलते कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला नही कर सकें।


मंगलवार को सौरभ शर्मा की जमानत के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्यो में मोहन टॉकीज चौराहे पर पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। कांग्रेसियों द्वारा किए जाने वाले पूतला दहन की सूचना पुलिस टीम को पहले से मौजूद थी, ऐसे में सीएसपी रविंद्र वास्क ले पुलिसबल को लेकर आधे घंटे पहले से ही चौराहे पर पहुंच गए थे। जब कांग्रेस कार्यकर्ता सीएम डॉ यादव का पूतला लेकर आए तो पुलिसबल तुरंत बचाने के लिए दौडा। चौराहे पर ही पूतले को छिनने के लिए पांच मिनट तक दौड भाग होती नजर आई, अंत में थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने कार्यकर्ता से पूतला छिना लिया था। इसी कारण कांग्रेसी पूतले को जला नहीं पाए।

**टीआई ने बचाया पूतला :** कांग्रेसियों द्वारा किए जाने वाले पूतला दहन की सूचना पुलिस टीम को पहले से थी, ऐसे में सीएसपी रविंद्र वास्कदले पुलिसबल को लेकर आधे घंटे पहले से ही चौराहे पर पहुंच गए थे। जब कांग्रेस कार्यकर्ता सीएम डॉ यादव का पूतला लेकर आए तो पुलिसबल तुरंत बचाने के लिए दौडा। चौराहे पर ही पूतले को छिनने के लिए पांच मिनट तक दौड भाग होती नजर आई, अंत में थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने कार्यकर्ता से पूतला छिना लिया था। इसी कारण कांग्रेसी पूतले को जला नहीं पाए।

**ये थे उपस्थित :** पुलिस द्वारा पुतला छिनने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी करते रहे। विरोध में शहर कांग्रेस अध्यपक्ष टोनी छाबड़ा, युथ कांग्रेस जिला अध्येक्ष रोहित कामदार, पूर्व पार्षद बंटी डोड, युथ कांग्रेस शहर अध्याक्ष अभिनव बिंजवा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दरअसल आरटीओ के पूर्व धनकुबेर आरक्षक सौरभ शर्मा की कार से ईडी ने 52 किलोग्राम सोना और 10 करोड़ से अधिक की नकदी बरामद की थी. इसके बाद से लगातार प्रदेश भर में ये नाम चर्चित रहा है. अब जब लोकायुक्त कोर्ट से जमानत मिल गई, तो कांग्रेसियों ने इसका विरोध कर सरकार पर नाराजगी जाहिर की है।

### जनसुनवाई का आयोजन



विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** प्रति मंगलवार की तरह आज भी जनसुनवाई का आयोजन संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियांशी भंवर की अध्यक्षता में जनसुनवाई कक्ष में हुआ ।इस जनसुनवाई में निर्मला पति विपुल भाबोर निवासी ग्राम सन्दा तहसील चंद्रशेखर आजाद नगर ने आवेदन दिया कि मेरे पति का अचानक देहांत हो गया था तथा उनका प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा किया गया था ।

उक्त बीमा पॉलिसी में नॉमिनेशन भी हूं। उक्त बीमा राशि प्राप्त होने पर मे मेरे परिवार का पालन पोषण आसानी से कर पाउगी ।मुझे उक्त बीमा राशि का भुगतान करवाया जाए । संयुक्त कलेक्टर सुश्री भंवर ने इस आवेदन को लीड बैंक अधिकारी को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह अतिक्रमण, उत्तर पुस्तिका की पुनर्गणना, ज्वाइनिंग दिलाने, ध्वनि प्रदूषण, आर्थिक सहायता, अनुकम्पा भत्ता से संबंधित कुल 12 आवेदन पत्र प्राप्त हुए उन्हें संबंधित विभाग को सौंप कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए । इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्री सीजी गोस्वामी , डिप्टी कलेक्टर श्री जीपी अग्रवाल सहित समस्त विभाग के प्रमुख एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

---

### हवन पूजन महा आरती एवं भंडारे के साथ हुआ नवरात्रि पर्व संपन्न

#### बड़ी तादाद में उपस्थित होकर माता रानी के भक्तजनों ने लिया दर्शन लाभ



विनय उजाला

**पारा, निप्र।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर समूचे क्षेत्र में जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान आयोजन आदि हुए इसी कड़ी में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री कालिका धाम बखतपुरा पारा में भी विशाल भंडारे का आयोजन के साथ में महा आरती एवं छप्पन भोग के साथ हवन की पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें आसपास के ग्रामीणों के अलावा श्रद्धालुओं ने कालिका माता मंदिर प्रांगण पहुंचकर दर्शन लाभ लिया वहीं कई जनप्रतिनिधि ने भी इस अवसर पर उपस्थिति दर्ज करा कर माता रानी की हाजिरी लगाई उक्त कार्यक्रम के बारे में गादीपति सतीश अजनार ने बताया कि पिछले 9 वर्षों से यहां पर लगातार 9 दिवस तक माताजी की अनुष्ठान हवन पूजन श्रृंगार आदि किया जाता है और अंतिम दिवस विशाल भंडारे के साथ माता रानी को छप्पन भोग लगाकर प्रसादी वितरण की जाती है जिसमें पारा कस्बे सहित आसपास के ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर माताजी के आराधना के पर्व में अपनी सहभागिता कर धर्म लाभ लेते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक वाल सिंह मेडा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई वहीं समिति के जितेंद्र प्रजापत चेतन कहार राहुल कहार भूपेंद्र सोलंकी रिंकू गेहलोत चेतनसिंह राजपूत गौरव राजपूत अंकित चौहान विकास अजनार मालू बघेल महेश अजनार हेमेंद्र प्रजापति शरद खटवा विनोद कहार सहित समिति का सराहनीय योगदान रहा।

### धामनोद में, पाटीदार समाज का सुंद्रेल फाटे पर प्रदर्शन और पुतला दहन

## सीएमओ द्वारा, संयुक्त संचालक, जिला कलेक्टर को दिए पत्र से पाटीदार समाज की टिप्पणी को लेकर, पाटीदार समाज हुआ आक्रोशित

#### सीएमओ माया मंडलोई को हटाने के लिए, अध्यक्ष प्रतिनिधि विष्णु पाटीदार ने डाला, ज्वलनशील पदार्थ

विनय उजाला





**धामनोद, निप्र।** नगर परिषद सीएमओ माया मंडलोई और अध्यक्ष प्रतिनिधि विष्णु पाटीदार की आपसी खींचतान शुरुआत से ही चल रही है दोनों एक दूसरे पर शुरू से ही आरोप प्रत्यारोप लगाते रहे हैं ऐसे में नगर के विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प हो चुके थे आम जनता भी परेशान थी सीएमओ माया मंडलोई पर लोकायुक्त ने प्रकरण भी दर्ज किया बाद भी उनका तबादला नहीं हुआ अब 4 अप्रैल को सीएमओ माया मंडलोई ने, इंदौर के संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, कलेक्टर धार, और धामनोद थाना प्रभारी को एक पत्र दिया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि, धामनोद नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विष्णु पाटीदार ने मुझे धमकी दी थी। धमकी में यह कहा गया था कि, सभी संगठनों व पाटीदार समाज के साथ मिलकर धरना देंगे, और जगह-जगह आग लगवाकर जनहानि करवाकर मेरे खिलाफ कार्यवाही की धमकी दी गई थी ।उक्त पत्र , पाटीदार समाज में गुस्से का कारण बना, और गुस्साए पाटीदार समाज के लोगों द्वारा बताया गया कि, पाटीदार समाज को बदनाम किया जा रहा है। जिसको लेकर, आज 11.30 बजे पाटीदार समाज के लोग, प्रदर्शन करने के लिए सुंद्रेल फाटे पर इकट्ठा हुए।

**अध्यक्ष प्रतिनिधि ने खुद पर डाला ज्वलनशील पदार्थ :** जब सीएमओ माया मंडलोई वहां पहुंची, तो पाटीदार समाज के लोगों द्वारा, हाय हाय के नारे लगाए गए । जब सीएमओ माया मंडलोई द्वारा, खेद प्रकट किया गया जिससे पाटीदार समाज के लोग खेद पर मान नहीं रहे थे। तभी पाटीदार समाज द्वारा, लिखित लेटर पर माफी मांगने की बात कही गई। जब सीएमओ माया मंडलोई द्वारा, लेटर बुलवाया जा रहा था तभी अध्यक्ष प्रतिनिधि विष्णु पाटीदार द्वारा, सीएमओ माया मंडलोई को तुरंत हटाने के लिए खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डाला गया। ऐसे में स्थिति बहुत तनावपूर्ण हो गई, और वहां मौजूद एसडीएम राहुल गुप्ता और एसडीओपी मोनिका सिंह ने तुरंत पानी की बॉटल बुलवाकर , चिल्ड वाटर डलवाकर, मामला शांत करवाया गया। इस घटना के बाद जब माफी मांगने के लिए लेटर बुलवाया जा रहा था तभी पाटीदार समाज के लोगों द्वारा, शासन प्रशासन की मौजूदगी में, पुतला दहन किया गया।

**एक दिन पूर्व कांग्रेसी पार्षद रोड पर जाकर बैठे किया चक्का जाम :** इसके पूर्व सोमवार शाम धरना आंदोलन कर रहे कांग्रेसी पार्षदों ने अपने आंदोलन का रुख मोड़ कर भूख हड़ताल में तब्दील कर दिया उन्होंने नगर परिषद सीएमओ से मांग की की महिला पार्षद भूख हड़ताल पर बैठी है ऐसे में वहां पर चलित सुलभ संसाधन और अन्य वैकल्पिक सुविधा की जाए।

---

### उमंग सिंघार की पहल से पेयजल संकट से जुझ रहे ग्रामीणों को मिला पानी

# नेता प्रतिपक्ष ने टैंकर भेजकर पेयजल उपलब्ध करवाया

विनय उजाला



**बाग, निप्र।** धार जिले के बाग ब्लॉक की ग्राम पंचायत थाना के गांव पीपलवा के नयापुरा मोहल्ले के वासीओ को साफ पानी का टैंकर भिजवा कर पेयजल उपलब्ध कराकर ग्रामीणों को अब तरसना नही पड़ेगा ।

गर्मी के दौरान बाग ब्लॉक की थाना पंचायत के अन्तर्गत ग्राम पिपलवा के नयापुरा मोहल्ले के वासीओ पुर्व मंत्री,नेताप्रतिपक्ष,गंधवानी विधायक उमंग सिंघार ने मानवीय संवेदना व्यक्त करते हुए अपने आदिवासी भाइयों के लिए तत्काल पिने के पानी से भर हुए टैंकर भेजकर जनप्रतिनिधि होने अपना कर्तव्य निभाया।

उमंग सिंघार द्वारा कांग्रेस पार्टी की ओर अपने विश्वास पात्र कांग्रेस नेता अशोक चौहान (दादा) को ग्रामीणजन को पानी मुहैया करवाने के लिए निर्देशित करते हुए जिम्मेदारी दी गई। जिस पर स्थानीय कांग्रेस नेता राज मालानी कि सहयोग से वैकल्पिक व्यवस्था के रुप मैं पिपलवा के नयापुरा मोहल्ले में टैंकर से पेयजल उपलब्ध करवाईया गया ।टैंकर के पास उपस्थित मातृशक्ति को विधायक का संदेश सुनाते हुए कहा की यह व्यवस्था जब तक आपको पिने का पानी नहीं मिलता तब तक के लिए निशुल्क रहेगी ।हर दुसरे दिन यह टैंकर पानी लेकर आपके मोहल्ले में आता रहेगा ।साथ ही जबतक ग्रामीण कि पिने के पानी की स्थिर व्यवस्था नहीं होती तब तक विधायक ना चेन से बैठेगे और ना अधिकारो को चैन बैठने देगे।

क्षेत्रीय विधायक सिंघार ने भोपाल से मोबाईल पर पत्रकार बंधु से चर्चा में कहा कि समाचार पत्रो में प्रकाशित खबर से जानकारी लगी की मेरी विधानसभा मे ग्रामीण क्षेत्र पिपलवा मे पेयजल की समस्या मिली थी। इस मोहल्ले मे अधिकांश पेयजल स्रोत सूख गए हैं। हैंडपम्प हवा फेंक रहे हैं, नलकूप भी जवाब दे गये है। भाजपा शासन कि नल जल योजना कागजात तक ही सिमटी हुई है ग्रामीण क्षेत्र में दमतोड चुकी है ।ग्रामीण दो-तीन किलोमीटर दूरी पर गड्ढे से पीने का पानी भरकर लाने को मजबूर हैं। हैंडपंप सुधार अभियान कागजों में ही दम तोड़ रहा है। शिकायतों के बाद भी जलदाय अधिकारी पेयजल समस्या का समाधान नहीं कर रहे, यहां तक कि गांवों में जाकर देख नहीं रहे कि क्या स्थिति है ।उन्होंने कहा कि जलदाय विभाग व प्रशासन के अधिकारियों से गांवों का दौरा कर पेयजल के हालात सुधारने पर जोर दे ।लेकिन जलदाय विभाग गंभीर नहीं है और ग्रामीण परेशान हाल हैं। प्रशासन नहीं चेता और हालात नहीं सुधरे तो ग्रामीण पलायन करने पर मजबूर होंगे। क्षेत्रीय विधायक ने यह आरोप लगाते हुए शासन, प्रशासन व जलदाय विभाग से तत्काल गांव में समुचित पेयजल व्यवस्था करने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### जल गंगा संवर्धन अभियान : दीवार लेखन कर जल संरक्षण का दिया जा रहा है संदेश




**खरगोन, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है। जल संरक्षण का यह अभियान 30 जून तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत आम जन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने के लिए खरगोन जिले में जन अभियान परिषद द्वारा दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है। दीवार लेखन के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है कि जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहायें। जल मानव के साथ ही सभी प्राणियों की जीवन रक्षा के लिए बहुत जरूरी है। वर्षा जल को व्यर्थ बहने से रोकने के लिए तालाब, स्टापडेम, कंटूर ट्रेंच बनाने एवं बड़ी संख्या में पौधारोपण का संदेश दिया जा रहा है। जन अभियान परिषद द्वारा गोगांव विकासखंड के ग्राम लाखी में ग्रामीणों को बताया गया कि जल संरक्षण एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाने के साथ ही उनकी सुरक्षा हम सब को मिलकर करना चाहिए। जल स्त्रोंतों के आसपास सफाई रखें और उन्हें गंदा न होने दें।

### पोषण पखवाडा का शुभारंभ : आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने रैली के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूक किया




**खरगोन, निप्र।** महिला बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार 08 अप्रैल को पोषण पखवाडा का शुभारंभ किया गया। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत 22 अप्रैल तक प्रतिदिन पोषण सबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में 08 अप्रैल को भीकनगाव में रैली एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री के सन्देश का प्रसारण किया गया।

इस रैली में क्षेत्र की आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा सही पोषण देश रोशन, थोड़ा आराम करो, स्वस्थ्य नाश्ता करो, ताजा खाओ, ताजा महसूस करो, हर कौर में पोषण, स्मार्ट भोजन, स्वस्थ भविष्य के नारो से जागरूक कर समुदाय को संदेश दिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रैली के माध्यम से बताया गया कि इस तरह के उपाय करके कुपोषण को खत्म किया जा सके और महिलाओं तथा बच्चों के पोषण स्तर में सुधारा जा सकता है। परियोजना अधिकारी राजेश केरावत ने बताया गया कि इस अभियान में समुदाय को जागरूक करने के लिए पोषण ट्रेकर एप्लीकेशन हितग्राहियों को इंस्टाल करवाया जाकर बच्चों का पोषण स्तर निगरानी सिखाई जाएगी एवं प्रतिदिन की गई गतिविधि की इंट्री की जाएगी।

### जनसुनवाई में शिकायतो को सुनकर अधिकारियों को दिये

# त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए





विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार आगास्या एवं सुश्री पूर्वा मण्डलोई के साथ साथ अन्य अधिकारियों द्वारा आवेदकों की शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी गए दिए । भीकनगांव तहसील के सिरलाय निवासी रामकरण ने अपनी शिकायत में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का कहा । कसरावद तहसील के ग्राम लोहारी के गुलाब सिंह भीलाला और महेश्वर तहसील के ग्राम आशापुर की सलु बाई ने भी अपनी शिकायत में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की । इस पर जनपद पंचायत भीकनगांव, कसरावद तथा महेश्वर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रकरण की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए।

गोगांवा के निवासी दीपक सोनी ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पिता त्रिलोकचंद सोनी की 10 मई 2023 को मृत्यु हो गई है। उसके द्वारा संबल योजना के अंतर्गत 02 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता के लिए जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत में आवेदन किया गया है। लेकिन उसे अब तक 02 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता एवं 05 हजार रुपये की अंतिम संस्कार की राशि नहीं मिली । इस पर जनपद पंचायत गोगांवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रकरण की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए हैं। कसरावद तहसील के ग्राम पीपलगोन की सलमा शाह ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पति जमील शाह की 02 वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी , लेकिन उसे अब तक संबल योजना में कोई सहायता राशि नहीं मिली। इस पर जनपद पंचायत कसरावद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रकरण की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

सनावद तहसील के ग्राम सताजना निवासी लिम्बाजी ने अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2022 में उसका चयन खेत तालाब योजना के हितग्राही के रूप में हुआ था। उसमें अपने खेत में तालाब बनाया है, लेकिन 01 लाख 02 हजार रुपये का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। अतः इस राशि का शीघ्र भुगतान कराया जाए। प्रकरण में जनपद पंचायत बड़वाह की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रकरण की जांच कर कार्रवाई निर्देश दिए गए। सनावद निवासी नन्नु पिता नत्थु ने अपनी शिकायत में बताया कि वह नगर पालिका सनावद में चौकीदार के पद पर कार्यरत था और 37 वर्ष की सेवा के बाद 30 नवंबर 2022 को सेवानिवृत्त हो गया है। उसे अर्जित अवकाश नगदीकरण की 03 लाख 06 हजार 600 रुपये की राशि नगरपालिका सनावद से प्राप्त होना है , लेकिन नगरपालिका द्वारा बार-बार आवेदन करने के बाद भी इस राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। अतः उसे यह राशि शीघ्र दिलाई जाए। प्रकरण में नगर पालिका सनावद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए ।

# गुड सेमेरिटन दिलीप राठौर को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री जगदीश डावर ने श्री दिलीप राठौर को उनके उत्कृष्ट और साहसिक कार्यों के लिए सम्मानित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्रक प्रदान किया। श्री राठौर ने जिला बड़वानी में कई अवसरों पर अपनी तत्परता और मानवता का परिचय देते हुए दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों की जान बचाई, और समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया।

### गुड सेमेरिटन श्री दिलीप राठौर के सराहनीय कार्य

1. सड़क दुर्घटनाओं में जीवन रक्षक भूमिका:* बड़वानी जिले के थाना सिलावद (07.11.2021), थाना बड़वानी (08.05.2022) और 29.09.2022 को घटित हुई सड़क दुर्घटनाओं में श्री दिलीप राठौर ने गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को समय रहते गोल्डन अवर (Golden Hour) में अस्पताल पहुँचाया और उनकी जान बचाई। उनके इस समर्पण और तत्परता की स्थानीय पुलिस और समाज ने सराहना की।
2. **सड़क दुर्घटनाओं में 11 से अधिक लोगों की जान बचाई :** श्री राठौर ने अब तक 11 से अधिक दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को घटनास्थल से निकाला और उन्हें नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया। इस साहसिक कार्य को देखते हुए, म.प्र. शासन के परिवहन विभाग द्वारा श्री राठौर को तीन व्यक्तियों की जान बचाने के लिए अवार्ड देने हेतु तीन प्रस्ताव भेजे गए हैं।
3. **कोविड-19 महामारी में योगदान :** श्री राठौर ने वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान मरीजों को उपचार हेतु अपने खर्च पर सहायता की, साथ ही असामयिक मृत्यु के शिकार परिवारों को उचित सलाह और समझाइश दी। उनका यह योगदान समाज में मानवता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
4. **रक्तदान और जरूरतमंदों की सहायता :** श्री राठौर ने रक्तदान कर कई लोगों की जान बचाई। इसके अलावा, उन्होंने अपने करीबी मित्रों और परिवार के सदस्यों से रक्तदान करवाया। ऐसे कई उदाहरण हैं जब उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर निस्वार्थ भाव से रक्तदान किया और लोगों की मदद की।
5. **ग्राम पंचायतों के विकास में सक्रिय योगदान :** श्री राठौर ने विभिन्न ग्राम पंचायतों के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलवाने में निरंतर सहयोग किया है। इसके अलावा, वे आस-पास की ग्राम पंचायतों में जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

### पेसा मोबलाइजर की समीक्षा बैठक जनपद पंचायत बड़वानी सभागृह में सम्पन्न हुई



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार अधिनियम) 1996 के अंतर्गत आने वाले सभी प्रावधानों पर चर्चा हुई ।

जिला समन्वयक श्री प्रीतम राज बड़ोले द्वारा पेसा नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मोबलाइजर की समीक्षा की साथ ही विभिन्न विषयों पर निर्देश दिए।

1. नवीन ग्रामसभा का गठन करना।
2. शेष ग्राम सभा निधि का खाता खुलवाना।
3. अप्रैल माह में 10 नवीन ग्राम सभा गठन का प्रस्ताव पारित करवाना।
4. सिकल सेल पीड़ित व्यक्ति आपस में विवाह न करे इस हेतु जागरूकता अभियान चलाना।
5. शांति विवाद निराकरण समिति द्वारा निराकृत मामलों की जानकारी आदि महत्वपूर्व बिंदुओं पर चर्चा की।

साथ में विकासखंड समन्वयक श्री सतीश भूरिया द्वारा मोबलाइजर को

1. टीबी मुक्त ग्राम पंचायत हेतु प्रयास करना..।
2. शत प्रतिशत ग्राम सभा स्तर पर मतदाताओं को सूचीबद्ध करना।
3. सामुदायिक वनाधिकार के प्रस्ताव पारित करवाना।
4. तेंदूपत्ता संग्रहण के प्रस्ताव पारित करवाना। ब्लॉक स्तर पर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को पेसा नियमों की जानकारी देना एवं कोई भी ग्राम सभा शासन की योजनाओ से वंचित न रहे इस हेतु प्रयास करना आदि निर्देश दिए ।

### अंडरपास की मांग पर अड़े ग्रामीण, सड़क निर्माण रुकवाया : भूख हड़ताल की चेतावनी दी..

# चंदनपुरी मार्ग पर बढ़ता खतरा, समाधान नहीं तो आंदोलन तय चार गांवों के किसानों का फूटा आक्रोश







विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** चार गांवों के ग्रामीण एवं किसानों ने अंडरपास निर्माण के लिए सेलानी राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क निर्माण का कार्य रुकवाया। तीन घंटे तक चर्चा चली, पुलिस पहुची ।समस्या का समाधान नहीं हुआ भूख हड़ताल आंदोलन की दी चेतावनी।

जिम्मेदार मौके पर पहुंचे। कोई नतीजा नहीं निकला। प्रशासनिक राजस्व अधिकारी पटवारी सहित जिम्मेदार सड़क निर्माण कार्य कर रही कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा समझाईश दी गई। ग्रामीण जिद पर अड़े रहे। निर्माण को लेकर फिलहाल कार्य बंद कराया। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि सात दिनों के भीतर अंडरपास निर्माण कार्य शुरु नही किया गया तो धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया जाएगा।

सड़क निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित राजस्व विभाग के जिम्मेदार मौके पर पहुंचे तो मंगलवार की प्रातः 11.00 बजे से लेकर 1.00 तक अंडर पास निर्माण के लिए मांग करते रहे लेकिन समस्या का समाधान नहीं निकला। ग्रामीणों ने बताया कि अंडरपास पुल निर्माण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएंगे। ग्रामीण जनो ने उनके समक्ष भी समस्या रखी क्योंकि यहां ड्राइंग नक्शे में शामिल नहीं है। इसलिए फिलहाल संभव नहीं है। लोगों की मांग अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर निर्माण कार्य होने की संभावना बन सकती।

किशोर मालवीय जनपद सदस्य ,राजेंद्र दसोधी सरपंच, पप्पू पटेल, महिपाल सिंह पंवार, सुरेंद्र सिंह पवार, मानसिंह कदम सहित आदि किसानों जनप्रतिनिधियों व ग्राम के रहवासियों ने माग रखी। उन्होंने ने बताया कि सेलानी गांव के पास अंडरपास पुल निर्माण किया जाए क्योंकि यहां चार गांव का मुख्य पहुच मार्ग रास्ता है। सबसे ज्यादा परेशानी किसानों की बढेगी, क्योंकि सेलानी बायपास नेशनल हाईवे को ग्राम चंदनपुरी घोरबेडा, उटावद, सांगवी. डेडगॉव आदि गावो के लिये अंडर बायपास रोड़ निर्माण कार्य की मांग कर सांसद गजेंद्र पटेल विधायक सचिन यादव कलेक्टर सहित एसडीएम को ज्ञापन सोकर मांग रख चुके हैं अभी तक इसे लेकर कोई हलचल होती है नजर नहीं आ रही जबकि सड़क निर्माण कार्य तेज गति से जारी है अंडरपास के कारण किसानों की बेल गाड़ी एवं आने जाने वाले वाहन चालक आपस में दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है। अंडरपास निर्माण कार्य किया जाए तो यहां भविष्य में संभावित दुर्घटनाओ को रोका जा सकता है।

**ग्राम चंदनपुरी, सेलानी, घोरबैडा, उटावद, डेडगाँव, कालीकराय किसान एवं ग्रामीणजनो ने ज्ञापन सौंपा :** 347सी नेशनल हाईवे रोड सैलानी बायपास का निर्माण होना है जिसमे सेलानी पेट्रोल पम्प से रोड़ बायपास बनकर सेलानी से बाहर नाले के पास से होते हुए खरगोन कसरावद रोड पर मिल रहा है। उक्त बायपास बनने से सेलानी गाँव से चंदनपुरी एवं अंदर के अन्य गाँवों में जाने हेतु एक मात्र रास्ता चदनपुरी का है जिस पर रोड़ की उचाई याने कि घाटी पहले से 50 फीट हाईट की है तथा इसके उपर से रोड की 3 मीटर और उचाई उठ रही हैं। जिससे की किसानों एवं ग्रामीणजनो को आने-जाने एवं फसल ले जाने में भारी असुविधा परेशानी का सामना करना पड़ेगा। हाईट ज्यादा होने से दुर्घटनाओ का अंदेशा बना रहेगा चुकि उक्त घाटी पर पहले से ही दुर्घटना होती आई है।

माग है कि चंदनपुरी वाले रोड से घाट के उपर और रोड न उठाते हुए घाट में सुरंग कर (अंडर पास) पुलिया निर्माण किया जावे जिससे की हमें आने जाने में सुविधा हो। सेलानी से चंदनपुरी अदर पड़ता है तथा यह अन्य भावों में जाने का एक मात्र रास्ता है इसके अलावा अन्य रास्ता नहीं है।

### नगर परिषद सब्जी मंडी व सलाईटर हाऊस मे पक्की दुकानों कि बैठक निर्माण



विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** नगर परिषद द्वारा सब्जी मंडी व सलाईटर हाऊस मे दुकानदारो को पक्के बैठक स्थल निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। पिछले लंबे समय से दुकानदारों द्वारा निर्माण कार्य करने की मांग की जाती रही है। नगर परिषद में इसके निर्माण के प्रति ध्यान देते हुए कार्य प्रारंभ किया है। बारिश के दौरान कीचड़ की समस्या से दुकानदार परेशान रहते थे। पक्के स्थाई बैठक व्यवस्था दुकानदारों को राहत मिलेगी।

नगर परिषद अध्यक्ष विमल राजेंद्र सिंह यादव ने बताया सब्जी मंडी स्थित दुकानों में पक्के स्थाई रूप से बैठक व्यवस्था निर्माण कराई जा रही है। इसी तरह से स्लाईड हाउस पर भी ओटले दुकानदारों की बैठक व्यवस्था तैयार की जा रही है। इसके लिए टेंडर हो चुके हैं। काम भी प्रारंभ कर दिया गया है। दुकानदारों ने बताया कि उचित बैठक व्यवस्था होगी तो दुकाने संचालित करने मे आसान सुविधा रहेगी। सभी दुकाने एक क्रम में लगेगी तो यहां पहुंचने वाले व्यापारी एवं दुकानदारों को भी राहत मिलेगी लंबे समय से दुकानदार दुकानों निर्माण के लिए राह देख रहे थे। सब्जी मंडी एवं स्वेटर हाउस में इसके निर्माण से साफ-सफाई में भी दुकानदारों को राहत मिलेगी।

### शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन होगा, शाली टांडा शक्ति पीठ का वार्षिक उत्सव मनेगा

# दीक्षा संस्कार में आदिवासी अंचल से सैकड़ों व्यक्ति भागीदारी करेंगे





विनय उजाला

**सेंधवा, निप्र।** बलवाड़ी ग्राम में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्ग दर्शन में 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ, संस्कार उत्सव का आयोजन 13 से 16 अप्रेल में होगा ।आयोजन में वरला तहसील के प्रबुद्धजन जिले के जन प्रतिनिधि,अधिकारी और व्यापारी,परिजन उपस्थित होगे। गायत्री शक्ति पीठ साली टांडा व्यवस्थापक नरेंद्र डावर ने बताया की संत निषाद राज डेमनिया बाबा द्वारा समाज उत्थान के में किए गए संकल्प को पूरा करने में भाईयो की टोली निरंतर प्रयास में लगी है ।बाबा ने संकल्प लिया था की प्रति वर्ष गायत्री हवन के माध्यम से समाज के भाई बहन युवा जुड़ कर नशीले पदार्थ,क्रोध, झगड़े की प्रवृति को त्यागे और अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाए,सतत प्रयास से हजारों आदिवासी अंचल में आज बहुत कुछ सुधार हुआ है। और उन्ही के द्वारा बताए मार्ग पर हमारी टीम आगे बड़ रही है। इसी क्रम में बलवाड़ी ग्राम का चयन किया जाकर शांतिकुंज हरिद्वार से विद्वानों की टोली द्वारा चार दिवसीय शक्ति संवर्धन यज्ञीय आयोजन में गायत्री मंत्र दीक्षा, व्यसन मुक्त के संकल्प कराए जायेगे। विक्रम जमरे सेंधवा एवं वरला गायत्री आश्रम के दयाराम जाधव के नेतृत्व में 70 ग्राम के समाज बंधुओ द्वारा 4 ग्रामों से कलश यात्रा निकालकर पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के सद्ज्ञान को प्रसारित करेगे ।शांतिकुंज प्रतिनिधि मध्यप्रदेश जोन प्रभारी जगदीश कुलमी,भोपाल जोन समन्वयक राजेश पटेल ने हर्ष व्यक्त करते हुए संदेश दिया है की निमाड़ की धरती पर वनवासी अंचल में हजारों आदिवासी भाई बहन गायत्री मंत्र दीक्षा और व्यसन त्यागने के संकल्प लेकर अपने समाज की सही दिशा में ले जाने का श्रेष्ठ कार्य करेगे ।भव्य आयोजन को लेकर जिला समन्वयक महेंद्र भावसार की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं की दायित्व गोष्ठी संपन्न हुई जिसमे मुख्य समितियां बना कर दायित्व सौंपे गए मंच व्यवस्था समिति विकाश पालीवाल, दयाराम जाधव। मनोज मंडलोई, राधेश्याम कनखरे अर्थ संग्रह समिति ।पंजीयन स्वागत समिति शंकर कोठारी,राजेंद्र जैन ।भोजन व्यवस्था संजय भावसार,दीपक भाई,पवन नवाल ।पार्किंग एवं आवास समिति शीला अहिरे,राधेश्याम शंकर। सुरक्षा माइक टेंट परसराम चौहान,विनोद बविस्कर यज्ञ शाला समिति मनोज पालीवाल, विजय पाटिल,रमेश माली। सांस्कृतिक आयोजन बापू पाटिल,योगेश सेलकर। शांतिकुंज टोली आवास व्यवस्था कृष्णा कोठरी, जीतू गांधी। साज सज्जा समिति मंगला ऐसी,कविता पाटिल ।जल प्रबंधन समिति गुलजार परमार, जेनू डावर। अतिथि स्वागत नंदलाल ठाकरे,शंकर कोठारी। मिडिया प्रभार राजेश पालीवाल,ओंकार राठौड़ को बनाया ।अन्य समीतियो के प्रभारी नियुक्त किए गए जिसमे अजय राठौड़,चीकू माली,राजा जाधव, अक्षय व्यास,सुरेश खेरनार,गणेश सोनी,संजय भुगवाडे,गोपाल पालीवाल,मुरली पाटिल,अभय बियानी को दायित्व सौपा गया। आयोजन स्थल कृषि उपज मंडी प्रांगण बलवाड़ी में तैयारिया जोर शोर से चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर मुखी विजय हनुमान जी के स्थापना दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

**देवास, निप्र।** आशुतोष सेवा समिति नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर अनिल श्रीनगर में स्थापित उत्तर मुखी विजय हनुमान जी, बटुक भैरव जी, एवं परम्मबा राजराजेश्वरी दुर्गा जी के तृतीय स्थापना दिवस के अवसर पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त जानकारी देते समिति प्रमुख आर ए मिश्रा आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि भगवान का चोला चढ़ाकर सुन्दर आकर्षक श्रृंगार कर पोषक धारण कराई जाएगी, पंडित कमलेश चतुर्वेदी के द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ हवन कराया जाएगा। 11 अप्रैल को चौबीस घंटे का अखण्ड रामायण पाठ होगा साथ ही महिला मंडल द्वारा भजन होंगे। 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति के संरक्षक अरविन्द शर्मा, प्रवीण नन्दवार,नारायण पाटिल, अवधेश शर्मा, राहुल द्विवेदी,वैभव कर्णिक, सुनील पालकर, घनश्याम भगत,प्रमोद शर्मा आदि सदस्यों ने इस धार्मिक आयोजनों में सभी धर्म प्रेमी माता बहनों बंधुओं से उपस्थित होकर लाभ लेने का अनुरोध किया।

### दूसरों की निस्वार्थ मदद कर जीवन को आनंद मय जीयें

**खरगोन, निप्र।** भौतिक संसाधनो के लिए अनावश्यक तनाव नहीं लें, दूसरों की निस्वार्थ मदद कर जीवन को आनंद मय जीयें उक्त विचार 08 अप्रैल को मप्र राज्य आनंद संस्थान अल्पविराम कार्यक्रम प्रधान पाठक शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आनंद विभाग के सत्र के दौरान डाईट प्राचार्य श्रीमती रश्मि मेहता ने व्यक्त किए। जिला समन्वयक के.बी. मंसारे ने आनंद संस्थान का परिचय दिया। सत्र शुरूआत में स्वयं के आनंद और तनाव मुक्त जीवन जीने तथा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने के लिए विधियों से परिचित कराया। जिला समन्वयक के.बी. मंसारे ने बताया कि अल्प विराम, आनंद उत्सव, आनंद सभा, आनंदम शिविर, आनंदम केंद्र, आनंद क्लब गठन की जानकारी दी। शांत समय से स्वयं अनुभव कराया गया। मनोरंजक गतिविधियों से प्रतिभागियों ने महसूस किया कि मानव में अहं, नफरत, लालच, बुराई, जलन के भाव, भ्रष्टाचार, क्रोध से जीवन तनावमय रहता है। खुद का खुद से संपर्क करें। छोटी छोटी निस्वार्थ मदद से आनंद महसूस होता है। यही जीवन का आनंद है। इस अवसर पर रमेश चंद्र त्रिवेदी, श्रद्धा पंडित, अजय पारीख, रमेश चक्रवर्ती का सहयोग रहा।

### सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**खरगोन, निप्र।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर श्री अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में 08 अप्रैल को एडीआर सेंटर मण्डलेश्वर के सभाकक्ष में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मण्डलेश्वर के पैरालीगल वालेन्टियर उपस्थित हुए। जबकि बड़वाह, सनावद, भीकनगांव, खरगोन, कसरावद एवं महेश्वर के पैरालीगल वालेन्टियर वर्चुअल रूप से जुड़े रहे। शिविर को संबोधित करते हुए न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर सुश्री प्रीति जैन ने पैरालीगल वालेन्टियर्स आमजन की समस्याओं को हल करने में अपनी भूमिका सक्रियता से निभाते है। सुश्री जैन ने कहा कि पैरालीगल वालेन्टियर को संबंधित क्षेत्र में कार्य करते है तथा आम जन से व्यक्तिगत रूप से जुडे होते है।

## देवास शहर में गहराया जलसंकट

# अब टैंकरों से होगा जलवितरण

### विधायक पवार ने नगर निगम पहुंचकर अधिकारियों से चर्चा की, सात दिन में नलों से आने लगेगा पानी





विनय उजाला

**देवास, निप्र।** शहर में जलसंकट गहरा गया हैं, नलों में पानी नहीं आने से लोग परेशान हो गए हैं। शिप्रा जल आवर्धन योजना आने के बाद ये पहली बार है कि शहर में जलसंकट गहरा गया हैं। घरो-घर नल तो लगे हैं लेकिन उनमें पानी नहीं आ रहा। इस बार जलसंकट में जो दृश्य बन रहे हैं, वे पुराने दौर की याद ताजा कर रहे हैं, जब लोग एक-एक ड्रम पानी के लिए भटकते रहते थे। वार्ड-वार्ड पानी के लिए लोग अब जुगाड बैठा रहे हैं। नगर निगम अब तक अस्थायी हल भी नहीं निकाल सका।

मंगलवार को पानी नहीं मिलने से नाराज महिलाएं कांग्रेसी पार्षद के साथ नगर निगम पहुंची और विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने नगर निगम के गेट पर धरना दिया। विरोधस्वरूप महिलाएं खाली बर्तन लेकर पहुंची थी। पानी के लिए आवास नगर की महिलाएं भी सडक पर उतरी थी। महिलाओं ने सडक पर जाम लगा दिया था।

गहराते जलसंकट के बीच मंगलवार को विधायक गायत्रीराजे पवार नगर निगम पहुंची और अधिकारियों के साथ चर्चा की। विधायक ने सात दिन में फिर से नलों से पानी मिलने की बात कही हैं। जब तक वार्डों में पानी के टैंकर भेजे जाएंगे।

## पोषण पखवाड़ा अंतर्गत दिलाई गई शपथ



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** देवास दक्षिण परियोजना अधिकारी समीक्षा जैन के आदेश तथा बालगढ़ सेक्टर सुपरवाइजर वंदना खरे के मार्गदर्शन में 8 से 22 अप्रैल तक सामूहिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान का क्रियान्वयन करते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जीवन के प्रथम एक हजार दिवस केंद्रित गतिविधियां करवाई गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, प्रभात फेरी, रैली के माध्यम से प्रचार प्रसार कर के लोगों को जागरूक करते हुए शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर वार्ड 44 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रानी सिंह, ममता सोनी, सोना वर्मा, बबीता परमार, सहायिका आशा सिसोदिया, शाहिदा शेख के साथ साथ क्षेत्र की गर्भवती महिलाएं तथा बच्चे उपस्थित रहे।

#### पुलिस को देख भागने लगा

## आखिरकार पीपलरावां थाने की पुलिस ने पकड लिया ट्रैक्टर चोर



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** थाना पीपलरावां पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पिछले साल 12 मार्च 24 को फरियादी प्रेमपाल पिता शिवनाथ सिंह निवासी ग्राम मलकपुर डिगली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि आयशर ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 41 एमएबी जो कि सिल्वर रंग का है, जिसकी कीमत लगभग 3 लाख रुपए है का अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया हैं। रिपोर्ट पर से थाना पीपलरावां में धारा 303(2) बीएनएस 2023 का पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी पीपलरावां विजेन्द्र सोलंकी के नेतृत्व विशेष टीम गठित की गई। विशेष टीम के द्वारा मुखबिर द्वारा बताए स्थान गोपेश्वर घाटी पहुंचे जहां उक्त ट्रैक्टर के साथ एक व्यक्ति दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे नरसली भूतिया खुर्द रोड की ओर पीछा कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम राजन उर्फ राजेश पिता सिध्दू सिंह गुर्जर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम छापरिया थाना सुन्दरसी जिला शाजापुर का होना बताया। आरोपी द्वारा पूछताछ में ट्रैक्टर चोरी करना स्वीकार किया गया तथा उसके कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर जब्त किया गया।

# छात्राओं ने जाना बारिश के पानी का मोल, अब नहीं होने देंगी अपव्यय

### जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत छात्राओं ने ली पानी बचाने की शपथ



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** प्रदेश में चलाए जा रहे जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अमृत संचय अभियान की टीम ने छात्राओं को बारिश का पानी सहेजने और बूंद-बूंद पानी बचाने के लिए प्रेरित किया।

अमृत संचय अभियान टीम के मनीष वैद्य तथा साथियों ने चिमनाबाई हायर सेकंडरी स्कूल में छात्राओं को बारिश के पानी का महत्त्व बताया। श्री वैद्य ने कहा कि बारिश का पानी अनमोल है, इसे बचाने की हरसंभव कोशिश की जानी चाहिए। हम सबको देवास शहर को जलसंकट से बचाने के लिए इस अभियान में जुटकर काम करना होगा। छात्राओं ने शपथ लेकर संकल्प किया कि वे अपने जीवन में व्यर्थ बहने बाले पानी को रोकने और बारिश के पानी को सहेजने के कामों में सक्रिय भूमिका निभाएंगी और अपने परिवार जनों तथा अन्य लोगों को समय-समय पर प्रेरित करेंगी।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य ऋतु व्यास, गतिविधि प्रभारी संजय जोशी तथा नीलम दुबे सहित कई शिक्षक और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**तालाबों, नदियों, नालों की जा रही साफ-सफाई :** जल गंगा सवंर्धन अभियान को 30 मार्च से प्रारंभ किया है जो कि 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। देवास जिले में आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान सतत चलेगा। इसी क्रम में जिले के बागली विकासखंड की ग्राम पंचायत बरखेड़ा सोमा में स्टॉप डैम की मरम्मत का कार्य जनसहभागिता से किया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के तालाबों, नदियों, नालों, कुएं बावड़ियों सहित अन्य जल संरचनाओं की साफ-सफाई की जा रही है। इसके साथ ही इनके गहरीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। अभियान में पौधरोपण और रोपे गये पौधों के स्थल की साफ- सफाई की जा रही है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने नागरिकों की सुनी समस्याएं

### अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

**प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए :** जनसुनवाई में आवेदक कमल बामनिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए।

**पेंशन चालू कराई जाए :** जनसुनवाई में आवेदिका नर्मदा कुशवंशी पति नरेन्द्र कुशवंशी निवासी देवास ने सेवानिवृत्त होने पर अभी तक पेंशन नहीं चालू होने पर पेंशन चालू कराने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए।

**कृषि भूमि से पानी निकासी की व्यवस्था की जाए :** जनसुनवाई में आवेदक बाबुपुरी पिता सेवापुरी गोस्वामी निवासी पीपलियाखुर्द ने कृषि भूमि से पानी निकासी की व्यवस्था करने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिये।

**ये आवेदन भी हुए प्राप्त :** जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना, जमीन के सीमाकंन, बिजली बिल कम कराने, नामाकंन, बंटवारा, रास्ते पर से अतिक्रमण हटवाने, नालियों की साफ-सफाई करने सहित अन्य आवेदन पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

## एडवोकेट अविनाश उपाध्याय बने अभिभाषक संघ के अध्यक्ष

### अभिभाषक संघ के चुनावों में भारी उलटफेर ऐतिहासिक जीत की मिल रही बधाइयां



विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** अभिभाषक संघ पेटलावद के अध्यक्ष पद पर सोमवार 07 अप्रेल को मतदान समपन्न हुए। इस चुनावी प्रकिया में इस बार बड़ा उपलटफेर देखने को मिला और निर्वाचन में अब तक सर्वाधिक समय तक अध्यक्ष पद पर पदासीन रहे वरिष्ठ एडवोकेट ओर वरीष्ट राजनीतिज्ञ विनोद पुरोहित एडवोकेट पहली बार चुनाव में भाग्य आजमा रहे अविनाश उपाध्याय एडवोकेट से 06 मतों से पराजीत हो गए।

**हुआ निर्णायक मतदान :** उल्लेखनीय है कि पेटलावद संघ में 50 अधिवक्ता स्टेट बार से पंजिकृत होकर मतदाता है जिनमे से 46 मतदाताओं ने मतदान किया। दोपहर 04 बजे हुई मतगणना मे एडवोकेट विनोद पुरोहित को 20 तो एडवोकेट अविनाश उपाध्ययाय को 26 बोट मिले। मतगणना उपरांत चुनाव अधिकारी जितेंद्र जायसवाल ,रूपम पटवा ,ईश्वरलाल परमार ने विजेता एडवोकेट अविनाश उपाध्याय को प्रमाण पत्र प्रदान किया ।

**ऐतिहासिक जीत का श्रेय दिया टिंम को ,बाबा बजरंगी का लिया आशीर्वाद :** चुनाव परिणाम आने के बाद परिसर में जबरजस्त जश्न का माहौल बना सभी ने विजेता उपाध्ययाय जी को पुष्पहार पहनाकर मिठाई खिलाई ओर गुलाल लगाकर स्वागत किया। अविनाश जी के विजय होने पर न्यायाधीशगण, कर्मचारियों और अधिवक्ताओ ने शुभकामनाएं देते हुए बंधाई दी। वही नवीन अध्यक्ष श्रो अविनाश उपाध्याय ने सर्वप्रथम श्री खोरिया हनुमानजी मन्दिर पर जाकर बाबा बजरंगबली का आशीर्वाद लिया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर देवास में विश्व स्वास्थ दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र ने उपस्थित न्यायाधीशगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए व्यायाम करने, पौष्टिक भोजन करने एवं साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए जागरूक किया।

शिविर में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय देवास वंदना जैन देवास, विशेष न्यायाधीश देवास सुमन श्रीवास्वत, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश देवास विकास शर्मा, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश देवास उमाशंकर अग्रवाल, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश देवास आदेश कुमार जैन, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश देवास अभिषेक गौर, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश देवास प्रसन्न सिंह बहरावत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव सहित अन्य न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सुभाष चैधरी एवं जिला अभिभाषक संघ देवास के सचिव श्री अतुल पंड्या, अधिवक्तागण, शासकीय अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग ऑफिसर, न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों की जा रही है साफ-सफाई

विनय उजाला

खरगोन, निप्र। नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र द्वारा प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में जल स्त्रोतों नदी, तालाबों, कुंआ, बावडी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं जनभागीदारी अतर्गत जल संरचनाओं के उन्नयन एवं पुनरूद्वार के कार्य किये जा रहे है। जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत खरगोन शहर में समाजिक संस्थाओं एवं जनसहयोग से गणेश मंदिर के सामने कुन्दा नदी की साफ-सफाई का कार्य किया गया। साथ ही निकाय क्षेत्र में स्थित कुएं, बावड़ी की साफ-सफाई का कार्य प्रचलित है। नागरिकों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए निकाय द्वारा मुख्य चौराहों पर एवं पार्षदों की मांग पर पेयजल प्याऊ लगाये जा रहे है। शहरी क्षेत्रों में स्थित खराब बाग बगिचों को चिन्हांकित कर हरित विकास कार्य कराये जाने का कार्य प्रचलित है। निकाय क्षेत्र अंतर्गत विद्यमान रिहाईसी, खुले क्षेत्र, पार्कों मे रैन वाटर एवं ग्राउण्ड वाटर हार्वेस्टिंग पुनः चालू करने तथा लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### गोपियों के अपार प्रेम को देख श्रीकृष्ण ने उन्हें ईश्वरीय भक्ति का साक्षात दर्शन कराने के लिए महारास किया

# आत्मा और परमात्मा का मिलन ही महारास है



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** श्रीकृष्ण की लीला से बृज गोपियों सहित समस्त बृजवासी, पशु पक्षी, प्रकृति और गायों का बढ़ता आपार प्रेम ओर कृष्ण मय होने की लालसा को देख श्रीकृष्ण ने योगमाया राधारानी को कहा कि गोपियों के प्रेम काम देव का प्रभाव को देख कर तुम्हे मेरे स्वरूप में समाहित होना पड़ेगा। गोपियों के इस अपार प्रेम को देख कर श्रीकृष्ण ने उन्हें ईश्वरीय भक्ति का साक्षात दर्शन कराने के लिए महारस किया जिसमें बृज की गोपियों को जाता देख देवलोक की दैवियां जाने लगी। पार्वती जी को महारास में जाता देख भगवान शिव भी महारास जाने लगे जबकि इस रास लीला में किसी पुरुष और देवता का वर्जित था। किंतु शंकर जी स्वयं गोपी बनकर रासलीला में शामिल होने गए। महारास में जागेश्वर ने योगेश्वर के महारास किया वो महा रास जिसमें जितनी गोपी उतने कृष्ण थे। हर गोपी के साथ परम ब्रह्म ने अदभुत रास किया। वृंदावन के निधि वन में हुआ यह महारास श्रृष्टि में आत्मा और परमात्मा के मिलन था महारास। कहा जाता कि आज भी वृंदावन के निधि वन रात्रि को कोई भी प्राणी नहीं जाता है। इस रास की मधुर गूंज तस्वियों के कानों तक पहुंचती है। जिसके अनेक प्रमाण विद्यमान है। यह विचार कैला देवी मंदिर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर श्रीकृष्ण की लीला का लीलामय वर्णन करते हुए बृजरत्न वंदना श्री ने कहे। कथा प्रसंग में अक्रूर जी मथुरा से श्रीकृष्ण को लेने आए माता यशोदा के अपने लाला से विरह का करुण रस के साथ वर्णन गोपियों का रुदन का चित्रण किया। कलाकारों का अभिनय देख कर श्रोता भाव विभोर हो गए। प्रसंग में कृष्ण द्वारा मथुरा में कंस वध का वर्णन किया। व्यास पीठ की पूजा अनामिका गर्ग, श्रीमती ज्योति अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल नंदुरबार , जानवी अग्रवाल, जेयस गर्ग, प्राची गर्ग ने की। आरती में राष्ट्रीय कवि वेदव्रत बाजपेई लखनव, सुरेंद्र यादवेंद्र बारां राजस्थान, राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास, ठाकुर मनोहर सिंह,गोविन्द अग्रवाल, हुकमचंद अग्रवाल सोनकच्छ, मोहन श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे । बड़ी संख्या में महिला पुरुषों ने कथा श्रवण की।

# कोलकाता घर में लगातार दूसरा मैच हारी पूरन-मार्श के बाद गेंदबाजों ने काटा गदर

## लखनऊ ने केकेआर को रोमांचक मुकाबले में 4 रन से हराया

नई दिल्ली, (एजेंसी)

**लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स पर 4 रन की रोमांचक जीत हासिल की है। यह कोलकाता की उसके घरेलू मैदान पर लगातार दूसरी जीत है। टीम को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 7 विकेट से हराया था।**

मंगलवार को ईडन गार्डन्स स्टेडियम में 239 रन का टारगेट चेज कर रही कोलकाता की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 234 रन ही बना सकी। रिंकू सिंह 15 बॉल पर 38 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 61 और वेंकटेश अय्यर ने 45 रन बनाए। आकाश दीप और शार्दूल ठाकुर को 2-2 विकेट मिले। टॉस हारकर बैटिंग कर रही लखनऊ ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए। निकोलस पूरन 36 बॉल पर 87 रन बनाकर नाबाद बनाए। मिचेल मार्श ने 81 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। ऐडन मार्करम ने 47 रन बनाए। हर्षित राणा ने 2 विकेट लिए।



### लखनऊ ने खूब बरसाए रन, आईपीएल में बना डाला खास रिकॉर्ड

आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स ने केकेआर के खिलाफ जबर्दस्त बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही उसने आईपीएल का दूसरा हाइएस्ट टोटल बना डाला। लखनऊ सुपर जायंट्स का सबसे बड़ा स्कोर पांच विकेट पर 257 रन का है। यह स्कोर लखनऊ ने आईपीएल 2023 में बनाया था। तब उसके सामने पंजाब किंग्स की टीम थी। आज के मैच में लखनऊ के लिए ओपनर्स ने शानदार शुरुआत दी। एडेन मारक्रम और मिचेल मार्श की तूफानी बल्लेबाजी के बाद निकोलस पूरन ने भी अपना दम दिखाया। इसकी बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 20 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर 238 रन बनाए। यह केकेआर के खिलाफ दूसरा हाइएस्ट टीम टोटल है।

### दो बार जुर्माने के बावजूद नहीं सुधरे राठी

लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर दिग्वेश राठी आईपीएल 2025 में अपनी शानदार गेंदबाजी के साथ-साथ नोटबुक सेलिब्रेशन के कारण भी चर्चा का विषय बने हुए हैं। राठी दो बार जश्न मनाने के तरीके की वजह से जुर्माना झेल चुके हैं लेकिन वह फिर भी नहीं सुधर रहे। उन्होंने मंगलवार को अपने आइडल सुनील नरेन को भी नहीं बख्शा। उन्होंने केकेआर के खिलाफ भी नोटबुक सेलिब्रेशन किया। हालांकि, राठी ने इस बार नए अंदाज में जश्न मनाया, जो तेजी से वायरल हो रहा। उन्होंने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में नरेन की पारी का 30 रनों पर अंत किया। राठी वेस्टइंडीज के धाकड़ स्पिन ऑलराउंडर नरेन के बहुत बड़े फैन हैं।

# आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार पर स्लो ओवर रेट के कारण लगा जुर्माना

नई दिल्ली, (हि.स.)

**इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के 21वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत आरसीबी का इस सीजन का पहला अपराध था।**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार आरसीबी की कप्तानी कर रहे रजत पाटीदार ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई है। उनके नेतृत्व में टीम ने अपने पहले चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की है। खास बात यह है कि ये जीतें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस (एमआई) जैसी दिग्गज टीमों के खिलाफ रही हैं, वो भी उनकी होम ग्राउंड पर।



कप्तान के तौर पर ही नहीं, रजत पाटीदार ने बतौर बल्लेबाज़ भी शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक 4 मैचों में 161 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका आक्रामक और रणनीतिक खेल आरसीबी की बैटिंग लाइनअप को स्थिरता दे रहा है।

हालांकि सीज़न अभी लंबा है और आगे कई चुनौतियां होंगी, लेकिन रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी की शुरुआत उम्मीदों से भरी रही है।

**IPL आज के मैच**

गुजरात टाइटन VS राजस्थान रॉयल्स

स्थान : अहमदाबाद समय : शाम 7.30 बजे

# टेस्ट सीरीज़ के लिए ज़िम्बाब्वे टीम में विलियम्स और क्रेग एर्विन की वापसी

नई दिल्ली, (हि.स.)

ज़िम्बाब्वे ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ के लिए सोमवार को अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें अनुभवी खिलाड़ी सीन विलियम्स और कप्तान क्रेग एर्विन की वापसी हुई है। दोनों खिलाड़ी फरवरी में आयरलैंड के खिलाफ खेले गए पिछले टेस्ट मुकाबले से बाहर रहे थे। विलियम्स पीठ की चोट के कारण नहीं खेल पाए थे, जबकि एर्विन व्यक्तिगत कारणों से अंतिम समय पर हट गए थे।

ज़िम्बाब्वे ने टीम में तीन बदलाव किए हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ तफाद्ज़वा त्सिगा की दो साल बाद टीम में वापसी हुई है। उन्होंने अपना डेब्यू वेस्टइंडीज़ के खिलाफ किया था। उन्हें जॉयलॉर्ड गुम्बी की जगह शामिल किया गया है।

वेलिंगटन मसाकाड्ज़ा की भी टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने अब तक तीन टेस्ट खेले हैं और आखिरी बार वेस्टइंडीज़ दौरे पर नजर आए थे। उन्हें न्यूमैन न्यामहुरी की जगह टीम में लिया गया है।

शीर्ष क्रम के बल्लेबाज़ तकुजवानाशे काइटानो को इस सीरीज़ के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। उनकी जगह वेस्ली मदेवेरे को स्क्वॉड में बरकरार रखा गया है। गौरतलब है कि एर्विन की अनुपस्थिति में मदेवेरे को आयरलैंड टेस्ट में आखिरी वक्त पर टीम में शामिल किया गया था।

# विराट कोहली टी20 में 13,000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज़ बने

नई दिल्ली, (हि.स.)

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) में सोमवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए एक अहम मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज़ विराट कोहली ने एक और ऐतिहासिक मुकाम हासिल कर लिया। सोमवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलते हुए कोहली टी20 क्रिकेट में 13,000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज़ बन गए हैं।



### औसत और स्ट्राइक रेट में भी कोहली का जलवा...

36 वर्षीय विराट कोहली का टी20 क्रिकेट में औसत करीब 42 का है और उनका स्ट्राइक रेट 134 का है। उन्होंने अब तक 9 शतक और 98 अर्धशतक जड़े हैं, जो इस फॉर्मेट में किसी भी बल्लेबाज़ की निरंतरता का प्रमाण है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस मुकाबले से पहले विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ थे। उन्होंने अब तक 256 मैचों में 8111 रन बनाए हैं, उनका औसत 38.81 और स्ट्राइक रेट 132.01 का है।

# त्रिकोणीय वनडे सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

### हरमनप्रीत की वापसी, काश्वी गौतम को पहली बार मिला मौका



नई दिल्ली, (हि.स.)

**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी महिला त्रिकोणीय वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। यह सीरीज श्रीलंका में खेली जाएगी, जिसमें भारत, मेज़बान श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका की टीमें हिस्सा लेंगी। इस स्क्वॉड में नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की वापसी हुई है, जिन्हें आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान आराम दिया गया था।**

टीम में सबसे अहम नाम काश्वी गौतम का है, जिन्हें पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने इस साल हुई विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 विकेट झटके थे और शिखा पांडे के साथ संयुक्त रूप से भारतीय गेंदबाजों में सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। काश्वी तेज़ गेंदबाजी के साथ-साथ निचले क्रम में तेज़ बल्लेबाजी करने की क्षमता भी रखती हैं, जिससे उन्हें यह मौका मिला।

टीम से बाहर होने वालों में रेनुका सिंह ठाकुर, पूजा वस्त्रकार और तितास साधु जैसी तेज़ गेंदबाज़ शामिल हैं, जो फिलहाल चोटिल हैं। वहीं शीर्ष क्रम की बल्लेबाज़ शेफाली वर्मा को एक बार फिर चयनकर्ताओं ने नजरअंदाज किया है। टीम में दो और नए नामों को भी शामिल किया गया है। बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चारनी और शुचि उपाध्याय। शुचि को पिछले साल सीनियर विमेंस वनडे ट्रॉफी में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया था। त्रिकोणीय सीरीज की शुरुआत 27 अप्रैल को भारत बनाम श्रीलंका मुकाबले से होगी, जबकि फाइनल मुकाबला 11 मई को खेला जाएगा।

### भारतीय महिला टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काश्वी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसबनीस, श्री चारनी, शुचि उपाध्याय।

## व्यापार

# सेंसेक्स 1135 अंक चढ़कर बंद निफ्टी में शानदार तेजी

# ब्लैक मंडे के बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक


नई दिल्ली, (हि.स.)

**ग्लोबल ट्रेड वॉर की आशंका के कारण घरेलू शेयर बाजार में 3 अप्रैल से जारी गिरावट का सिलसिला मंगलवार को थम गया। सोमवार की जबरदस्त गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार ने मंगलवार को शानदार वापसी की। दिन के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी करीब 2 प्रतिशत तक उछल गए। हालांकि, बाद में मुनाफा वसूली होने की वजह से दोनों सूचकांक ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे फिसल गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.49 प्रतिशत और निफ्टी 1.69 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।**

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के बाद कंज्यूमर ड्यूरेबल, ऑयल एंड गैस, रियल्टी, पीएसयू बैंक, टेलीकॉम और मीडिया सेक्टर के शेयरों की सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह एफएमसीजी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, आईटी, मेटल, एनर्जी, टेक और हेल्थकेयर इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.18 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 7 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई।

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 396.67 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 389.25 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 7.42 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,083 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 3,092 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 872 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 119 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,572 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,201 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 371 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 29 शेयर बढ़त के साथ और सिर्फ 1 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

### एशियाई बाजार भी संभले



राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा दुनिया के कई देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद सोमवार को अमेरिका समेत दुनियाभर के शेयर बाजारों में गिरावट आई। अमेरिकी शेयर बाजार भी धड़ाम हुआ। वहीं मंगलवार को जापान के टोक्यो में बाजार खुलने के आधे घंटे बाद निकेइ 225 बढ़त के साथ 32,819.08 अंक पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया के कोस्पी में भी 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# ट्रम्प ने मस्क के टैरिफ वापस लेने का प्रस्ताव ठुकराया



नई दिल्ली, (हि.स.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टेस्ला के सीईओ इलॉन मस्क के टैरिफ नीति को वापस लेने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक मस्क ने ट्रम्प से टैरिफ नीति में बदलाव करने की अपील की थी, लेकिन ट्रम्प ने इसे वापस लेने से मना कर दिया है।

दरअसल इलॉन मस्क, ट्रम्प से जीरो टैरिफ जोन की डिमांड कर रहे हैं। मस्क ने इटली में एक कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अमेरिका और यूरोप को जीरो टैरिफ पॉलिसी अपनानी चाहिए। उन्होंने ट्रंप की टैरिफ नीति को अव्यवहारिक बताया था। रेसिप्रोकल टैरिफ के ऐलान के बाद इलॉन मस्क की नेटवर्थ करीब 94 हजार करोड़ रुपए कम हुई है। 2025 की शुरुआत से अब तक ये 9.4 लाख करोड़ रुपए कम हुई है। मस्क की नेटवर्थ नवंबर 2024 के बाद से पहली बार 300 बिलियन डॉलर के स्तर से नीचे आई है। ट्रम्प किसी भी देश पर रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफ को नहीं रोकेंगे।

# तीन कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी से मिली मंजूरी

नई दिल्ली/मुंबई, (हि.स.)

**पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने तीन कंपनियों आय फाइनेंस, ब्लूस्टोन ज्वेलरी और लाइफस्टाइल तथा जीके एनर्जी को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने की मंजूरी दे दी है।**

सेबी ने मंगलवार को दी जानकारी में बताया कि इन कंपनियों ने पूंजी बाजार नियामक के समक्ष दिसंबर, 2024 में अपने आईपीओ की मंजूरी के लिए दस्तावेजों का मसौदा दाखिल किया था। सेबी के समक्ष दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक गुरुग्राम स्थित आय फाइनेंस लिमिटेड अपने आईपीओ के जरिए 1,450 करोड़ रुपये जुटाएगी।



आय फाइनेंस लिमिटेड के 2 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में 885 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करने और कॉर्पोरेट तथा व्यक्तिगत विक्रय शेयरधारकों द्वारा 565 करोड़ रुपये तक की बिक्री की पेशकश शामिल है। कंपनी ने सेबी के पास 16 दिसंबर, 2024 को आईपीओ के लिए कागजात दाखिल किए थे। आय फाइनेंस लिमिटेड एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जो पूरे भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को ऋण प्रदान करने पर केंद्रित है।

बेंगलुरु स्थित ब्लूस्टोन ज्वैलरी एंड लाइफस्टाइल को भी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने की मंजूरी सेबी से मिल गई है। ब्लूस्टोन ज्वेलरी और लाइफस्टाइल का 1 रुपये अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ 1,000 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों के निर्गम और शेयरधारकों द्वारा 2,39,86,883 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश का मिश्रण है।

पूंजी बाजार नियामक के पास दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक कंपनी ने 11 दिसंबर, 2024 को सेबी के पास अपने आईपीओ के कागजात दाखिल किए थे।

# पेंशन में देरी पर 8 प्रतिशत ब्याज देंगे बैंक

नई दिल्ली, (हि.स.)

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक हालिया निर्देश में रिटायर केंद्रीय और राज्य सरकार के कर्मचारियों को पेंशन बांटने के लिए जिम्मेदार सभी बैंकों को अब पेंशन भुगतान में किसी भी देरी के लिए 8 प्रतिशत प्रति वर्ष का ब्याज देना अनिवार्य है।



आरबीआई के मास्टर सर्कुलर में बढ़ोतरी इस आवश्यकता का उद्देश्य पेंशनभोगियों को उनके बकाया के देर से भुगतान के लिए क्षतिपूर्ति करना है। सर्कुलर के अनुसार, पेंशन भुगतान करने वाले बैंकों को पेंशन/बकाया राशि जमा करने में देरी के लिए पेंशनभोगी को भुगतान की नियत तिथि के बाद 8 प्रतिशत प्रति साल की निश्चित ब्याज दर पर मुआवजा देना चाहिए।

निर्देश में आगे स्पष्ट किया गया है कि यह मुआवजा पेंशनभोगियों से किसी भी दावे की आवश्यकता के बिना ऑटोमेटिक रूप से प्रदान किया जाएगा। तय पेमेंट डेट के बाद होने वाली किसी भी देरी के लिए मुआवजा 8त्न प्रति साल की निश्चित ब्याज दर पर प्रदान किया जाना चाहिए। ब्याज उसी दिन पेंशनभोगी के खाते में जमा किया जाएगा जिस दिन बैंक संशोधित पेंशन या पेंशन बकाया राशि संसाधित करेगा।

## ईपीएफओ से जुड़े कर्मचारियों के लिए खुशखबरी

# अब केवल चेहरा दिखाने से ही जनरेट हो जाएगा यूएएन नंबर

नई दिल्ली (एजेंसी)

**ईपीएफओ के तहत आने वाले कर्मचारियों के लिए सरकार ने एक और अच्छी खबर का ऐलान किया है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को बताया कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल कर्मचारी अब केवल चेहरे की पहचान कराकर ही सार्वभौमिक भविष्य निधि खाता संख्या (यूएएन) और उससे जुड़ी सेवाएं हासिल कर सकेंगे।**

केंद्रीय मंत्री ने बिहार के छह जिलों जिनमें अररिया, सहरसा, औरंगाबाद,



बांका, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज शामिल हैं, में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के तहत पूर्ण रूप से अधिसूचित करने की भी घोषणा की। इससे लगभग 24,000 अतिरिक्त लोग ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में आ सकेंगे।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, मांडविया ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने चेहरे के प्रमाणीकरण का उपयोग करके यूएएन आवंटन और उसे एक्टिवेट करने के लिए उन्नत डिजिटल सेवाएं शुरू की हैं। करोड़ों ईपीएफओ सदस्यों को संपर्क रहित, सुरक्षित और पूरी तरह से डिजिटल सेवाओं का लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अब कर्मचारी उमंग मोबाइल एप के जरिए आधार फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) का उपयोग करके सीधे यूएएन बना सकते हैं। नियोक्ता भी किसी नए कर्मचारी के आधार फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) का उपयोग करके यूएएन बनाने के लिए उमंग एप का उपयोग कर सकता है।

यूएएन जनरेट करने के लिए, कर्मचारी को उमंग एप खोलना होगा और फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए यूएएन आवंटन और एक्टिवेशन के चरणों का पालन करना होगा। आधार-आधारित सत्यापन के बाद, यूएएन जनरेट हो जाएगा और आधार डेटाबेस में दिए गए मोबाइल नंबर पर एसएमएस के जरिए इसे भेज दिया जाएगा।

### उमंग ऐप के माध्यम से आसानी से अपना यूएएन सक्रिय कर सकते हैं

यूएएन बनाने के बाद, कर्मचारी उमंग एप या सदस्य पोर्टल से यूएएन कार्ड डाउनलोड कर सकता है। नई प्रक्रिया के लाभ यह है कि इसमें आधार की 100 प्रतिशत पुष्टि होती है और उपयोगकर्ता फेस ऑथेंटिकेशन का उपयोग करता है। मंत्री ने आगे बताया कि जिन सदस्यों के पास पहले से ही यूएएन है, लेकिन उन्होंने अभी तक इसे सक्रिय नहीं किया है, वे अब उमंग ऐप के माध्यम से आसानी से अपना यूएएन सक्रिय कर सकते हैं। चेहरा प्रमाणीकरण का उपयोग करने से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, जनसांख्यिकीय या ओटीपी-आधारित प्रमाणीकरण जैसे पारंपरिक तरीकों की तुलना में उच्च स्तर की सुरक्षा मिलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश में निरंतर बढ़ रहा है सिंचाई का रकबा, मल्हारगढ़ (शिवना) दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को मंत्रिपरिषद की स्वीकृति

**भोपाल, निप्र।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रदेश में बेहतर जल प्रबंधन, जल संरक्षण एवं विभिन्न सिंचाई योजनाओं के माध्यम से सिंचाई का रकबा निरंतर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न मंत्रि-परिषद की बैठक में पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना अंतर्गत मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ (शिवना) दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना लागत राशि 2932 करोड़ 30 लाख रूपये, सैंच्य क्षेत्र 60 हजार हैक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत परियोजना से मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ तहसील के 32 ग्राम एवं मंदसौर तहसील के 115 ग्राम लाभान्वित होंगे। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत 3104 करोड़ 60 लाख रूपये है तथा इससे मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ एवं मंदसौर तहसील के 60 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई होगी एवं 147 ग्रामों के लगभग 35 हजार किसान परिवार लाभान्वित होंगे। परियोजना अंतर्गत शिवना नदी में बैराज का निर्माण कर वर्षा ऋतु में पम्पिंग के माध्यम से जल उद्वहन कर ग्राम पीथाखेड़ी जागीर में बैलेसिंग रिजर्वायर में जल का संग्रहण कर 44 हजार 500 हेक्टेयर क्षेत्र में और गांधी सागर बांध में जल उद्वहन कर काकासाहेब गाडगिल में जल प्रवाहित करते हुए 15 हजार 500 हेक्टेयर क्षेत्र में इस प्रकार कुल 60 हजार हैक्टेयर में सिंचाई की जाएगी। परियोजना में 133.22 हैक्टेयर निजी भूमि, 42.50 हैक्टेयर वन एवं 630.28 हैक्टेयर शासकीय भूमि प्रभावित होगी। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि परियोजना के तहत बैराज, इंटेकवेल, पंप हाउस, राजिंग मैन, पाईप नेटवर्क, वितरण प्रणाली एवं स्काडा कार्य प्रस्तावित है।

# भावी पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए सहकारिता की गतिविधियां संचालित की जाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 पर बैठक

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश में सहकारिता की पहुंच बढ़ाने और सतत विकास में सहकारिता के योगदान के लिए ग्राम और वार्ड स्तर पर गतिविधियों का संचालन किया जाए। सहकारी सोसायटियों के सुदृढ़ीकरण के लिए नवाचार और सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देते हुए सहकारिता के सेट-अप में कार्पोरेट संस्कृति को विकसित करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ज्ञान पर ध्यान के मंत्र को साकार करने और विकसित भारत के लिए भावी पीढ़ी की सहकारिता का आधार तैयार करने के उद्देश्य से गतिविधियां संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव




अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय शीर्ष समिति की मंत्रालय में हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा से छूटे किसानों को चिन्हित कर उन्हें सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राजस्व, किसान कल्याण तथा एवं विकास, पशुपालन एवं डेयरी और मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग समन्वित रूप से गतिविधियां संचालित करें। पैक्स के सशक्तिकरण और उन्हें अधिक समर्थ और सक्षम बनाने के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय से कार्य किया जाए। शासकीय योजनाओं के कन्वर्जेंस में पैक्स के सदस्यों को प्राथमिकता दी जाए।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भारत सरकार की पहल पर वर्ष-2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। सहकारिताएं एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती हैं इसकी थीम है, जो वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सहकारी मॉडल की प्रभावशीलता को दर्शाती है। साथ ही यह वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को लागू करने के प्रयासों में सहकारिता के योगदान पर भी प्रकाश डालती है।

### मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर होंगे अधिकारियों कर्मचारियों के प्रमोशन

भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों की पदोन्नति शीघ्र होगी। इस बारे में राज्य शासन द्वारा शीघ्र ही महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के लगभग 4 लाख अधिकारी-कर्मचारी इस निर्णय से लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपने सेवा काल में कई वर्ष से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे अनेक अधिकारी-कर्मचारी सेवा निवृत भी हो गए। गत 8 वर्ष से पदोन्नति की रुकावट चली आ रही थी, जो अब समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि पदोन्नति से संबंध में मुख्यमंत्री स्तर से 12 से अधिक बैठकों में विचार-विमर्श किया गया। मंत्रीगण से भी चर्चा की गई और पदोन्नति का रास्ता राज्य शासन द्वारा तलाशा गया है। राज्य शासन ने अनुभव किया की पदोन्नति का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शीघ्र ही मंत्रि-परिषद की बैठक में इस संबंध में निर्णय होगा। सुखद समाचार सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शीघ्र प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश शासन द्वारा अधिकारी- कर्मचारियों के हित में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त शासकीय सेवकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## 50 प्रतिशत से कम रिजल्ट देने वाले प्राचार्य और शिक्षकों को करें स्थानांतरित : मंत्री विजय शाह

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह ने कहा है कि कम रिजल्ट देने वाले शिक्षकों के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बच्चों के परीक्षा में प्राप्तांकों का प्रतिशत यदि 50 प्रतिशत से कम रहता है तो ऐसे प्रिंसिपल और ऐसे शिक्षकों को उस विद्यालय में रहने का कोई अधिकारी नहीं है उनका स्थानांतरण तुरंत किया जाए। बच्चों के भविष्य के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता।**

मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि अधिकारियों को मोटीवेशनल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि आपको शत प्रतिशत परिणाम चाहिए तो संवेदनशीलता के साथ सकारामक सोच भी रखना होगी।मंत्री डॉ. शाह जनजातिय विभाग के दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यक्रम के समापन अवसर पर अधिकारियों के साथ अपने अनुभव साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा विभाग एक परिवार की तरह हैं, जिस तरह परिवार में माता-पिता मुखिया होते हैं। आयुक्त श्रीमन शुक्ल ने अपनी कार्य कुशलता और तत्परता से विभाग को एक नई दिशा दी है।

मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जिले में पदस्थ अधिकारी अपने जिलों में स्थित छात्रावासों में बच्चों के साथ रात्रि-विश्राम करें। आप चाहते हैं कि छात्रावासों की दशा में व्यवस्थाओं में सुधार हो तो आपको 15 दिन में एक रात छात्रावासों में बच्चों के साथ रूकना होगा। जब आप बिस्तर पर सोयेंगे तो बिस्तरों की हालत सुधरेगी। उनके साथ खाना खायें। आपको भी मालूम होना चाहिए कि वे किस प्रकार का भोजन कर रहे हैं। उनके रहने के कमरे, बाथरूम आदि में अपने आप सुधार आएगा। बच्चों के साथ वक्त बितायेंगे तो वे अपने मन की बात आपसे कह सकेंगे।

### अब कहेंगे जय हिन्द मैडम

मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि स्कूलों में उपस्थिति के समय जब टीचर बच्चों का नाम पुकारते हैं तो बच्चे प्रतिउत्तर में यस मैडम या यस सर नहीं कहेंगे। अपना नाम सुनने पर उपस्थिति दर्ज कराने के लिए वे जय हिन्द सर अथवा जय हिन्द मैडम कहेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी 11 अप्रैल को अशोक नगर जिले के आनंदपुर धाम आएंगे

### नई दिल्ली में 12-13-14 अप्रैल को होगी सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को अशोकनगर जिले की ईसागढ़ तहसील स्थित श्री आनंदपुर धाम पधार रहे हैं। केंद्रीय गृह तथा सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह का भोपाल में 13 अप्रैल को और 17 अप्रैल को नीमच में आगमन हो रहा है। उनकी उपस्थिति में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और दुग्ध संघ के बीच रवीन्द्र भवन में अनुबंध पर हस्ताक्षर होंगे, साथ ही प्रदेश में जारी सहकारिता गतिविधियों की समीक्षा भी की जाएगी। इसी प्रकार 17 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह का नीमच दौरा भी प्रस्तावित है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी धार जिले के बदनावर से 10 अप्रैल को प्रदेश की विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमि-पूजन करेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 12-13-14 अप्रैल को दिल्ली के लाल किला प्रांगण में आयोजित विक्रमोत्सव के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्रि-परिषद के साथी इस कार्यक्रम में सहभागिता कर आयोजन की गरिमा बढ़ाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मंदसौर, दमोह, मुरैना और नरसिंहपुर में इस वर्ष एग्रोविजन का आयोजन किया जाएगा। इसमें कृषि, कृषि अभियांत्रिकी, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण, कृषि विश्वविद्यालय, दुग्ध महासंघ, सहकारिता, पशुपालन और पंचयत एवं ग्रामीण विभाग सहभागिता करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को उनके उपार्जन का सही दाम दिलवाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। चना, मसूर, सरसों, तुअर और गेहूं का उपार्जन आरंभ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य व बोनस मिलाकर 2600 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं उपार्जित किया जा रहा है। अब तक 21.36 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हो चुका है और 2 लाख 49 हजार किसानों को 4 हजार 12 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। गेहूं का उपार्जन 5 मई तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मसूर, सरसों, तुअर उपार्जन के लिए जारी गतिविधियों की भी जानकारी दी।

### राष्ट्रीय राजमार्ग स्वीकृत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्रालय द्वारा प्रदेश को 4 हजार 303 करोड़ से अधिक की सौगातें मिली हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के अंतर्गत 4 कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें 1227 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला 28.5 किलोमीटर लंबा ग्वालियर पश्चिमी बायपास, 1426 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला संदलपुर-नसरूल्लागंज बायपास, 330 करोड़ रुपए लागत का राहतगढ़ बरखेड़ी बायपास और 688 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला सागर बायपास शामिल है।

## 2 लाख 47 हजार 377 किसानों से 21 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूं खरीदी : राजपूत

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अभी तक 2 लाख 47 हजार 377 किसानों से 21 लाख 36 हजार मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक लगभग 4000 करोड़ रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। किसान गेहूँ उपार्जन के लिये 9 अप्रैल तक पंजीयन करा सकते हैं।



खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश में अभी तक जिला उज्जैन में 3 लाख 22 हजार 237, सीहोर में 3 लाख 46 हजार 973, देवास में 1 लाख 50 हजार 514, शाजापुर में 1 लाख 63 हजार 112, इंदौर में 1 लाख 15 हजार 427, भोपाल में 1 लाख 59 हजार 745, राजगढ़ में 1 लाख 27 हजार 499, मंदसौर 75 हजार 992, आगर मालवा में 73 हजार 77, धार में 50 हजार 443, विदिशा में 1 लाख 42 हजार 240, हरदा में 50 हजार 110, खण्डवा में 26 हजार 392, रतलाम में 36 हजार 831, नीमच में 12 हजार 869, नर्मदापुरम में 35 हजार 561, झाबुआ में 9003, रायसेन में 88 हजार 802, बैतूल में 7032, दमोह में 17 हजार 75, खरगौन में 988, गुना में 5388, सागर में 31 हजार 711, मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

## आयुक्त खाद्य शर्मा ने की सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन की समीक्षा

**भोपाल, निप्र।** हितग्राहियों को पाइप्ड नैचुरल गैस कनेक्शन देने की प्लानिंग कर इसका रोडमेप विभाग को शीघ्र प्रस्तुत करें। आयुक्त खाद्य श्री कर्मवीर शर्मा ने यह निर्देश सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की समीक्षा के दौरान दिये। प्रदेश में शहरी गैस वितरण नेटवर्क विकास एवं विस्तार नीति 2025 जारी की गई है। इन नीति के माध्यम से प्रदेश में जहां घर-घर गैस की पहुंच आसान होगी, वहीं वाहनों में स्वच्छ ईंधन भरने के लिये सीएनजी गैस स्टेशन का विस्तार होगा। नीति लागू होने से स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार होने के साथ ही पर्यावरण की रक्षा भी हो सकेगी। इस नीति से प्रदेश में बड़े पैमाने पर अधोसंरचना का निर्माण होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। शहरी गैस वितरण संस्थाओं के लिये सिंगल विंडो सिस्टम से अनुमति देने का प्रावधान किया गया है। समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में अब तक 3 लाख 17 हजार घरों में पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं।

## अल्बानिया रिपब्लिक के संसदीय चुनाव में राज्य निर्वाचन आयोग बनेगा आब्जर्वर

**भोपाल, निप्र। आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग श्री मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग को अल्बानिया रिपब्लिक के संसदीय चुनाव में ऑब्जर्वर के रूप में आमंत्रित किया गया है।**

अल्बानिया में 9 से 11 मई 2025 तक संसदीय निर्वाचन होना है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निर्वाचन में किये गये विभिन्न नवाचारों जैसे पेपरलेस बूथ आदि के सफल प्रयोग के कारण अल्बानिया के निर्वाचन आयोग ने राज्य निर्वाचन आयोग को प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया है कि यह पहला राज्य निर्वाचन आयोग है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्वाचक प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया है। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नॉलेज शेयरिंग प्लेटफार्म उपलब्ध होगा। राज्य निर्वाचन आयोग अल्बानिया के निर्वाचन संबंधी बेस्ट प्रेक्टिसेज और नवाचारों को सीखेगा।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में एम.पी. ट्रांसको ने 456 सर्किट किमी. नई हाईटेंशन लाइन का निर्माण

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने ट्रांसमिशन नेटवर्क (पारेषण प्रणाली) को सुदृढता प्रदान करते हुये सिस्टम में उल्लेखनीय विस्तार किया है।**

कंपनी ने 456 सर्किट कि.मी. की नई अतिरिक्त हाईटेंशन लाइनों का निर्माण कर उन्हें ऊर्जीकृत किया है। इससे मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की ट्रांसमिशन लाइनें बढ़कर 42 हजार 520 सर्किट कि.मी. की हो गई हैं।

इस दरम्यान स्थापित ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी (स्थापित क्षमता) में भी पर्याप्त वृद्धि हुई है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024 की समाप्ति में जहां 79815 एम.व्ही.ए. की कुल ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी (स्थापित क्षमता) थी वह अब मार्च 2025 की स्थिति में बढ़कर 81911 एम.व्ही.ए. की हो गई है। इस वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त क्षमता वृद्धि के लिए एम.पी. ट्रांसको में कुल 46 नये पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किये गए हैं। इस समय एम.पी. ट्रांसकों अपने 417 एक्स्ट्रा हाईटेंशन सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। इसमें 400 के.व्ही. के 14 सबस्टेशन, 220 के.व्ही. के 88 एवं 132 के.व्ही. के 315 सब स्टेशन क्रियाशील हैं।

## रीवा नगर जीरो अनट्रीटेड वेस्ट के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करे इसके लिए ठोस कार्ययोजना पर करें कार्य : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

### रीवा नगर में जल आपूर्ति, सीवरेज कार्यों की समीक्षा की



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर तेज गति से प्रगति कर रहा है और विस्तारित हो रहा है। रीवा शहर में म्युनिसिपल वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया जाना अत्यंत आवश्यक है।**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में रीवा शहर जीरो अनट्रीटेड वेस्ट के लक्ष्य को प्राप्त करे, इसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन प्रारंभ करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जयंत कुंज में स्थापित 12 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का संचालन शीघ्र प्रारंभ करने की दिशा में सभी आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में रीवा नगरीय क्षेत्र में संचालित सीवरेज, पेयजल आपूर्ति और अन्य विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत रीवा नगर निगम क्षेत्र में संचालित पेयजल आपूर्ति योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगरीय निकाय रीवा को आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक सहयोग तत्काल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों और उनकी गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए।

**रीवा को स्मार्ट नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में समन्वित प्रयास करें :**उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा क्षेत्र में पुनर्घत्वीकरण कार्यों की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों से अद्यतन जानकारी प्राप्त कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि रीवा नगर को आधुनिक नगरीय सुविधाओं से युक्त स्मार्ट नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में सभी विभाग समन्वित प्रयास करें। अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय कुमार शुक्ला, आयुक्त नगरीय प्रशासन श्री सिबी चक्रवर्ती, नगर निगम रीवा के आयुक्त श्री सौरभ सोनवड़े सहित नगरीय विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### देहरादून में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में शामिल हुए सामाजिक न्याय मंत्री

## म.प्र. में नशा मुक्ति, भिक्षावृति उन्मूलन के लिए प्रयास जारी : मंत्री कुशवाह

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देहरादून (उत्तराखण्ड) में दो दिवसीय भिक्षावृति, ट्रांसजेंडर व्यक्ति एवं नशा मुक्ति चिंतन शिविर में शामिल हुए। चिंतन शिविर केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। शिविर में सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के राज्यमंत्री द्वय श्री रामदास अठावले और श्री बीएल वर्मा तथा प्रदेश की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर सहित देश के अन्य प्रदेशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




मंत्री श्री कुशवाह ने चिंतन शिविर में मध्यप्रदेश में नशामुक्ति अभियान, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों तथा भिक्षावृति उन्मूलन के क्षेत्र में किये गये प्रयासों के संबंध में बताया। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि देश को भिक्षामुक्त बनाने के लिये केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, जिला प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट, शहरी स्थानीय निकाय एवं विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वित कार्यवाही कर भिक्षावृति में लिप्त व्यक्तियों का पुनर्वास कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे है इसी कड़ी में प्रदेश के 7 धार्मिक, पर्यटन एवं ऐतिहासिक शहर-भोपाल, इन्दौर, उज्जैन, जबलपुर, खण्डवा (ओंकारेश्वर), रतलाम एवं छतरपुर (खजुराहो) में स्माईल भिक्षावृति योजना प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि ट्रांसजेंडर के लिये उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019, व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) नियम 2021, बनाये जाकर 17 जून 2022 से प्रदेश में प्रभावशील है। प्रदेश में भारत सरकार के ट्रांसजेण्डर पोर्टल से 844 ट्रांसजेण्डर व्यक्तियों के परिचय पत्र, प्रमाण पत्र जारी किये गये है इन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री स्वैच्छा अनुदान, पेंशन योजना, संबल योजना एवं खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभांवित किया जा रहा है।

मंत्री श्री कुशवाह ने बताया कि नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश में नशामुक्त अभियान में 50 हजार से अधिक सामुदायिक जनजागृति कार्यक्रम (कम्युनिटी अवयरनेस प्रोग्राम), 31 से अधिक ग्रामों में एवं 20 हजार से अधिक शैक्षणिक संस्थाओं को नशामुक्त भारत अभियान से जोड़ा गया है। देश में सर्वाधिक 11 हजार 500 से अधिक वॉलिटींयर्स पंजीकृत किये गये है तथा 4 लाख 20 हजार जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की गई है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विनय मिश्रा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स, एलयूएन शेड नं.21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल से मुद्रित एवं बी-104, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, भोपाल से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा
स्थानीय संपादक- मनोहर राजपूत, मो. 9425910888, 9826022450 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.